रांची एवं डालटनगंज (मेदिनीनगर) से एक साथ प्रकाशित

पेज 12

ईश्वर में हमारा विश्वास

# राष्ट्रीय नवीन मेल

सत्यमेव जयते

ज्येष्ठ कृष्ण पक्ष 04, संवत 2081 | रांची, सोमवार, 27 मई 2024, वर्ष-25, अंक-114, पृष्ठ-12 | ₹3.00 | रजिस्ट्रेशन नं: BIHHIN/1999/155 | www.rastriyanaveenmail.com






परिवार का कुनबा बचाने के लिए लड़ रहे रामद्रोही : मोदी

संसेक्स
75,410.39 -7.65 (0.010%)

डॉलर
83.055 -0.236

रांची सर्राफा
10 ग्राम 70,930
01 किलो 96,500

## एक नजर

### हावड़ा-रांची वंदे भारत एक्सप्रेस का दस जून से समय बदला

**रांची।** रेलवे ने यात्रियों की सुविधा के लिए ट्रेन संख्या 20897 हावड़ा-रांची वंदे भारत एक्सप्रेस ट्रेन की समय सारणी में परिवर्तन किया है। 10 जून से यह ट्रेन बदले हुए टाइम टेबल से चलेगी। शेड्यूल के अनुसार हावड़ा प्रस्थान 14:35 बजे, खड़गपुर आगमन 16:08 बजे प्रस्थान 16:10 बजे, टाटानगर आगमन 17:45 बजे प्रस्थान 17:50 बजे, चांडिल आगमन 18:40 बजे प्रस्थान 18:41 बजे, पुरुलिया आगमन 19:23 बजे प्रस्थान 19:25 बजे, कोटशिला आगमन 20:04 बजे प्रस्थान 20:05 बजे, मूरी आगमन 20:25 बजे प्रस्थान 20:27 बजे एवं रांची आगमन 22:00 बजे होगा।

### चतरा में नक्सलियों ने पिता-पुत्र को मौत के घाट उतारा

**चतरा।** जिले के कुंदा थाना क्षेत्र अंतर्गत घोर नक्सल प्रभावित हिंदियाकला गांव में हथियारबंद नक्सलियों ने शनिवार की रात घेराबंदी कर पिता-पुत्र को मौत के घाट उतार दिया। इस दोहरे हत्याकांड से इलाके में सनसनी फैल गई है। बताया जाता है कि एक माह पूर्व 15 अप्रैल को पिता-पुत्र ने हथियार के साथ एक नक्सली को पुलिस के हवाले किया था। इस प्रतिशोध में नक्सलियों ने घटना को अंजाम दिया है। घटना की सूचना पुलिस को दी गई। सूचना मिलने पर भारी संख्या में सुरक्षा बलों को घटनास्थल पर रवाना कर दिया गया है। मृतक पिता-पुत्र विलुप्त प्राय बिरहोर परिवार के बताए जा रहे हैं।

### आज | कल




*भाजपा के पूर्व प्रदेश प्रवक्ता प्रवीण प्रभाकर ने चुनाव आयोग से की शीघ्र कार्रवाई की मांग* | *विस अध्यक्ष ने भाषण ही नहीं दिया, 'जेल का ताला टूटेगा, हेमंत सोरेन छूटेगा' का नारा भी लगाया*

# विस अध्यक्ष ने झामुमो प्रत्याशी के पक्ष में की चुनावी सभा, बवाल

नवीन मेल संवाददाता



**रांची ।** भाजपा के पूर्व प्रदेश प्रवक्ता प्रवीण प्रभाकर ने चुनाव आयोग से विधानसभा अध्यक्ष रवींद्र नाथ महतो के खिलाफ तत्काल कार्रवाई की मांग की है। उन्होंने झामुमो के चुनावी सभा में विधानसभा अध्यक्ष रवींद्र नाथ महतो के शामिल होने को आचार संहिता का उल्लंघन बताया है। कहा, स्पीकर सिर्फ अपना चुनाव प्रचार कर सकते हैं, लेकिन वह झामुमो प्रत्याशी के लिए सभाएं कर रहे हैं और सोशल मीडिया में भी पोस्ट कर रहे हैं। खुद को झामुमो विधायक भी बता रहे हैं, जो आदर्श आचार संहिता का उल्लंघन भी है। गौरतलब है कि दुमका लोकसभा सीट के नाला विधानसभा क्षेत्र में शनिवार को इंडिया गठबंधन की चुनावी सभा हुई थी, जिसमें पूर्व सीएम हेमंत की पत्नी कल्पना सोरेन और झामुमो प्रत्याशी नलिन सोरेन भी मंच पर थे, उसी मंच पर स्पीकर रवींद्र नाथ महतो भी मौजूद थे। इस सभा में स्पीकर ने न सिर्फ नलिन सोरेन के लिए लोगों का समर्थन मांगा बल्कि जेल का ताला टूटेगा, हेमंत सोरेन छूटेगा जैसे नारे भी लगाए। भाजपा ने इसे आदर्श आचार संहिता का उल्लंघन बताया है। इसके खिलाफ पार्टी ने चुनाव आयोग में शिकायत दर्ज कराई है।

## चुनाव भाजपा बनाम त्रस्त जनता : कल्पना

**गोड्डा ।** झामुमो नेता कल्पना सोरेन ने कहा कि लोकसभा चुनाव एनडीए बनाम आईएनडीआईए नहीं, बल्कि भाजपा बनाम त्रस्त जनता है। उन्होंने कहा कि हमलोगों ने पिछड़ों के लिए 27 प्रतिशत के आरक्षण को विधानसभा से पारित कराया लेकिन यह राजभवन में जाकर रूक जाता है। क्योंकि, बीजेपी वाले इसे झारखंड में लागू नहीं करना चाहते। कल्पना रविवार को गोड्डा से कांग्रेस उम्मीदवार प्रदीप यादव के पक्ष में आयोजित जनसभा में बोल रहीं थीं। उन्होंने कहा कि आप लोगों ने इस क्षेत्र में 15 साल एक व्यक्ति को दिया है। अब समय आ गया है कि आपके लिए हमेशा आवाज उठाने वाले को चुनें। प्रदीप यादव की दमदार आवाज विधानसभा में गूंजती है। अब इनकी आवाज आप लोगों के आशीर्वाद से संसद में गूंजेगी। कल्पना ने कहा कि हिंदुस्तान में इंडी गठबंधन की लहर चल रही है। आपका वोट ही हेमंत सोरेन को जेल से निकलेगी। चार जून के बाद जब इंडी गठबंधन की सरकार बनेगी तब हेमंत दादा आपके साथ होंगे। झारखंड में तीन चरण का चुनाव हो चुका है। इसमें जनता ने हमें आश्वस्त कर दिया है कि इंडी गठबंधन के सारे प्रत्याशी जीत रहे हैं। एक जून को तीन लोकसभा क्षेत्रों में चुनाव होना है।



## भाजपा ही आदिवासियों की हितैषी है : बाबूलाल

नवीन मेल संवाददाता

**दुमका।** भाजपा प्रदेश अध्यक्ष एवं पूर्व मुख्यमंत्री बाबूलाल मरांडी ने रविवार को दुमका लोकसभा के अंतर्गत सारठ विधानसभा के शहरजोरी, बुधनाडीह, पलमा, मोहनपुर के विभिन्न क्षेत्रों में दुमका लोकसभा की प्रत्याशी सीता सोरेन पक्ष में जनसंपर्क अभियान के तहत बैठकों को सम्बोधित किया। साथ ही, प्रदेश अध्यक्ष ने दुमका लोकसभा अंतर्गत जनसंपर्क कर माताओं-बहनों को मतदान के लिए प्रेरित किया।

मरांडी ने कहा कि भाजपा की सरकार में ही संथाली भाषा को आठवीं अनुसूची में शामिल किया गया। भाजपा आदिवासियों की हितैषी है। भाजपा ने ही द्रौपदी मुर्मू को देश के सर्वोच्च पद राष्ट्रपति बनाया है। झारखंडवासियों के मान और सम्मान को भाजपा ने रखा। अटल बिहारी वाजपेयी ने अलग झारखंड राज्य बनाया।

उन्होंने कांग्रेस को आड़े हाथों लेते हुए कहा कि वह कई दशकों तक देश के शासन में रही। वह चाहती तो अलग झारखंड राज्य बना सकती थी, लेकिन ऐसा कांग्रेस नहीं किया। इसलिए कहता हूं कि ये लोग झारखंड के विरोधी है। झारखंड मुक्ति मोर्चा उन्हीं लोगों के साथ रहती है। उन्होंने कहा कि पहले गांव तक सड़कें नहीं थी। नदी-नाला में पुल-पुलिया भी नहीं था। आने-जाने में लोगों को कितनी कठिनाईयां होती थी। और घर में बिजली भी नहीं हुआ करता था। लेकिन जब देश में नरेंद्र मोदी प्रधानमंत्री बने और झारखंड में भाजपा की सरकार बनी। उसके बाद गांव तक सड़के भी पहुंच गई। घरों तक बिजली भी पहुंच गया और नदी-नाला में पुल-पुलिया का भी निर्माण हुआ।



*कांग्रेस लंबे समय तक सत्ता में रही, लेकिन झारखंड नहीं बनाया*

# दिल्ली के बेबी केयर सेंटर में लगी आग में 7 बच्चों की मौत, पांच झुलसे

एजेंसी

**नई दिल्ली।** दिल्ली के विवेक विहार स्थित बेबी केयर न्यू बोर्न अस्पताल में शनिवार देर रात आग लगने से सात बच्चों की झुलसने से मौत हो गई थी, जबकि इस हादसे में झुलसे अन्य पांच नवजात शिशु अस्पताल में इलाजरत हैं। दमकल विभाग को रात करीब साढ़े 11 बजे आग लगने की सूचना मिली, जिसके तुरंत बाद मौके पर दमकल विभाग की 9 गाड़ियां भेजी गई। जख्मी पांच बच्चों को ईस्ट दिल्ली एडवांस्ड केयर हॉस्पिटल में भर्ती करया गया है। विवेक विहार पुलिस ने अस्पताल के मालिक डॉ. नवीन के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज की है। घटना के बाद से ही डॉ. नवीन फरार है। पुलिस जांच में सामने आया है कि अस्पताल के भूतल पर ऑक्सीजन सिलेंडर की रिफिलिंग का काम किया जा रहा था। मौके पर दर्जनों आक्सीजन सिलेंडर बरामद किए गए हैं।

**पीएम ने की मुआवजे की घोषणा:** पीएम मोदी ने दिल्ली में बच्चों के अस्पताल में लगी आग की घटना पर दुख जताते हुए मृतकों के परिजनों को दो-दो लाख और घायलों को 50-50 हजार रुपये के मुआवजे की घोषणा की है। कहा, इस अविश्वसनीय कठिन समय में उनकी संवेदनाएं शोक संतप्त परिवारों के साथ हैं।



**दर्दनाक हादसा**

### राजकोट गेम जोन हादसे में मृतकों की संख्या 28 हुई

**राजकोट।** राजकोट शहर के कालावड रोड पर टीआरपी गेम जोन में आग की घटना ने राज्य भर में हड़कंप मचा दिया है। घटना में मृतकों की संख्या 28 पहुंच गई है। अभी कई लापता हैं, जिनकी खोजबीन जारी है। अब तक गेमिंग जोन के संचालक सहित दस लोगों को गिरफ्तार किया जा चुका है। मुख्यमंत्री भूपेन्द्र पटेल के आदेश पर राज्य के गृह राज्य मंत्री राजकोट के लिए रवाना हो गए हैं। वे रात्रि 2 बजे के करीब राजकोट पहुंचेंगे। यहां वे सबसे पहले घटनास्थल, सिविल हॉस्पिटल जाने के बाद अधिकारियों के साथ मीटिंग करेंगे। राज्य सरकार ने राज्य के सभी गेमजोन की जांच करने और बिना फायर सेफ्टी परमिशन वाले गेमजोन बंद करने का आदेश दिया है। राजकोट के पुलिस आयुक्त राजू भार्गव ने बताया कि शवों की पहचान के लिए इनका तत्काल डीएनए टेस्ट कराया जा रहा है। इसके बाद परिजनों को सौंपा जाएगा। मालूम हो कि सूरत की तक्षशिला कोचिंग में करीब 5 साल पहले आग लगने से 22 लोगों की मौत हो गई थी।



*"दिल्ली के एक अस्पताल में आग लगने से अनेक बच्चों की मौत की घटना हृदय विदारक है। ईश्वर बच्चों के शोक-संतप्त माता-पिता को यह दुख सहने की शक्ति प्रदान करें। मैं इस घटना में घायल बच्चों के शीघ्र स्वस्थ होने की कामना करती हूं।"*
**द्रौपदी मुर्मू, राष्ट्रपति**



*"शिशुओं की मौत की घटना अत्यंत दुखद व हृदय विदारक है। ईश्वर से कामना है कि वो दिवंगत आत्माओं को शांति प्रदान करें और दुख की इस घड़ी में बच्चों के माता-पिता को इस अपार कष्ट को सहने की क्षमता दें। घटना में घायल होने वालों के शीघ्र स्वस्थ होने की कामना करता हूं।"*
**ओम बिड़ला, लोकसभा अध्यक्ष**



*"इस हादसे में जिन्होंने अपने मासूम बच्चों को खोया है, हम सब उनके साथ खड़े हैं। दिल्ली सरकार के अधिकारी घटना में घायल बच्चों को इलाज मुहैया कराने में लगे हैं। हादसे के कारणों की जांच की जा रही है, जो भी इस लापरवाही के लिए जिम्मेदार होगा, उसे बख्शा नहीं जाएगा।"*
**अरविंद केजरीवाल, सीएम, दिल्ली**



IPL

## केकेआर बना चैंपियन

**चेन्नई।** आंद्रे रसल (19 रन पर तीन विकेट) की अगुवाई में गेंदबाजों के दमदार प्रदर्शन और वेंकटेश अय्यर (नाबाद 52) के शानदार अर्धशतक से कोलकाता नाईट राइडर्स ने सनराइजर्स हैदराबाद को आईपीएल फाइनल में रविवार को आठ विकेट से रौंद कर 57 गेंद शेष रहते तीसरी बार आईपीएल खिताब जीत लिया।

### संक्षिप्त स्कोर

*एसआरएच 18.3 ओवर में 10 विकेट पर 113 रन*

**सर्वोच्च स्कोर :** पैट कमिंस 24 (19 बॉल) **स्टार्क :** 3 ओवर 14/2, **रसेल :** 2.3 ओवर 19/5

*केकेआर 10.3 ओवर में 02 विकेट पर 114 रन*

**सर्वोच्च स्कोर :** वेंकटेश अय्यर 52 (26 बॉल) **पैट कमिंस :** 2 ओवर 18/1, शहबाज 2.3 ओवर 22/1

## देर रात बंगाल के तट से टकराएगा 'रेमल'

### कोलकाता समेत कई इलाकों में तेज बारिश

एजेंसी

**कोलकाता।** समुद्र में 1.5 मीटर ऊंची लहरें उठने की आशंका, डूब सकते हैं प. बंगाल और बांग्लादेश के निचले इलाके मौसम विभाग ने कहा कि बंगाल की खाड़ी के ऊपर बना गहरा दबाव रविवार देर रात चक्रवाती तूफान में बदल सकता है। 26 मई की रात तूफान पश्चिम बंगाल और बांग्लादेश के समुद्री तटों पर दस्तक दे सकता है। इस तूफान को 'रेमल' कहा जा रहा है। रेमल, जिसका अरबी भाषा में अर्थ रेत होता है। उत्तरी हिंद महासागर में चक्रवातों के लिए क्षेत्रीय नामकरण प्रणाली को मानते हुए, यह नाम ओमान द्वारा दिया गया था। इस सीजन में बंगाल की खाड़ी में पहला प्री-मानसून चक्रवात है। अनुमान लगाया जा रहा है कि बंगाल की खाड़ी में बन रहा चक्रवाती तूफान 110-120 किलोमीटर प्रति घंटे की रफ्तार से दस्तक दे सकता है। यह 135 किलोमीटर प्रति घंटे तक की रफ्तार पकड़ सकता है। मौसम विभाग ने 26-27 मई को पश्चिम बंगाल और उत्तरी ओडिशा के तटीय जिलों में अत्यधिक भारी बारिश की चेतावनी जारी की है।



फाइल फोटो

## इंडिया



सुनील बादल

*निजी कंपनियों और सरकार के बीच कमाई के बंटवारे का फॉर्मूला बन गया, मगर कंपनियों ने भारत के सबसे बड़े ट्रांसपोर्टर यानी रेलवे में दिलचस्पी ही नहीं ली।*

# सबसे सस्ते यातायात के साधन रेलवे की राह कठिन

दुनिया के सबसे बड़े नेटवर्क वाले रेलवे की आधुनिक सुविधाओं से हम खुश हैं पर निजीकरण की अफवाहों के बीच इसकी आगे की राह कठिन है ।आजादी के बाद भारत की निजी रेलवे पूरी तरह सरकारी हो गई। 2017 में रेलवे बजट आम बजट का हिस्सा बन गया। अब फिर भारतीय रेलवे के निजीकरण की चर्चा है ।भारतीय रेल यात्री किराये की कमाई में पिछड़ गई है। रेलवे का पैसेंजर राजस्व बीते साल में उस गति से भी नहीं बढ़ा, जिस रफ्तार से भारत की जीडीपी (महंगाई सहित यानी नॉमिनल) बढ़ी है। वंदे भारत ट्रेनों को कामयाब बनाने के लिए बीते साल किराये भी घटाए गए थे, मगर रेलवे को महंगे टिकट लेने वाले यात्री नहीं मिल रहे। दिसंबर, 2021 में भारत सरकार ने निजी ट्रेनें चलाने की योजना रोक दी थी। 30,000 करोड़ का टेंडर लौट गया। यह भारत में रेलवे के निजीकरण की पहली सबसे महत्वाकांक्षी कोशिश थी, रूट तय हो गए थे। निजी कंपनियां और सरकार के बीच कमाई के बंटवारे का फॉमूर्ला बन गया, मगर कंपनियों ने भारत के सबसे बड़े ट्रांसपोर्टर यानी रेलवे में दिलचस्पी ही नहीं ली। वर्ष 2022 में सरकार ने रेलवे की संपत्तियां बेचने की कोशिश की। कोई ग्राहक नहीं आया। रेलवे के कुछ विभाग और प्रतिष्ठान बंद करने की तैयारी है, घाटा कम करने या नए संसाधन जुटाने की हर जुगत औंधे मुंह गिर पड़ी ।बीते एक दशक में रेलवे बजट खत्म करने से लेकर निजीकरण तक, तमाम कोशिशों के बाद भी इस महाकाय गतिमान बुनियादी ढांचे की बैसाखियां हटती ही नहीं। रेलवे के घाटे का दुख दूर ही नहीं होता। अलबत्ता भारत अकेला नहीं है। पूरी दुनिया में रेल सरकारों के लिए सबसे




बड़ी चुनौती है। निजी कंपनियों का संसार आकाश से पाताल तक फैल गया है। मगर सरकारें उन्हें रेलवे में निवेश के लिए राजी नहीं कर पातीं। रेलवे दुनिया की सबसे चमत्कारी औद्योगिक क्रांति थी, मगर यह आर्थिक तौर पर सबसे अभिशप्त कारोबार भी है। के किस्सों से महक रही है। निजी कंपनियां और बैंक रेलवे में निवेश का कोई मौका नहीं चूकना चाहते। रेलवे का घाटा पूरी दुनिया के लिए मुसीबत है। निजीकरण को लेकर दुनिया के तजुर्बे अच्छे नहीं हैं। 20वीं सदी में रेलवे का इतिहास दिवालियापन और निजी कंपनियों को नुकसान का है ।यही वजह है कि 21वीं सदी का सूरज उगने तक दुनिया के सभी देशों में रेलवे का पूरी तरह या आंशिक राष्ट्रीयकरण हो गया था। रेल निजी कंपनियों को रास नहीं आती। यह अभिशाप बीते सौ बरस से रेलवे का पीछा नहीं छोड़ रहा। निजीकरण की कोशिशें बार-बार औंधे मुंह ढेर हो जाती हैं। अब टाइम मशीन दिल्ली के रेल भवन के सामने उतर रही है। अब तो अगली सरकार ही बताएगी कि रेलवे के घाटे का दुख कैसे दूर होगा ।निजी बैंक,शिक्षा आईटी और चिकित्सा क्षेत्र में भारत में विश्वस्तरीय सुविधाएं देकर हमें बता रहे हैं कि जटिल सरकारी व्यवस्था की तुलना में हमें सुविधाएं चाहिए तो यूरोपीय मॉडल में जाना पड़ेगा जिसमें सेवाओं में चूक के लिए व्यक्ति या संस्थान को उत्तरदायी होना पड़ता है और नौकरी भी तभी बची रहती है जब वे सही काम करें ।

सरकारी क्षेत्र में काम करें न करें सेवाओं के बजाय परेशानी उत्पन्न करें तो भी उनकी नौकरी पर आंच नहीं आ सकती की अवधारणा है ।रेलवे में भी जहां भ्रष्टाचार था समाप्त नहीं हुआ अभी दैनिकभोगी कर्मचारियों के नाम पर फजीर्वाडा की चर्चा है ।सच जो भी हो सामने आना चाहिए और प्राथमिकता जनता की सुविधाओं और रेलवे के विकास को देनी चाहिए न कि लाखों सरकारी कर्मचारियों की बहाली कर वोट प्राप्त करने को ।नई सरकार कौन सी आएगी ये बातें उन्हें तय करनी हैं पर पूर्ववर्ती रेल मंत्रियों ने रेलवे को जागीर की तरह इस्तेमाल किया और भाड़ा नहीं बढ़ने देंगे से लेकर सारी ट्रेनें मेरे शहर से ही जाएंगी जैसे मनमाने फैसले किए जिससे रेलवे की स्थिति जर्जर हो गई थी ।

## वैन-कंटेनर की टक्कर में तीन लोगों की दर्दनाक मौत



नवीन मेल संवाददाता

**धनबाद।** धनबाद के बरवाअड्डा स्थित एनएच-2 हाईवे पर रविवार की दोपहर भीषण सड़क हादसा हुआ। इसमें धनबाद के ही महतो बस्ती लोदना के रहने वाले तीन लोगों की मौत हो गई। जबकि वाहन पर सवार अन्य पांच लोग गंभीर रूप से घायल बताए जा रहे हैं। बताया जाता है कि बरवाअड्डा थाना क्षेत्र के कल्याणपुर में रविवार की दोपहर भीषण सड़क हादसा हुआ। जिसमें तीन लोगों की मौत हो गई। घटना में लोदना के एक ही परिवार के सात लोग और एक अन्य ड्राइवर मारुति वैन वाहन पर सवार होकर राजगंज शादी ठीक करने गए थे। वापस लोदना लौटने के दौरान कल्याणपुर के समीप विपरीत दिशा से आ रहे कंटेनर के साथ वैन की सीधी टक्कर हो गई। टक्कर इतनी जबरदस्त थी कि वैन के परखच्चे उड़ गए। साथ ही वैन में बैठे तीन लोगों की मौत हो गई है। सूचना मिलने पर बरवाअड्डा पुलिस ने घायलों को इलाज के लिए शहीद निर्मल महतो मेडिकल कॉलेज एंड हॉस्पिटल भेजा है, जहां घायलों का इलाज चल रहा है। मृतकों में राजेंद्र महतो, महेंद्र महतो व एक अन्य शामिल है।

## एक नजर

### दसवीं की छात्राओं ने बूथ पर संभाला मोर्चा

**सिल्ली/मुरी।** लोकतंत्र के महापर्व लोकसभा चुनाव 2024 के अवसर पर लगाम गांव के राजकीय कृत प्राथमिक विद्यालय बूथ संख्या 123 पर गांव के ही दसवीं की छात्राएं गीतांजलि कुमारी और तनीषा कुमारी बूथ पर मौजूद मतदाताओं को कतारबद्ध होकर मतदान करने में काफी सहयोग किया। इनके सराहनीय कार्य को देखकर प्रेजाइडिंग ऑफिसर समेत सभी मतदान कर्मचारियों ने काफी सराहना की। प्रथम पोलिंग ऑफिसर धनंजय सिन्हा ने कहा कि इन दोनों छात्राओं के सहयोग से बहुत ही सुचारू रूप से मतदान हो रहा है।

### सरना धर्म का मूल उद्देश्य मानव कल्याण है : धर्मगुरु बारला

**खूंटी।** तोरपा के खजूरदाग मनमनी गांव में रविवार को सरना धर्म सोतोः समिति का 11वां शाखा स्थापना दिवस सह सरना धर्म प्रार्थना सभा का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के प्रारंभ में केंदुआ मुंडा, जयपाल मुंडा एवं टेपइ कच्छप की अगुवाई में अनुयायियों के साथ सरना स्थल में भगवान सिङबोंगा की पूजा कर सुख, शांति और खुशहाली की कामना की गई। इस अवसर पर धर्मगुरु मधु बारला मुंडा ने कहा कि सिङबोंगा की स्तुति से हमारी आत्मा में भक्ति व श्रद्धा बढ़ती है, साथ ही समाज में प्रेम व भाईचारा की भावना पनपती है। इससे लोभ, लालच व अहंकार जैसी बुराइयां दूर होती हैं और जीवन में सुख, शांति और खुशहाली आती है। उन्होंने कहा कि भगवान के सामने सब बराबर हैं, जिससे सबको समान कृपा मिलती है। इसके लिए हमें सदा धर्म के रास्ते पर चलना चाहिए। मानव कल्याण सरना धर्म का मूल उद्देश्य है। इनके अलावा मसीह गुड़िया, सीताराम मुंडा, रांची आदि क्षेत्रों से सरना धर्मावलंबी शामिल हुए।

### दुमका में बूथ अध्यक्षों के साथ हुई बैठक

**दुमका।** जिले के रानेश्वर प्रखंड के रानेश्वर स्थित भाजपा कार्यालय में रविवार को रानेश्वर मंडल के नौ पंचायत अध्यक्षों एवं 50 बूथ अध्यक्षों की विशेष बैठक हुई। बैठक में मुख्य रूप से मध्यप्रदेश भाजपा अध्यक्ष सह सांसद बिष्णु दत्त शर्मा उपस्थित थे। बिष्णु दत्त ने बूथ अध्यक्षों को बूथ जीतने की रणनीति बताते हुए कहा कि बूथ अध्यक्ष ही संगठन का असली चाणक्य है। उन्हीं की बदौलत संगठन प्रदेश से लेकर केंद्र में सरकार बनाते हैं। उन्होंने हर बूथ में 10 प्रतिशत वोट बढ़ाने का निर्देश दिया। शर्मा ने कहा कि इसमें कोई शक नहीं है कि केंद्र में हम तीसरी बार सरकार बनाने जा रहे हैं। इस बार हम हर हाल में 400 सीटें पार करेंगे। बैठक को जिप सदस्य बिमान सिंह, महामंत्री कार्तिक घोष ने सम्बोधित किया। बैठक में कार्यकर्ता नब घोष, प्रदीप पातर, मनोज मंडल, बाबू पत्रा, बच्चन बागति, सिबधन बागति, सुमन घोष, सोमेन घोष आदि मौजूद थे।

## ड्यूटी से नदारद रहते हैं रेफरल अस्पताल के डॉक्टर

# सिविल सर्जन ने काटा पांच चिकित्सकों का वेतन

**नवीन मेल संवाददाता। खूंटी**

वैसे तो ग्रामीण क्षेत्र के लोगों को स्वास्थ्य सुविधा मुहैया कराने के लिए कई तरह के प्रयास कर रही है, लेकिन विभिन्न सरकारी अस्पतालों में पदस्थापित चिक्त्सिक ही सरकार की योजना को पलिता लगाने में लग गये हैं। इसका खमियाजा गांव के गरीब लोगों को भुगतना पडता है। सरकारी डॉक्टरों की लापरवाही की बानगी रविवार को तोरपा के रेफरल अस्पताल में देखने को मिली, जहां अस्पताल के सभी डॉक्टर नदारत थे। बता दें कि इस अस्पताल में चार महिला डॉक्टर सहित कुल दस चिकित्सक पदास्थापित हैं, लेकिन समय पर एक भी डॉक्टर का दर्शन नहीं होता। रविवार को सुबह लगभग दस बजे निचुतपुर गांव निवासी सुनील टोपनो नामक एक मरीज अस्पताल में पहुंचा। गड्ढे में गिर जाने से उसका एक पैर टूट गया था। उसके स्वजन उसे लेकर रेफरल अस्पताल तोरपा पहुंचे, पर वहां कोई डॉक्टर नहीं था।कुछ ही देर में तीन-चार रोगी और अस्पताल पहुंचे और डॉक्टर का इंतजार करते रहे। बताया जाता है कि शनिवार की रात डॉक्टर अनिकेत की ड्यूटी थी। सुबह दस बजे से पहले ही डॉ अनिकेत रांची निकल गये। सुबह से डॉ दीप्ति नूतन टोपनो की ड्यूटी थी, लेकिन डॉ दीप्ति अस्पताल आई ही नहीं। बाद में इसकी सूचना खूंटी के सिविल सर्जन डॉ नागेश्वर मांझी को दी गई। जानकारी मिलते ही सिविल सर्जन रेफरल अस्पताल पहुंचे और मरीजों का इलाज किया।



### सिविल सर्जन ने किया शोकॉज

इमरजेंसी ड्यूटी से गायब रहने वाले रेफरल अस्पाल के पाच चिकित्सकों का वेतन सिविल सर्जन ने काट दिया। अनुपस्थित पाये गये जिन चिकित्सकों का वेतन काटा गया है, उनमें डॉ दीप्ति नूतन टोपनो, डॉ चयन सिन्हा, डॉ अपूर्वा घोष और डॉ अंकिता और डॉ अभय मरांडी शामिल हैं। इन सभी चिकित्सकों को सिविल सर्जन ने कारण बताओ नोटिस जारी किया है। सिविल सर्जन डॉ मांझी ने प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी को निर्देश दिया कि इमरजेंसी में हर दिन कम से कम दो डॉक्टरों की ड्यूटी लगायें, ताकि मरीजों को कोई परेशानी न हो। सिविल सर्जन डॉ मांझी ने कहा कि कर्तव्य में लापरवाही बरतने वाले चिकित्सकों और कर्मचारियों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की जायेगी।

### 84 वर्षीय व्यक्ति ने उत्साह के साथ किया मतदान

**सिल्ली/मुरी।** लोकसभा महापर्व 2024 के तहत शनिवार के दिन मतदान करने का जुनून बूथ नंबर 111 में देखने को मिला। बड़ा मुरी निवासी सुरेन कुम्हार जिनकी उम्र 84 वर्ष हो गई है। वह भीषण गर्मी और चिलचिलाती धूप में माथे पर गमछा लपेटकर हाथ में लाठी का सहारा लेकर बूथ पर पहुंचे। ठीक तरीके से चल नहीं पाने के कारण वहां ड्यूटी पर तैनात जवान ने उन्हें सहारा देकर बरामदे पर चढ़ाया। इसी दरमियान उनसे पूछने पर अपने पोटली से अपना आधार कार्ड और चुनाव पर्ची निकाल कर दिखाया और बताया कि अब तक एक भी वोट चाहे लोकसभा हो या विधानसभा का चुनाव में वोट देना नहीं छोड़ा है और निकट भविष्य में आने वाले विधानसभा चुनाव में भी वोट जरूर करूंगा। यह पूछने पर की किसको वोट देंगे तो वह हंसते हुए कहते हैं कि मेरा मन जिसको बोलेगा उसको वोट देंगे लेकिन अच्छा आदमी को ही देंगे।

# पुलिस ने टेबो घाटी में ट्रक से 3.14 करोड़ का डोडा किया जब्त

**नवीन मेल संवाददाता**

**चाईबासा (पश्चिमी सिंहभूम)।** पश्चिमी सिंहभूम जिले की पुलिस ने नशे के कारोबारियों के खिलाफ कार्रवाई करते हुए ट्रक सहित तीन करोड़ 14 लाख रुपये से अधिक कीमत का डोडा जब्त किया है। चालक और खलासी को गिरफ्तार किया गया है, जबकि मुख्य तस्कर फरार हो गया। ट्रक राजस्थान के नंबर का है। तस्कर बंदगांव की तरफ से चक्रधरपुर से चाईबासा जा रहा था। तस्करों ने पुलिस की आंखों में धूल झोंकने के लिए डोडा के ऊपर खाली बोरा और तेल का टीन रखा हुआ था। इस संबंध में पश्चिमी सिंहभूम जिले के एसपी आशुतोष शेखर को गुप्त सूचना मिली थी कि करोड़ों का डोडा चाईबासा की तरफ जा रहा है। सूचना महत्वपूर्ण थी। इसलिए

**पांच लाख नकदी बरामद दो गिरफ्तार**

एसपी ने तत्काल पश्चिमी सिंहभूम जिले के चक्रधरपुर के एएसपी सह अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी पारस राणा के नेतृत्व में एक टीम का गठन किया। टीम ने रविवार को रांची चाईबासा मुख्य मार्ग एनएच-75 ई पर टेबो घाटी में वाहन चेकिंग अभियान चलाया और मामले का खुलासा हो गया। पुलिस चालक और खलासी को हिरासत में लेकर ट्रक को जब्त कर टेबो थाना ले गई। वहां जांच-पड़ताल में टाटा कंपनी के ट्रक के ऊपर से 67 बंडल में प्रत्येक बंडल में 48 पीस बोरा, 415 तेल का खाली डिब्बा मिला। इसके नीचे 135 प्लास्टिक के बोरे में 2096 किलोग्राम अफीम डोडा मिला, जिसकी कीमत लगभग तीन करोड़ चौदह लाख रुपये बताई जाती है। डोडा का परिवहन ओडिशा, छत्तीसगढ़ और मध्य प्रदेश होते हुए राजस्थान तक करने की योजना थी। तलाशी में ट्रक से पांच लाख नकदी भी बरामद हुआ है। इसके अलावा, तीन स्मार्टफोन भी पुलिस ने जब्त किया है। इस संबंध में टेबो थाने की पुलिस चालक, खलासी सहित अज्ञात पर टेबो थान में प्राथमिकी दर्जकर जांच-पड़ताल कर रही है।



## 4 जून को इंडी गठबंधन की सरकार बन जाएगी : चंपई सोरेन

**नवीन मेल संवाददाता। रांची**

मुख्यमंत्री चंपाई सोरेन ने झारखंड की सभी लोकसभा सीटों पर जीत का दावा करते हुए कहा है कि छठे दौर की वोटिंग के बाद यह तय हो गया है कि भाजपा की स्थिति बेहद खराब है। उन्होंने कहा कि भाजपा नेतृत्व को इस बात का अहसास हो चुका है। झारखंड जैसे छोटे से राज्य में जिस प्रकार प्रधानमंत्री, गृहमंत्री बार-बार सभाएं कर रहे हैं, उस से यह तो स्पष्ट है कि हालात नाजुक हैं। चंपाई सोरेन ने कहा कि उन्हें पता है कि पंजाब, तमिलनाडु, आंध्र प्रदेश से लेकर केरल तक, कुछ हाथ नहीं आने वाला। रही बात कर्नाटक की, तो वहां पिछले बार के मुकाबले आधी सीटें मिलना भी मुश्किल है। महाराष्ट्र तथा यूपी में सीटें बड़ी संख्या में घटने जा रही हैं। बंगाल और बिहार में आधी सीटों पर भी आफत है। दिल्ली, राजस्थान, गुजरात, उत्तराखंड, हिमाचल प्रदेश एवं हरियाणा में पहले से ही लगभग सारी सीटें उनके पास हैं तो बढ़ने की कोई संभावना नहीं दिखती। उलटे घटेंगे कितने, यह देखना दिलचस्प होगा। मुख्यमंत्री ने यह भी कहा कि मणिपुर में जिस प्रकार इन्होंने वहां के नागरिकों को धोखा दिया, उन्हें उनके हाल पर छोड़ कर बेशर्मी से सरकार चलाते रहे, पूर्वोत्तर में अगर एकाध सीटें भी मिल जाए, तो बड़ी बात होगी। चंपई ने एक्स पर लिखे अपने पोस्ट में अपील की है कि लोकसभा चुनावों के आखिरी दौर में फिर एक बार जोर लगा दीजिए, चार जून को केंद्र में आइएनडीआइए की सरकार बन जाएगी।



# ग्रामीणों ने केडीएच खदान में घुसकर सीसीएलकर्मियों को पीटा



**नवीन मेल संवाददात । खलारी**

सीसीएल एनके एरिया अंतर्गत केडीएच परियोजना खदान में डयूटी कर रहे तीन कामगारों के साथ ग्रामीणों ने मारपीट की। घटना शनिवार रात लगभग 11.30 बजे की है। मारपीट में तीन सीसीएलकर्मी अरुण गंझू, धनेश्वर गंझू व शशि उरांव घायल हो गए। घटना के विरोध में अन्य कामगारों ने काम बंद कर दिया। बताया गया कि शनिवार रात में जामुन दोहर बस्ती के कुछ लोग रात्रि में खदान का काम बंद कराने आए थे। इसी दौरान डियूटी कर रहे कामगार अरुण गंझू, धनेश्वर गंझू, व शशि उरांव के साथ मारपीट करने लगे। मौके पर मौजूद साथी कामगारों ने बीच बचाव किया। उसके बाद तीनों घायल कामगारों को इलाज के लिए डकरा सेंट्रल अस्पताल ले जाया गया। जहां तीनो का इलाज किया गया। इलाज के बाद उन्हें घर भेज दिया गया। मारपीट में कामगार शशि उरांव का एक हाथ टूट गया है। रविवार सुबह सभी कामगार व श्रमिक संगठनों के प्रतिनिधि केडीएच कारगिल पीट आफिस के समक्ष एकत्रित हुए और घटना की कड़ी निंदा करते हुए कामगारो की सुरक्षा की मांग करने लगे। कार्यस्थल पर सीआईएसएफ बल की तैनाती व कामगारो के साथ मारपीट करने वाले ग्रामीणों के ऊपर कानूनी कार्रवाई की मांग की गई है।

### जामुनदोहर के ग्रामीणों ने जताया अफसोस, मांगी माफी

केडीएच परियोजना पदाधिकारी अनिलकुमार सिंह ने बताया कि रविवार सुबह खदान से सटे जामुनदोहर के लोगों ने सीसीएलकर्मियों के साथ हुई मारपीट की घटना पर अफसोस जताते हुए माफी मांगी। वहीं आगे से इस तरह की घटना की पुनरावृत्ति नहीं होने का भरोसा भी दिया। पीओ ने बताया कि कर्मियों की सुरक्षा को लेकर सीआईएसएफ सुरक्षा बलों की पेट्रोलिंग को बढ़ा दिया गया है। इधर वार्ता के बाद सुबह में सामान्य दिनों की तरह कार्य चालू हो गया।

# लोकसभा निर्वाचन क्षेत्र के गांवों में मतदान के प्रतिशत में हुई वृद्धि

**नवीन मेल संवाददात । बेड़ो**

सामाजिक संगठन मारुति मंगल परिवार के सार्थक प्रयासों का परिणाम भी दिखने लगा है। रातु से लेकर लापुंग और बेड़ो प्रखंड के ग्रामीणों ने संस्था के प्रयासों की सराहना की है। ग्रामीणों ने कहा कि संस्था के स्थापना स्थल, रातु प्रखण्ड के मतदान केंद्र संख्या 62 में 90 % तक मतदान होने के पीछे मारुति मंगल परिवार का बड़ा योगदान है। मारुति मंगल परिवार वस्तुतः एक सामाजिक संगठन है जो निरन्तर अपने सेवा कार्य के लिए जाना जाता है। ग्रामीणों ने संस्था के अगुआ विक्रम महतो, सुमेश महतो, जन्मेंजय महतो सहित दर्जनों पदाधिकारियों तथा सैकड़ों सदस्यों की सराहना की है। संगठन सालों भर समाज में फैले कुरितियों के खिलाफ प्रत्येक रविवार को आभियान चलाकर लोगों को जागरूक करती रहती है जिसका सकारात्मक प्रभाव गांवों में देखने के लिए भी मिल रहा है। गांव में जुआ, शराब, अंधविश्वास, मृत्य भोज, दहेज प्रथा, सड़क दुघर्टना, अनावश्यक फिजूलखर्ची, एवं अन्य कुप्रथाओं से सतर्क रहने के साथ - साथ मारूति मंगल परिवार मतदाता जागरुकता आभियान झारखण्ड के सात जिलों क्रमशः रांची, रामगढ़, हजारीबाग, खूंटी, सिमडेगा, गुमला, एवं लोहरदगा संसदीय क्षेत्र में निरन्तर चलाती रही है जिससे हर जिले के ग्रामीण क्षेत्रों के मत प्रतिशत मे इस बार वृद्धि हुई है, शनिवार को लोकसभा निर्वाचन क्षेत्र रांची में मतदान हुए, रांची लोकसभा क्षेत्र के रातु प्रखण्ड अन्तर्गत तिगरा के बूथ संख्या 62 मारूति मंगल परिवार के जन्मस्थली के रूप मे जाना जाता है।

## जन्मदिन को भारतीय परंपरा के अनुरूप मनाने की जरूरत : अशोक पंडा

**बेड़ो ।** जन्मदिन को पाश्चात्य संस्कृति से नहीं बल्कि सनातन परम्परा के अनुसार मनाए जाने की जरूरत है उक्त बातें महादानी मन्दिर परिसर में रातु अंचल अन्तर्गत एकल अभियान बेड़ो संच एकल विद्यालयों के आचार्यों को संबोधित करते हुए पुजारी अशोक पंडा ने कही। उन्होंने कहा कि जन्मदिन मनाने की प्रवृत्ति बढ़ रही है लेकिन उसमें मोमबत्ती जलाकर उसे फूंकने की प्रवृत्ति सही नहीं है। हमें मिटटी के दीपक जलाकर जन्मदिन मनाने की जरूरत है। रातु अंचल अन्तर्गत एकल अभियान बेड़ो संच एकल विद्यालयों के आचार्यों ने शुक्रवार को एक नई परंपरा की शुरूआत करते हुए बेड़ो संच अध्यक्ष डॉ रमेश प्रसाद के पुत्र मिहिर सेन गुप्ता का जन्मदिन ऐतिहासिक महादानी मन्दिर परिसर में मनाकर उदाहरण प्रस्तुत किया। इस मौके पर मुख्य पुजारी अशोक पंडा ने महादानी बाबा का विधिवत पूजन ने कराया उसके बाद सभी आचार्यों ने गायत्री मंत्र उच्चारण करते हुए मिहिर सेन गुप्ता से दीप प्रज्वलित कराया। उसके बाद सभी आचार्यों एवं बेड़ो के गणमान्य व्यक्तियों ने तिलक लगाया और अक्षत पुष्प वर्षा किया और मिहिर सेन गुप्ता के उज्जवल भविष्य के लिए आशीर्वाद दिया।

## न्यूज बॉक्स

### चार दुकानों में सेंधमारी से खूंटी में सनसनी, चार बाइक लेकर हुए फरार

**खूंटी।** चोरों के एक गिरोह ने खूंटी थाना से महज कुछ ही दूरी पर शनिवार रात खूंटी मेन रोड की चार दुकानों में सेंधमारी कर क्षेत्र में सनसनी फैला दी है। चोर साहू तालाब के सामने स्थित ए टू जेड नामक पुराने बाइक शोरूम का शटर उखाड़.कर शोरूम से चार महंगे केटीएम बाइक चुरा ले गए। साथ ही नेताजी चौक स्थित अनूप स्वीट्स से नगद लगभग सात हजार रुपये सहित कोल्ड ड्रिंक्स की कुछ बोतलें भी योर अपने साथ लेते गए। चोरों ने अनूप स्वीट्स हाउस के बगल में स्थित शहर की सबसे प्रमुख ज्वेलरी दुकान कस्तूरी ज्वैलर्स और उससे सटे जतन ज्वेलर्स नामक दुकानों में भी सेंधमारी कर चोरी का प्रयास किया, लेकिन इसमें वे सफल नहीं हुए। शनिवार देर रात हुई इन घटनाओं की जानकारी रविवार सुबह दुकानदारों को तब हुई, जब वे दुकान खोलने आए थे। बाद में इसकी सूचना खूंटी थाना की पुलिस को दी गई। सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और आवश्यक पड़ताल में जुट गई। बहरहाल एक ही रात शहर की चार दुकानों में सेंधमारी की घटना को अंजाम देकर चोरों के इस गिरोह ने एक ओर जहां पुलिस के समक्ष गंभीर चुनौती पेश की है, वहीं दूसरी ओर दुकानदारों में भय व्याप्त हो गया है। इस बीच खूंटी एसडीपीओ वरूण रजक ने भी बाइक शोरूम में पहुंचकर वहां की स्थिति का जायजा लिया। एसडीपीओ ने कहा कि पुलिस पूरे मामले की गहराई से पड़ताल कर रही है, जल्द ही घटना में शामिल चोरों को गिरफ्तार कर मामले का खुलासा कर लिया जाएगा।



#### भागने के दौरान दुर्घटनाग्रस्त हो गई बाइक

जानकारी के अनुसार सबसे पहले चोरों ने ए टू जेड नामक पुराने बाइक शोरूम में चोरी की घटना को अंजाम दिया। यहां पर चोर शोरूम के शटर को उखाड़.कर शोरूम में प्रवेश किए और शोरूम में बिक्री के लिए रखी चार महंगी केटीएम बाइक को निकाल कर चलते बने। शोरूम के अंदर लगे सीसीटीवी कैमरे में शोरूम से बाइक निकालते चोरों की तस्वीर कैद हो गई है। देर रात लगभग डेढ़ बजे हुई चोरी की इस घटना के दौरान शोरूम के बाहर लगे सीसीटीवी कैमरे को तोड़कर क्षतिग्रस्त कर दिया गया। चोरी और सेंधमारी की इन घटनाओं को अंजाम देने के बाद चोरों का यह गिरोह कर्रा रोड होते हुए अन्यत्र फरार हो गया।

### दिखने लगा मांडर प्रखंड अंजुमन कमेटी के फैसले का असर

**मांडर।** प्रखण्ड स्थित मुरमा मदरसा इस्लामिया महमूदिया बगीचा में भाड़े पर चलने वाले मारुति चालकों ने रविवार को धरना देकर प्रखण्ड में बारातियों की संख्या बढ़ाने की मांग की। विदित हो कि प्रखंड अंजुमन कमेटी ने शादी विवाह के मौके पर फिजूल खर्ची, शरीयत के खिलाफ चलने वाले रीति-रिवाज पर प्रतिबंध लगा दिया गया है। साथ ही आपसी सहमति से बारातियों की संख्या पच्चास करने की अपील की थी। शादी विवाह के मौके पर बारातियों की संख्या डीजे डांस पार्टी एवं पटाखों पर प्रतिबंध से समाज में खासा बदलाव का संकेत नजर आ रहा है। अंजुमन के जिम्मेदार लोगों ने समझा बूझाकर चालकों कका धरना खत्म करवाया।

### टीएसपीसी का माघा गंझू जिला बदर घोषित

**खलारी।** पिपरवार पुलिस के पहल पर चतरा उपायुक्त द्वारा पिपरवार क्षेत्र के रहने वाले माघा गंझू को जिला बदर घोषित किया गया है। चतरा उपायुक्त द्वारा इससे संबंधित पत्र जारी कर दिया गया है। झारखंड अपराध अधिनियम 2002 की धारा 3ए के तहत कार्रवाई करते हुए चतरा उपायुक्त द्वारा तड़ीपार घोषित किया गया है। माघा गंझू के उपर पिपरवार थाना में सात कांड दर्ज है, जिसमें सभी कांड में वह बेल पर है। मालूम हो कि पिपरवार थाना प्रभारी प्रशांतकुमार मिश्रा द्वारा टीएसपीसी के माघा गंझू को जिला बदर घोषित करने संबंधी अनुशंसा की गई थी। जिसपर कार्रवाई करते हुए चतरा उपायुक्त ने जिला बदर करने की मंजूरी दे दी।

### टीएसपीसी ने पिपरवार में चिपकाया पोस्टर, काम बंद करने की धमकी दी

**खलारी।** प्रतिबंधित नक्सली संगठन टीएसपीसी का हस्तलिखित पोस्टर पिपरवार क्षेत्र के कई जगहों पर चिपकाया गया। पिपरवार के अशोक परियोजना कांटाघर, सीएचपी परियोजना के दो नंबर कांटाघर के अलावा एनके एरिया के पुरनाडीह परियोजना में भी पोस्टर चिपकाया गया। पोस्टर टीएसपीसी के उत्तरी दक्षिणी सीमांत क्षेत्र के जोनल कमांडर ऋषिकेश जी द्वारा जारी किया गया है। पोस्टर के माध्यम से अशोका परियोजना, पुरनाडीह परियोजना, चुरी परियोजना, केडीएच परियोजना, रोहिणी परियोजना, डकरा परियोजना के सभी कोयला ट्रांसपोर्टर, कोयला लिफ्टर, डीओ होल्डर, डंप कमेटी व ठेकेदारों को काम बंद करने की चेतावनी दी गई है।

#### नक्सली पोस्टर को लेकर जांच में जुटी पुलिस : एसडीपीओ

टंडवा एसडीपीओ प्रभात रंजन बरवार ने कहा कि प्रतिबंधित नक्सली संगठन टीएसपीसी के द्वारा पोस्टर साटने के मामले को लेकर पुलिस जांच कर रही है। उन्होंने कहा कि कांटा घर पर पोस्टर कैसे पहुंचा और किसके द्वारा साटा गया इन सभी बिंदुओं पर पुलिस द्वारा गंभीरतापूर्वक जांच किया जा रही है। पोस्टरबाजी करने वाले अपराधी जल्द ही पुलिस की गिरफ्त में होंगे।

### राजकुमार गुप्ता बने रौनियार वैश्य समिति के खूंटी जिलाध्यक्ष



**खूंटी।** रौनियार वैश्य की खूंटी जिला समिति की रविवार को रौनियार भवन मुरहू में हुई बैठक में खूंटी जिला रौनियार समिति का पुनर्गठन किया गया। समिति में सर्वसम्मति अर्जुन साहू को संयोजक बनाया गया, जबकि राज कुमार गुप्ता को जिला अध्यक्ष मनोनीत किया गया। अशोक कुमार गुप्ता मुरहू को सचिव, अशोक गुप्ता खूंटी को कोषाध्यक्ष बनाया गया। रामा साहू, राजेश गुप्ता लोधमा और छोटू गुप्ता कर्रा को उपाध्यक्ष मनोनीत किया गया। बैठक में झारखंड प्रदेश संयोजक के भीम प्रसाद गुप्ता ने कहा कि मुरहू में समाज के वैसे लड़के-लड़कियां जिनकी शादी पैसे का अभाव में नहीं हो रही है, वैसे लोगों की शादी का सारा खर्च उनके द्वारा उठाया जायेगा। समाज द्वारा संकल्प लिया गया कि यथाशीघ्र समाज के सभी लोगों की पारिवारिक सूची बनाकर सभी तरह का सहयोग किया जाएगा, ताकि समाज का कल्याण हो सके और सभी की पढ़ाई-लिखाई, शादी विवाह समय पर और सही परिवार में हो सके। मुरहू में समाज का अपना भवन है जिसने समाज के सारे कार्य होते है। बैठक में अध्यक्ष सुखदेव प्रसाद गुप्ता कोषाध्यक्ष दिनेश प्रसाद गुप्ता, संयुक्त सचिव दिलीप प्रसाद गुप्ता, सहित काफी संख्या में समाज के लोग मौजूद थे।

## रिहायशी इलाके से हो रही है सीमेंट कारखाना कोल यार्ड की कोयला ट्रांसपोटिंग

# धूल प्रदूषण से हो रही परेशानी, जीवन संकट में

**नवीन मेल संवाददाता**

**खलारी।** खलारी सीमेंट कारखाना कोयला यार्ड में कोयला लाने वाली ट्रकों का आवागमन खुलेआम रिहायशी इलाके से किया जा रहा है। खलारी ओवरब्रिज से शहीद चौक, स्टेशन रोड, बैंक चौक होते हुए खलारी सीमेंट कारखाना तक करीब एक किलोमीटर सड़क के दोनो ओर रिहायशी क्षेत्र है। घनी आबादी वाला आवासीय क्षेत्र होने के साथ छोटी बड़ी दर्जनों व्यापारिक प्रतिष्ठान हैं। प्रतिदिन सौ से अधिक कोयला लदे व अनलोडिंग के बाद खाली ट्रकों का परिचालन इस रिहायशी क्षेत्र से किया जा रहा है। ट्रकों के चक्के के साथ उड़ती धूल प्रदूषण फैला रहा है। आसपास के दुकानदारों ने बताया कि लगातार ट्रकों के आवागमन से दम घुटने लग रहा है। यह एक किमी सड़क खलारी-मैकलुस्कीगंज मुख्य सड़क का हिस्सा है। ग्रामीण कार्य विभाग की इस सड़क की चौड़ाई मात्र सवा 12 फिट है। कोयला ट्रकें सड़क के साथ सड़क के दोनो ओर के कच्चे फ्लैंक पर भी चलती है। जिससे लगातार धूल उड़ता रहता है। इस सड़क से होकर खलारी के खलारी प्रखंड कार्यालय, मुख्य स्कूल उसुर्लाइन कान्वेंट, आदर्श विद्यालय, जनता उच्च विद्यालय, रामवि खलारी जेनेट एकेडमी, डान बास्को एकेडमी के बच्चों का भी आवागमन है। इसके अलावा खलारी रेलवे स्टेशन आने जाने वाले यात्री, बैंक आने जाने वाले ग्राहक, जेहलीटांड़, करकट्टा, धमधमिया, खलारी बाजारटांड़, मैकलुस्कीगंज क्षेत्र, साप्ताहिक हाट बाजार के लिए आने जाने वाले आम लोग भी इसी सड़क से होकर आना जाना करते हैं।



### जेहलीटांड़-बड़कीटांड़ के रास्ते हो ट्रांसपोर्टिंग

खलारी के आमलोगों का कहना है कि कारखाना कोल यार्ड का कोयला ट्रांसपोर्टिंग जेहलीटांड़-बड़कीटांड़ के रास्ते किया जाय। इस रास्ते भी कारखाना का कोयला होता है। प्रबंधन इस रिहायशी इलाके को बख्श दे। खलारी ओवरब्रिज से यू टर्न लेने में भी बड़ी ट्रकों को परेशानी होती है। कई बार तो जाम की स्थिति हो जाती है। कोयला लेकर आने वाली ओवरब्रिज से यू टर्न न लेकर सीधे अंबेडकर चौक केडी से जेहलीटांड़, बड़कीटांड़ होकर कारखाना में प्रवेश करें। अथवा शहीद चौक से सीमेंट कारखाना तक सुबह 4 बजे से रात 9 बजे तक नो इंट्री लगाया जाय।

### हरमू के टोंगरी टोली में जिंदगी है मुहाल

**रांची।** रांची नगर निगम के वार्ड 35 में हरमू में संत फ्रांसिस स्कूल लेन के टोंगरीटोली रोड नंबर एक में बुनियादी सुविधा की स्थिति इस कदर दयनीय है कि जिंदगी मुहाल है, जो रांची के राजधानी होने को मुंह चिढ़ाता है। नाली और पानी के निकास की व्यवस्था नहीं होने से घरों का गंदा पानी सड़क पर साल भर पसरा रहता है, जबकि यह इलाका शहर के मुख्य क्षेत्रों में गिना जाता है। मुहल्ला अभी भी जल जमाव, गंदगी और बदबू भरा है। सबसे दुखद पहलू यह है कि सांसद, विधायक और अब निवर्तमान वार्ड पार्षद के भी यहां नहीं पहुंचने की शिकायत है। पक्की नाली नहीं होने से गंदा पानी का घरों से कायदे से निकास नहीं हो पाता है। जिस कारण लोग गंदगी में रहने को विवश हैं। गंदे पानी का जमाव होने के कारण यहां मच्छर और मक्खियों की भरमार है।

संदिग्ध मामलों के लिए आइसोलेशन वार्ड चिह्नित

# बर्ड फ्लू से निपटने को रिम्स तैयार

*अस्पताल में सभी निवारक उपाय किए गए*

*स्टॉक में पर्याप्त मात्रा में हैं एंटीवायरल दवाएं*




**नवीन मेल संवाददाता। रांची**
एवियन इन्फ्लूएंजा (बर्ड फ्लू) की राजधानी में पुष्टि के बाद स्वास्थ्य विभाग अलर्ट मोड पर है। इससे निपटने के लिए राजेंद्र आयुर्विज्ञान संस्थान (रिम्स) ने तैयारी कर ली है। हॉस्पिटल में सभी निवारक उपायों के अलावा पर्याप्त मात्रा में एंटीवायरल दवाएं भी तैयार रखी गई हैं।

इस संबंध में रिम्स निदेशक प्रो (डॉ) राजकुमार ने स्पष्ट निर्देश दिया है कि अपनी ओर से तैयारी रखें। एवियन इन्फ्लूएंजा के किसी भी संदिग्ध मामले को कंट्रोल करने के लिए आइसोलेशन वार्ड, बिस्तर चिह्नित किए गए हैं। साथ ही, माइक्रोबायोलॉजी विभाग में जांच की समुचित व्यवस्था की गई है। मेडिकल सुपरिटेंडेंट डॉ हिरेंद्र बिरुआ ने मेडिसिन, पेडियाट्रिक वार्ड और माइक्रोबायोलॉजी विभाग के प्रभारी को इस संदर्भ में पूरी तैयारी करने के निर्देश दिए हैं, जिससे किसी भी आपात स्थिति से निपटा जा सके।

पहले होटवार और फिर मरोहाबादी इलाके में बर्ड फ्लू की पुष्टि ने जिला प्रशासन की नींद उड़ा दी है। डीसी राहुल कुमार सिन्हा ने तत्काल रामकृष्ण मिशन आश्रम में सभी मुर्गियों और अंडों को नष्ट करने का आदेश दिया है। एक महीने के अंदर दो इलाकों में बर्ड फ्लू की पुष्टि से लोग भी डरे हुए है। इस वजह से कहीं भी बर्ड फ्लू के केस मिलने पर स्वास्थ्य महकमा ज्यादा अलर्ट है।

# अभिनेता विजय कुमार सिंह ने रांची का नाम रोशन किया है : आशुतोष

**नवीन मेल संवाददाता। रांची**
भारतीय जनता युवा मोर्चा (भाजयुमो) के कला एवं खेल प्रकोष्ठ रांची महानगर एवं युवा नाट्य संगीत अकादमी के संयुक्त तत्वावधान में रविवार को मशहूर अभिनेता विजय कुमार सिंह को रांची स्थित उनके आवास जाकर सम्मानित किया गया। भाजयुमो के कला एवं खेल प्रकोष्ठ रांची महानगर के संयोजक आशुतोष द्विवेदी एवं युवा नाट्य संगीत अकादमी के निदेशक ऋषिकेश लाल ने झारखंड के अंगवस्त्र देकर उन्हें सम्मानित किया। अभिनेता विजय ने एंड टीवी की मशहूर सीरियल 'भाभी जी घर पर हैं', 'हप्पू की उलटन-पलटन', 'कहानी' और 'लगे रहो मुन्ना भाई', 'जब भी मेट' आदि कई फिल्मों में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है। मौके पर आशुतोष द्विवेदी ने कहा कि विजय कुमार सिंह एक जाने-माने अभिनेता हैं। उन्होंने अपनी लगन और मेहनत से रांची ही नहीं, मुंबई में भी एक अलग मुकाम हासिल किया है। रांची से माड़वाड़ी कॉलेज से इन्होंने इंटर और ग्रेजुएशन कर मुंबई की ओर रुख कर लिया था। उन्होंने ने भोजपुरी फिल्म जैसे फिरंगी दुल्हनिया, सहिया आदि में भी काम किए हैं। इस अवसर पर विजय कुमार सिंह ने कहा कि वे रांची एक निजी कार्य के सिलसिले में आए थे।



## न्यूज बॉक्स

### अफीम के गैराकानूनी धंधे में लिप्त तीन आरोपी गिरफ्तार




**रांची।** पुलिस ने अफीम कारोबार में शामिल तीन आरोपियों को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार आरोपियों में शिवम कुमार हजाम उर्फ शिवा, दीपक मुंडा उर्फ जगरू और शनिचरवा मुंडा उर्फ चारो शामिल हैं। पुलिस को इनके पास से अफीम और नकदी बरामद हुआ है। रांची पुलिस ने रविवार को बताया कि एसएसपी चंदन कुमार सिन्हा को जानकारी मिली थी कि नामकुम थाना क्षेत्र के जामचुंआ गांव के पास कुछ लोग अफीम की खरीद-बिक्री कर रहे हैं। इस पर पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए जरेया रोड के किनारे दो व्यक्तियों को काले रंग की सीबी जेड बाइक के साथ पकड़ा। तलाशी के दौरान शनिचरवा मुंडा के पास से 100 ग्राम अफीम, 35 हजार रुपये एवं मोबाइल बरामद हुआ। साथ ही, दीपक मुंडा के पास से 100 ग्राम अफीम और 55 हजार रुपये बरामद हुआ। आरोपियों ने पुलिस को बताया कि ग्राम जरेया के अरुण कुमार हजाम एवं शिव कुमार हजाम को उन्होंने 500 ग्राम अफीम बेचा है, जिसके एवज में उसने 90 हजार रुपये दिए।

### वोटर लिस्ट से नाम गायब रहने पर जेएन शाहदेव ने चुनाव आयोग पर लगाया लापरवाही का आरोप



**रांची।** रांची लोकसभा क्षेत्र के मतदाता जयंत नाथ शाहदेव (वोटर आईडी नंबर जीएचएफ 2414746) ने भारत निर्वाचन आयोग में शिकायत दर्ज कराकर लापरवाही का आरोप लगाया है। उन्होंने एक विज्ञप्ति जारी कर यह बात कही है। उन्होंने अपनी शिकायत में कहा है कि चुनाव आयोग, विशेष रूप से झारखंड स्थित चुनाव आयोग के कार्यालय की लापरवाही के कारण उन्हें योग मंदिर जवाहर नगर बूथ संख्या 340 से वोट देने के अधिकार से वंचित कर दिया गया। उनका नाम मतदाता सूची से गायब था। भारत के एक वास्तविक नागरिक के रूप में, हम वोट देना चाहते थे, लेकिन हमें ऐसे महत्वपूर्ण अधिकार से वंचित किया गया। उन्होंने विज्ञप्ति में कहा है, मैंने भारत के चुनाव आयोग में शिकायत दर्ज कराई है और मुख्य चुनाव अधिकारी झारखंड के साथ-साथ भारत को भी ट्वीट किया है। मैं भारत सरकार से ईमानदारी से इस मामले को देखने की अपील करता हूं, यह एक गंभीर मामला है।

### श्री कृष्ण प्रणामी का 151वां निःशुल्क अन्नपूर्णा भंडारा संपन्न



**रांची।** 151वें निःशुल्क श्री कृष्ण प्रणामी अन्नपूर्णा भंडारे का संचालन रविवार को संस्था के डुंगरमल संतोष देवी अग्रवाल एवं उनके परिवार के सौजन्य से किया गया। लगभग 1500 श्रद्धालुओं के बीच भंडारे का वितरण किया गया। आज के अन्नपूर्णा भोजन प्रसाद भंडारे की सेवा में विशेष रूप से संस्था के अध्यक्ष डुंगरमल अग्रवाल, उपाध्यक्ष राजेंद्र प्रसाद अग्रवाल, सचिव मनोज कुमार चौधरी, कार्यक्रम संयोजक विशाल जालान, सह संयोजक ओम प्रकाश सरावगी, बिष्णु सोनी, पवन पोद्दार (ताउ), वरिष्ट सदस्य पूर्णमल सर्राफ, विमल मोदी, चिरंजीलाल खंडेलवाल, नंद किशोर चौधरी, शिव भगवान अग्रवाल, अनिल अग्रवाल सहित संस्था के बहुत से सदस्य उपस्थित थे। यह जानकारी संस्था के उपाध्यक्ष राजेंद्र प्रसाद अग्रवाल ने दी।

### मारवाड़ी युवा मंच समर्पण शाखा ने लगाया स्वास्थ्य जांच सेवा शिविर




**रांची ।** मारवाड़ी युवा मंच रांची की समर्पण शाखा ने रविवार की सुबह 7 बजे से 9 बजे तक ऑक्सीजन पार्क, मोरहाबादी के सामने डॉ लाल पैथ के सौजन्य से '12 महीने 12 निःशुल्क स्वास्थ्य जांच शिविर' के अंतर्गत दूसरे शिविर का आयोजन किया। इसमें ब्लड शुगर, कैल्शियम, कोलेस्ट्रॉल और हीमोग्लोबिन की निःशुल्क जांच की गई। इस शिविर से 60 से अधिक लोग लाभान्वित हुए। इस शिविर के आयोजन के लिए स्वास्थ्य प्रभारी कोमल झुनझुनवाला एवं संयोजिका आशा सर्राफ ने अच्छी तैयारी की थी। इस कार्यक्रम में शाखा अध्यक्ष विनीता सिंघानिया, पूर्व अध्यक्ष किरण खेतान, कोमल झुनझुनवाला, रितु पोद्दार, पूजा अग्रवाल, आशा सोन्थलिया उपस्थित थीं।

### फेफड़े के कैंसर से जूझ रहे पत्रकार रवि प्रकाश को अमेरिका में मिलेगा अंतरराष्ट्रीय पुरस्कार



**रांची ।** फेफड़े के कैंसर के क्षेत्र में काम करने वाली दुनिया की प्रतिष्ठित संस्था इंटरनेशनल एसोसिएशन फॉर द स्टडी ऑफ लंग कैंसर (आईएएसएलसी) ने वरिष्ठ पत्रकार और लंग कैंसर के अंतिम स्टेज के मरीज रवि प्रकाश को इस साल के पेशेंट एडवोकेट एजुकेशनल अवार्ड के लिए चुना है। मूल रूप से बिहार के मोतिहारी पूर्वी चंपारण के रहने वाले रवि अभी रांची में अशोक नगर में किराए के मकान में रहते हैं। वे वर्ष 2007 से रांची में पत्रकारिता कर रहे हैं। रवि प्रकाश को यह पुरस्कार सितंबर में अमेरिका के कैलिफोर्निया प्रांत के सैन डिएगो शहर में आयोजित होने वाले वर्ल्ड कांफ्रेंस ऑन लंग कैंसर (डब्लूसीएलसी) के दौरान सात सितंबर को दिया जाएगा। यह पुरस्कार लंग कैंसर के क्षेत्र में मरीजों के मुद्दों को उठाने वाले शख्स को हर साल दिया जाता है। आईएएसएलसी का पेशेंट एडवोकेट एजुकेशनल अवार्ड दुनिया के अलग-अलग देशों में मरीजों की एडवोकेसी के क्षेत्र में काम कर रहे पांच लोगों को हर साल दिया जाता है। इस साल भारत से पत्रकार रवि प्रकाश को चुना गया है। रवि प्रकाश जनवरी 2021 से लंग कैंसर से जूझ रहे हैं। उनका कैंसर चौथे स्टेज में पकड़ में आया था। उसके बाद वे न केवल अपने कैंसर का इलाज करा रहे हैं, बल्कि उन्होंने कई मंचों पर मरीजों की आवाज उठाई है। सोशल मीडिया पर भी वे दवाओं की कीमत और कैंसर मरीजों की परेशानियों को लेकर लगातार मुखर रहे हैं।

## एक नजर

### डीसी ने सभी पोलिंग पार्टी को दिया धन्यवाद

**रांची।** जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह उपायुक्त राहुल कुमार सिन्हा ने चुनाव से जुड़े सभी अधिकारी/पदाधिकारी/ पोलिंग टीम/पुलिस बल को विशेष रूप से धन्यवाद देते हुए कहा कि आप सभी पोलिंग पार्टी चुनाव के सारथी रहे। आप सभी ने जिस सिद्दत से अपनी जिम्मेदारी पूरी की उस कारण ही 'चुनाव का पर्व देश का गर्व' सफलता पूर्वक साकार हुआ। आप सभी ने इस चुनाव में काफी प्रयास किया है। आप सभी को मेरी तरफ से बहुत-बहुत धन्यवाद।

### बरियातू स्थित वी मार्ट में तैनात गार्ड की मौत मुआवजे की मांग

**रांची।** सदर थाना क्षेत्र के बड़गाई के श्यामा रेसीडेंसी स्थित वी मार्ट में तैनात गार्ड की रविवार को मौत हो गई। इसके बाद मृतक के परिजन मुआवजे की मांग कर रहे हैं। दरअसल, शनिवार को ड्यूटी में तैनात गार्ड की तबीयत बिगड़ गई थी, जिसके बाद रिम्स अस्पताल में भर्ती कराया गया था। रिम्स में इलाज के दौरान गार्ड की मौत हो गई। मामले की जानकारी मिलने के बाद पुलिस की टीम घटनास्थल पर पहुंचकर परिजनों से बात कर रही हैं।

### संत पॉल्स हाईस्कूल में 28 मई से होंगे बाइबल क्लास

**रांची।** सदर थाना क्षेत्र के बड़गाई के श्यामा रेसीडेंसी स्थित वी मार्ट में तैनात गार्ड की रविवार को मौत हो गई। इसके बाद मृतक के परिजन मुआवजे की मांग कर रहे हैं। दरअसल, शनिवार को ड्यूटी में तैनात गार्ड की तबीयत बिगड़ गई थी, जिसके बाद रिम्स अस्पताल में भर्ती कराया गया था। रिम्स में इलाज के दौरान गार्ड की मौत हो गई। मामले की जानकारी मिलने के बाद पुलिस की टीम घटनास्थल पर पहुंचकर परिजनों से बात कर रही हैं।पेरिस संडे स्कूल समिति की ओर से संत पॉल्स हाईस्कूल, बहुबाजार में बुधवार से बाइबल पाठशाला शुरू होगा।

गरीब और मध्यम वर्ग का आशियाना बनकर तैयार, पर नहीं मिल पा रहा लाभार्थियों को

# हस्तांतरण के चक्रव्यूह में फंसा 'लाइट हाउस'

*पैसे चुकाने के बावजूद लाभार्थी किराए के घरों में रहने को विवश*

*लाभार्थियों को 6.79 लाख रुपये में फ्लैट किए गए हैं आवंटित*

**नवीन मेल संवाददाता। रांची**
ड्रीम प्रोजेक्ट 'लाइट हाउस' में कभी जमीन को लेकर, तो कभी निर्माण को लेकर अनियमितता की बात सामने आते रही है। वैसे, अब 'लाइट हाउस' पूरी तरह से बनकर तैयार है। लाभार्थियों से एग्रीमेंट भी हो चुका है। लेकिन, हस्तांतरण की प्रक्रिया शुरू ही नहीं हो पा रही है। इसका खामियाजा 'लाइट हाउस' में घर लेने वाले लोग भुगत रहे हैं। इतना ही नहीं, पैसे चुकाने के बावजूद लाभुक किराए के घरों में रहने को विवश हैं। ढाई महीने बीतने के बाद भी इसे लेकर कोई पहल नहीं हुई है। रांची के धुर्वा इलाके में 'लाइट हाउस' प्रोजेक्ट का शिलान्यास प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने एक जनवरी, 2021 को वीडियो कांफ्रेंसिंग के माध्यम से किया था। इसके बाद नगर प्रशासन निदेशालय के डायरेक्टर आदित्य कुमार आनंद ने 10 लाभार्थियों को टोकन वितरण के रूप में घरों की चाबियां सौंपी थी। साथ ही, कहा था कि आवास इकाइयों के सभी लाभुकों को चरणबद्ध तरीके से अप्रैल तक आवास उपलब्ध करा दिए जाएंगे। 'लाइट हाउस' प्रोजेक्ट (एलएचपी) के तहत गरीबों और मध्यम वर्ग के लोगों के लिए किफायती दरों पर 1,008 घर बनाए गए हैं। इसमें प्रति फ्लैट कारपेट एरिया लगभग 315 वर्ग फुट है। यह परियोजना 134 करोड़ रुपये की लागत से 7.5 एकड़ भूमि पर तैयार की गई है। धुर्वा में नवनिर्मित 'लाइट हाउस' की क्वालिटी जांच करने का आदेश नगर विकास विभाग ने नगर निगम को दिया है, जिसके लिए पत्र लिख कर जरूरी कार्रवाई करने को कहा है। इस संबंध में नगर विकास विभाग को शिकायत मिली थी। और, इसके बाद निर्माण में गड़बड़ी के जांच करने का निर्णय लिया गया है। लाभार्थियों को 6.79 लाख रुपये में फ्लैट आवंटित किए गए हैं।



### क्या है 'लाइट हाउस' प्रोजेक्ट

**'लाइट हाउस' प्रोजेक्ट केंद्रीय शहरी मंत्रालय की महत्वाकांक्षी योजना है। इसके तहत गरीब और मध्यम वर्ग के लोगों को विशेष तकनीक का इस्तेमाल कर स्थानीय जलवायु और पारिस्थितिकी (इकोलॉजी) के अनुसार टिकाऊ और सस्ते आवास प्रदान किए जाने हैं। इसके तहत बने मकान पूरी तरह से भूकंपरोधी होंगे। इस प्रोजेक्ट के लिए जिन राज्यों को चुना गया है, उनमें झारखंड, उत्तर प्रदेश, मध्य प्रदेश, त्रिपुरा, तमिलनाडु और गुजरात शामिल हैं।**

### पूरी बिल्डिंग की हालत हो गई खराब : सुधीर तिवारी

**'लाइट हाउस' प्रोजेक्ट सोसायटी के अध्यक्ष सुधीर तिवारी ने कहा कि आजतक लाभार्थियों को बिल्डिंग हैंडओवर ही नहीं हुआ है। वहीं, पूरी बिल्डिंग की हालत भी खराब है। दीवारों में सीपेज हो रही है। कहीं-कहीं पर बाथरूम एवं किचन की फिटिंग नहीं है। उन्होंने कहा, काम में भी गुणवत्ता का ख्याल नहीं रखा गया है। पहले भी इसकी शिकायत हमलोगों ने की है। कुल मिलाकर इसमें लाभुक फंस गए हैं। पैसे देने के बाद भी उनको घर नहीं मिल पा रहा है।**

# मारासिली पहाड़ पर सर्पदंश से लाल गिरी बाबा की मौत



**नवीन मेल संवाददाता। रांची**
शहर के नामकुम थाना क्षेत्र अंतर्गत मारासिली पहाड़ पर रहने वाले लाल गिरी बाबा की रविवार की सुबह सांप काटने से मौत हो गई। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए रिम्स भेज दिया है।

जानकारी के अनुसार, पलामू जिले के रहने वाले लाल गिरी बाबा नामकुम स्थित मारासिली पहाड़ी पर 15 वर्षों से अधिक समय से रहते थे। उनके प्रयास से पहाड़ी पर शिव मंदिर और हनुमान मंदिर का भव्य निर्माण भी कराया जा रहा था।

स्थानीय लोगों के मुताबिक आज सुबह सूचना मिली कि बाबा को किसी जहरीले कोबरा ने काट लिया है। ग्रामीण पहाड़ की ओर भागे तो देखा कि बाबा खुद पहाड़ी से नीचे उतरने की कोशिश कर रहे थे, लेकिन उतरते समय वह बेहोश हो गए। उन्हें काटने वाला कोबरा भी वहीं मौजूद था। स्थानीय ग्रामीणों ने उसे पकड़कर कैद कर लिया। बेहोशी की हालत में बाबा को अस्पताल ले जाया जा रहा था, लेकिन रास्ते में ही उनकी मौत हो गई। डीएसपी अमर कुमार पांडेय ने बताया कि सांप के काटने से लाल गिरी बाबा की मौत हुई है। शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है। फिलहाल जांच-पड़ताल की जा रही है।

### शहर के लोग वोट देने का फर्ज नहीं निभाते : अली

**रांची।** लोकसभा चुनाव 2024 में शहर के मुकाबले ग्रामीण क्षेत्रों में मतदान का प्रतिशत अच्छा रहा। वहीं शहरी इलाकों में मतदान का प्रतिशत काफी कम रहा। शहरी क्षेत्र में प्रतिशत में हुई गिरावट की वजह पर लोगों से किये गये बातचीत के अंश प्रस्तुत हैं। आजसू पार्टी के केंद्रीय संगठन सचिव, आमया संगठन के केंद्रीय अध्यक्ष एस अली ने कहा कि शहर के लोग केवल चर्चा करते हैं, मतदान का फर्ज नहीं निभाते हैं। ठेकेदार व पेशेवर गिराह से भी लोग नारज थे, इस कारण भी कम लोग मतदान केंद्र पहुंचे। जिल निर्वाचन पदाधिकारी को समीक्षा करनी चाहिये। बीएलओ ने अपने कार्य अच्छे से नहीं किये यह भी एक बड़ा कारण है, मतदान में गिरावट का। मेरे यहां छह मतदाता हैं, तीन दूसरे मतदान केंद्र के व तीन दूसरे मतदान केंद्र के हैं। लेकिन मेरे में एक बीएलओ ही आये तीन पर्ची दिया। अन्य तीन के पर्ची के लिये कहने पर भी नहीं आये, इस कारण पर्ची ढूंढने में काफी परेशानी हुई। अधिवक्ता नसर इमाम ने कहा कि जनता का मतदान के प्रति रुझान कम नजर आया। गर्मी भी बहुत ज्यादा थी, जनता के उत्साह में कमी थी, इस कारण शहरी क्षेत्र में कम मतदान हुए।

# 10वीं-12वीं के फेल छात्रों की उपस्थिति की जांच रिपोर्ट तैयार हो : आदित्य रंजन



*राज्य शिक्षा परियोजना निदेशक ने सभी जिलों के डीईओ को भेजा पत्र*

*वैसे स्कूल जिनके 10 प्रतिशत से अधिक विद्यार्थी अनुत्तीर्ण हुए हैं, उनकी रिपोर्ट भी बनेगी*

**नवीन मेल संवाददाता। रांची**
प्रावधानों के मुताबिक 10वीं और 12वीं कक्षा में पढ़ने वाले स्टूडेंट्स की अपने स्कूल में 75 प्रतिशत उपस्थिति जरूरी है। अब झारखंड शिक्षा परियोजना परिषद की नजर उन स्टूडेंट्स पर है, जो 10वीं एवं 12वीं की परीक्षा में हाल के दिनों में जारी रिजल्ट में अनुत्तीर्ण हैं और जिनकी अपने क्लास में उपस्थिति 75 प्रतिशत से भी कम रही है। इसकी रिपोर्ट तैयार कराई जाएगी। इस संबंध में राज्य शिक्षा परियोजना निदेशक आदित्य रंजन ने सभी जिलों के जिला शिक्षा पदाधिकारियों और अन्य को पत्र भी भेजा है। इसके जरिए निदेशक आदित्य रंजन ने कहा है कि स्कूलों में 75 प्रतिशत उपस्थिति और लगातार 30 दिनों तक अनुपस्थित रहने वाले स्टूडेंट्स का नामांकन रद्द करने संबंधी दिशा-निर्देश पहले से निर्गत है। इसके आलोक में सीएम आदर्श स्कूलों में शैक्षणिक सत्र 2023-24 में 10वीं और 12वीं क्लास के वैसे स्टूडेंट्स जो अनुत्तीर्ण हो गए, उनकी स्कूलों में क्या उपस्थिति रही, उससे संबंधित जांच रिपोर्ट तैयार की जाए।

निदेशक ने कहा है कि इसके पिछले सत्र की भी उपस्थिति संबंधी रिपोर्ट तैयार हो। साथ ही, ऐसे सभी स्कूल जिनमें 10 प्रतिशत से अधिक स्टूडेंट्स अनुत्तीर्ण हुए हैं, उनकी रिपोर्ट भी तैयार कर जल्द से जल्द परियोजना कार्यालय को भेजा जाए। इस रिपोर्ट को तैयार करते समय जिला, स्कूल का नाम, कक्षा, संकाय, बोर्ड परीक्षा में शामिल स्टूडेंट्स की संख्या, उत्तीर्ण और अनुत्तीर्ण स्टूडेंट्स की संख्या और अन्य जानकारियां (क्लास, रोल नंबर, उपस्थिति व अन्य) दर्ज होनी चाहिए।

# साधना में सहायक है शुद्ध ब्रह्म भोजन : निर्मला बहन



**नवीन मेल संवाददाता। रांची**
कलियुग और सतयुग के इस पुरुषोत्तम संगम समय में साधना में लगे साधक को भोजन पर बहुत ध्यान रखना चाहिए। साधना में शुद्ध ब्रह्म भोजन सहायक है। ये विचार रविवार को रांची के हरमू रोड के चौधरी बागान स्थित ब्रह्माकुमारी संस्थान में आयोजित ब्रह्म भोजन के अवसर पर ब्रह्माकुमारी निर्मला बहन ने अभिव्यक्त किए।

उन्होंने कहा, भोजन बनाने वाले के विचार शुद्ध, पवित्र और समर्थ होने चाहिए। भोजन ग्रहण करते समय शिव परमात्मा की याद में भोग लगाकर खायें, तो भोजन ब्रह्म भोजन बन जाता है। इसके लिए देवता भी तरसते हैं। ऐसे ब्रह्म भोजन करने वाले का मन परमात्मा की मधुर स्मृति में स्थिर होकर परमानंद का अनुभव करेगा और तन एवं आंतरिक अंग सदा स्वस्थ्य रहेंगे।

ब्रह्माकुमारी निर्मला बहन ने कहा, भोजन से भावनाएं पैदा होती हैं और भावनाएं हमारे शारीरिक और मानसिक स्वास्थ्य का निर्माण करती हैं। इसलिए यह ध्यान रखना जरूरी है कि हम क्या खाते हैं। चूंकि अवचेतन मन हमारे संस्कारों को धारण करता है, इसलिए कहा जाता है कि हम वही बन जाते हैं जो हम खाते हैं। वैज्ञानिक भी इस अवधारणा का समर्थन करते हैं कि सभी पदार्थ हमारे विचारों की ऊर्जा पर प्रतिक्रिया करते हैं। तो, क्यों न हम अपने भोजन को चार्ज कर उच्च आध्यात्मिक ऊर्जा से भर दें। शिव पिता की याद में बनाया गया भोजन ब्रह्म भोजन कहलाता है।

इस अवसर पर सहज राजयोग तथा सप्तरंगों के प्रकाश द्वारा सभी ने मानसिक व शारीरिक स्वास्थ्य डायबिटिज, किडनी व गैस आदि बीमारियों में लाभ का अनुभव किया। विभिन्न गीतों द्वारा भी मेडिटेशन किया गया। अंत में सभी ने ब्रह्म भोजन स्वीकार किया और झारखंड प्रदेश, देश व विश्व में शांति व समृद्धि की कामना के प्रकंपन वायुमंडल में प्रेषित किए।

### वाईएमसीए में समर कैंप का उद्घाटन

**रांची ।** वाईएमसीए, कांटाटोली, रांची एवं स्पोट्र्स योगा एसोसिएशन ऑफ झारखंड के निःशुल्क समर कैंप का उद्घाटन रविवार को किया गया। समर कैंप का उद्घाटन वाईएमसीए के महासचिव चोनस कुजूर, स्पोर्टस योगा एसोसिएशन ऑफ झारखंड के सचिव शुशांता भट्ट ने किया। बताया गया कि यह समर कैंप 26 मई से 2 जून तक चलेगा। इसका समय संध्या 5:00 से 6:00 बजे तक है । इस समर कैंप में सभी आयु वर्ग के छात्र-छात्राएं भाग ले सकते हैं। समर कैंप में भाग लेने वाले सभी प्रतिभागियों को समापन समारोह में प्रमाण पत्र दिया जाएगा। इस कैंप का संचालन अर्पिता चक्रवर्ती, इंदु कुमारी महतो एवं राहुल पोद्दार कर रहे हैं।




# अंतिम चरण के लिए पार्टियों ने संताल में झोंकी ताकत

**उपेंद्र गुप्ता। रांची**

**झारखंड में तीसरे चरण का मतदान खत्म हो होने के बाद अब सभी एनडीए और इंडी दोनों गठबंधन ने संताल परगना के तीनों सीट पर 1 जून को होने वाले मतदान को लेकर अपनी ताकत झोंक दी है । संताल परगना की तीनों सीट राजमहल, दुमका और गोड्डा पर सबकी नजरें हैं, इसमें दो सीट आदिवासी आरक्षित सीट है तो एक सामान्य सीट है। 2019 में दुमका और गोड्डा पर भाजपा का कब्जा था और राजमहल पर झामुमो ने कब्जा जमाया था। इस बार दोनों गठबंधन की प्रतिष्ठा दांव पर लगी है। इसलिए दोनों गठबंधन के कई बड़े नेता संताल में कैंप कर जोर आजमाइश में जुटे हैं।**

## सोरेन परिवार की प्रतिष्ठा दांव पर



सोरेन परिवार की विरासत वाली सीट दुमका पर पिछली बार की तरह मुकाबला भाजपा और झामुमो के बीच ही सीधा मुकाबला है। लेकिन इस बार परिस्थिति बिल्कुल अलग है। सोरेन परिवार का की भी सदस्य झामुमो के टिकट पर मैदान में नहीं है, क्योंकि शिबू सोरेन की बड़ी बहू सीता सोरेन भाजपा में शामिल होकर सोरेन परिवार को ही चुमौती दे रही है। तो दूसरी तरफ गुरुजी के सबसे वफादार और पुराने दिग्गज सात बार के विधायक नलिन सोरेन सोरेन परिवार की विरासत बचाने में जुटे हैं। 2019 में भाजपा के सुनील सोरेन ने शिबू सोरेन को हरा कर भाजपा को जीत दिलायी थी, लेकिन इस बार भाजपा ने शिबू सोरेन परिवार में सेंधमारी कर सोरेन परिवार की बहू को अपने पाले में कर संताल से पूरी तरह झामुमो का सफाया करना चाहती है। भाजपा के इसी उद्धेश्य को पूरा करने के लिए भाजपा के सभी बड़े दिग्गज दुमका में कैंप कर धुंआधार जनसंपर्क अभियान में जुट गए हैं। इसमें आजसू ने भी अपनी ताकत झोंक दी है। दूसरी तरफ इंडी गठबंधन भी इस बार शिबू सोरेन और हेमंत सोरेन के बिना चुनाव मैदान में है और उनकी कमान शिबू सोरेन के छोटे बेटे बसंत सोरेन और हेमंत की पत्नी कल्पना सोरेन संभाल रही है।

## गोड्डा में अभिषेक झा से मुकाबला बना दिलचस्प



संताल परगना की एक मात्र सामान्य सीट गोड्डा पर राज्य की ही नहीं देश भर की नजरें टिकी है, भाजपा के तेजतर्रार नेता और शिबू परिवार पर तीखे हमले के लिए चर्चित भाजपा सांसद निशिकांत दुबे जीत का चौका लगाने के लिए मेहनत कर रहे हैं, वहीं उनका मुकाबला उनके चिरप्रतिद्वंदी कांग्रेस के प्रदीप यादव से है। निशिकांत दुबे को गोड्डा में विकास के सहारे चुनाव जीतने को लेकर आश्वस्त हैं। वहीं पांच बार के विधायक और एक बार सांसद रह चुके प्रदीप यादव भी इस बार भाजपा प्रत्याशी को पटकनी देने के लिए जी-जान से जुटे हैं। सीधा मुकाबला इन दोनों के बीच ही होने के आसार हैं। लेकिन इसे त्रिकोणीय बनाने में बिहार के पूर्व मुख्यमंत्री विनोदानंद झा के प्रपौत्र अभिषेक आनंद झा निर्दलीय प्रत्याशी के रूप में मैदान में हैं। उनकी उम्मीदवारी से मुकाबले दिलचस्प हो गया है। अभिषेक झा के नामांकन में सैकड़ों वाहनों का काफिला और जुटी भीड़ को देख कर लोग अंदाजा लगा रहे हैं कि अगर मुकाबला त्रिकोणीय हुआ तो परिणाम चौंकाने वाले हो सकते हैं। जिसकी संभावना बन रही है। अभिषेक झा किसका नुकसान करेंगे।

## लोबिन की उम्मीदवारी से झामुमो की राह कठिन



संताल परगना की राजमहल लोकसभा सीट झामुमो की प्रतिष्ठा वाली सीट मानी जाती है। 2014 और 2019 में प्रचंड मोदी लहर में भी राजमहल की सीट से भाजपा को पराजय का सामना करना पड़ा था। झामुमो के सीटिंग सांसद विजय हांसदा मोदी लहर में भी लगातार दोनों बार जीत दर्ज की और झामुमो के इकलौते सांसद बनकर झारखंड से विपक्ष की आवाज बनते रहे। इसलिए झामुमो ने फिर से विजय हांसदा पर ही भरोसा दिखाते हुए चुनावी मैदान में उतारा है। जबकि भाजपा ने पूर्व विधायक और पूर्व प्रदेश अध्यक्ष ताला मरांडी को मैदान में उतारा है। ताला मरांडी पर भाजपा को इस सीट से जीत दिलाने ना सिर्फ बड़ी जिम्मेवारी है,बल्कि उनके राजनीतिक भविष्य को लेकर भी काफी महत्वपूर्ण है। ताला मरांडी पहले भाजपा में ही थे, लेकिन अपने बेटे की नाबालिग लड़की से शादी मामले में विवाद में आने के कारण इन्हें प्रदेश अध्यक्ष की कुर्सी गंवानी पड़ी थी। फिर पार्टी विरोधी बयान के कारण भी पार्टी छोड़नी पड़ी। इसके बाद ये कई दलों में गए, आजसू के टिकट पर चुनाव लड़े, लेकिन सफलता नहीं मिली। बाबूलाल के अध्यक्ष बनने पर उनकी वापसी हुई है और सीधे लोकसभा का टिकट मिल गए।

### जामताड़ा में विधानसभा स्तरीय ग्राम प्रभारी सम्मेलन आयोजित

# तुष्टिकरण झामुमो-कांग्रेस की राजनीति का आधार, विकास से मतलब नहीं : सुदेश

**नवीन मेल संवाददाता। रांची**

आजसू के केंद्रीय अध्यक्ष अध्यक्ष सुदेश कुमार महतो ने जामताड़ा के यज्ञ मैदान में आयोजित जामताड़ा विधानसभा स्तरीय ग्राम प्राभारी सम्मेलन में शिरकत की । दुमका से एनडीए प्रत्याशी सीता सोरेन भी मौजूद रही। सुदेश महतो ने कार्यकताओं को उनकी जीत सुनिश्चित करने के लिए दिशा-निर्देश दिए साथ ही उन्होंने सीता सोरेन की ऐतिहासिक जीत के लिए लोगों से आह्वान किया। इस दौरान जामताड़ा विधानसभा क्षेत्र के सभी केंद्रीय पदाधिकारी, केंद्रीय सदस्य, जिला कमिटी, जिला के सभी प्रखंड प्रभारी और विधानसभा क्षेत्र के सभी इकाइयों के प्रखण्ड अध्यक्ष, सचिव तथा पंचायत एवं ग्राम प्रभारियों ने हिस्सा लिया। मौके पर जामताड़ा बार एसोसिएशन के अध्यक्ष मोहन बर्मन ने पार्टी की सदस्यता ग्रहण की। आजसू सुप्रिमो ने कार्यकताओं को संबोधित करते



हुए कहा कि कांग्रेस के तुष्टीकरण की राजनीति के कारण समाज का एक वर्ग राष्ट्रीय विचारधारा से दूर है। झामुमो और कांग्रेस अपने राजनीतिक दायित्व से अलग होकर तुष्टिकरण की राजनीति करते रहे हैं। विकास से इनका कोई वास्ता नहीं है। इन दोनों ने समाज के एक-एक वर्ग को अपने राजनीतिक लाभ के लिए अपना शिकार बना रखा है। कांग्रेस और झारखंड मुक्ति मोर्चा ने संथाल परगना के विकास को अवरोध किया है। साथ ही सबसे ज्यादा आदिवासी समाज को गुमराह किया है। यही वजह है कि लोकसभा चुनावों में राज्य की जनता ने इंडी गठबंधन को नकार दिया है। उन्होंने कहा कि सातवें और अंतिम चरण में संथालपरगना की तीनों सीटों पर एनडीए की जीत होगी। पहले के चरणों में जिन 11 सीटों पर चुनाव हुए हैं, वहां इंडी गठबंधन की हार तय है। सुदेश महतो ने कहा कि राज्य और राज्यवासियों का हित सरकार का कर्तव्य है लेकिन मौजूदा सरकार ने राजनीति की परिभाषा ही बदल कर रख दी है। जिस सरकार को जनता ने विकास के लिए चुना था आज उसी सरकार के भीतर कौन अधिक भ्रष्टाचार करेगा इस बात की प्रतिस्पर्धा चल रही है।

# हासा-भाषा को खत्म करने पर तुली है कांग्रेस-झामुमो : अर्जुन मुंडा

**नवीन मेल संवाददाता। दुमका**

केंद्रीय मंत्री अर्जुन मुंडा ने जनसंपर्क अभियान के तहत रविवार को काठीकुंड प्रखंड क्षेत्र के दलदली मैदान में भाजपा प्रत्याशी सीता सोरेन के पक्ष में जनसभा को संबोधित किया। उन्होंने राज्य सरकार पर जबरदस्त प्रहार करते हुए दुमका लोकसभा से भाजपा प्रत्याशी सीता सोरेन के पक्ष में मतदान करने की अपील की। अर्जुन मुंडा ने कहा कि लोकसभा चुनाव देश के भविष्य का चुनाव है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने अनाज, शौचालय, शुद्ध पेयजल, आवास मुहैया कराने का काम किया। वहीं दूसरी तरफ कांग्रेस और झारखंड मुक्ति मोर्चा ने हासा-भाषा को खत्म करने का काम किया है। केंद्रीय मंत्री अर्जुन मुंडा ने विपक्षियों पर निशाना साधते हुए कहा कि कांग्रेस और झारखंड मुक्ति मोर्चा ने खनिज संपदा को लूटा, भ्रष्टाचार को बढ़ावा दिया।साथ ही अपनी तिजोरी भरने का काम किया। उन्होंने कहा कि झारखंड सरकार के ग्रामीण विकास विभाग का पैसा बड़ी-बड़ी बिल्डिंग में मिल रही है।यह पैसा किसका है, इसका हिसाब तो देना पड़ेगा। झारखंड सरकार के मंत्री लूट का साधन बना लिए है। कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का संकल्प है, हर गरीबों को राशन मिले,हर घर में शुद्ध पेयजल पहुंचे, हर घर का चूल्हा जलना चाहिए,सभी का पक्का मकान होना चाहिए, शिक्षित युवाओं को नौकरी मिलना चाहिए। उन्होंने एक जून को बढ़चढ़ कर मतदान करने की अपील जनता से की। मुंडा ने कहा कि आपके मतदान के ताकत से पाक अधिकृत कश्मीर भी प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी वापस लेकर रहेंगे।




### बिष्णु दत्त ने दुमका में बूथ अध्यक्षों के साथ की बैठक

**दुमका।** जिले के रानेश्वर प्रखंड के रानेश्वर स्थित भाजपा कार्यालय में रविवार को रानेश्वर मंडल के नौ पंचायत अध्यक्षों एवं 50 बूथ अध्यक्षों की विशेष बैठक हुई। बैठक में मुख्य रूप से मध्यप्रदेश भाजपा अध्यक्ष सह सांसद बिष्णु दत्त शर्मा उपस्थित थे। बिष्णु दत्त ने बूथ अध्यक्षों को बूथ जीतने की रणनीति बताते हुए कहा कि बूथ अध्यक्ष ही संगठन का असली चाणक्य है। उन्हीं की बदौलत संगठन प्रदेश से लेकर केंद्र में सरकार बनाते हैं। उन्होंने हर बूथ में 10 प्रतिशत वोट बढ़ाने का निर्देश दिया। शर्मा ने कहा कि इसमें कोई शक नहीं है कि केंद्र में हम तीसरी बार सरकार बनाने जा रहे हैं।

# झामुमो प्रत्याशी 35 साल से विधायक पर क्षेत्र का नहीं किया विकास : मधु

**नवीन मेल संवाददाता। रांची**

झारखंड के पूर्व मुख्यमंत्री मधु कोड़ा अपनी सांसद पत्नी गीता कोडा के साथ संताल परगना में भाजपा प्रत्याशी की जीत के लिए जमकर चुनाव प्रचार कर रहे हैं। रविवार को दुमका लोकसभा सीट के शिकारीपाड़ा के सीतासाल, बोराडंगाल, सिरुआडीह, लांगों पहाड़ी गांव पहुंचे और जनसंपर्क अभियान चलाया। भाजपा प्रत्याशी सीता सोरेन के लिए जीताने की अपील की । पूर्व सीएम मधु कोड़ा ने कहा कि जिस तरह पूरे देश में भाजपा की लहर चल रही है, उसी तरह संताल में भी भाजपा के पक्ष में लहर है, दुमका में भी भाजपा के पक्ष में काफी रुझान है। ऐसे में यहां से सीता सोरेन की जीत पक्की है। दुमका के लोग यह समझ चुके हैं कि क्षेत्र का विकास भारतीय जनता पार्टी ही कर सकती है। पूर्व सीएम ने झामुमो प्रत्याशी स्थानीय विधायक विधायक नलिन सोरेन पर भी जमकर निशाना साधा। शिकारीपाड़ा विधानसभा क्षेत्र से नलिन सोरेन पिछले 35 वर्षों से विधायक हैं पर इस इलाके में किसी भी तरह का विकास कार्य नहीं हुआ। लोगों को पीने का पानी तक नहीं मिल पा रहा है। जनता उनसे ऊब चुकी है, उनकी सच्चाई जान चुकी है कि इनसे कुछ नहीं होने वाला है। जनता अब उनको मौका देने वाली नहीं है।मधु कोड़ा ने कहा कि उनको जीताकर कुछ भी हासिल नहीं होने वाला है।



### स्वागत जोरदार



झामुमो की स्टार प्रचारक कल्पना सोरेन रविवार को इंडी गठबंधन के प्रत्याशियों के चुनाव प्रचार में भाग लेने गोड्डा पहुंचीं। गोड्डा में हेलीकॉप्टर से उतरते ही झारखंड मुक्ति मोर्चा व कांग्रेस पार्टी की महिला कार्यकर्ताओं ने उनका भव्य स्वागत किया।

### मतदान

## राज्य के तीसरे चरण में 65.40 फीसदी वोटिंग

# रांची व जमशेदपुर में पुरुषों ने मारी बाजी : के. रवि कुमार

**नवीन मेल संवाददाता। रांची**

मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी के. रवि कुमार ने कहा है कि देश के छठे चरण और राज्य के तीसरे चरण में मतदान का प्रतिशत 65. 40 रहा है। मतगणना के दिन पोस्टल बैलेट की गिनती के बाद इस आंकड़ें में थोड़ी बढ़ोतरी होगी।

उन्होंने कहा कि सभी इवीएम स्क्रूटनी के बाद स्ट्रांग रूम में सील किये जा चुके हैं। स्ट्रांगरूम त्रिस्तरीय सुरक्षा में सीसीटीवी कैमरे की निगहबानी में है। उन्होंने कहा कि राज्य में तीसरे चरण में भी मतदान शांतिपूर्ण रहा। वे रविवार को निर्वाचन सदन, धुर्वा में प्रेस वार्ता कर रहे थे।



### जमशेदपुर में 67.49 व रांची में 65.20 महिलाओं ने किया वोट

उन्होंने बताया कि जमशेदपुर संसदीय निर्वाचन क्षेत्र में सर्वाधिक 67.68 प्रतिशत मतदाताओं ने अपने मताधिकार का प्रयोग किया है। यहां पुरुष मतदाता 67.87 और महिला मतदाताओं ने 67.49 फीसदी मतदान किया है। इस तरह महिलाओं से पुरुष मतदाताओं से 0.38 फीसदी अधिक मतदान किया है। उसी तरह रांची संसदीय निर्वाचन क्षेत्र में 65.36 प्रतिशत मतदाताओं ने अपने मताधिकार का प्रयोग किया है। यहां पुरुष मतदाता 65.53 और महिला मतदाताओं ने 65.20 फीसदी मतदान किया है। इस तरह महिलाओं से पुरुष मतदाताओं ने 0.33 फीसदी अधिक मतदान किया है। उन्होंने बताया कि आदर्श आचार संहिता लागू होने के बाद से अब तक झारखंड में 129 करोड़ रुपये से अधिक की अवैध सामग्री और नकदी की जब्ती की गयी है।

### गिरिडीह में 69.60 और धनबाद में 62.33 फीसदी महिलाओं ने किया मतदान

उन्होंने बताया कि गिरिडीह संसदीय निर्वाचन क्षेत्र में 67.23 प्रतिशत मतदाताओं ने अपने मताधिकार का प्रयोग किया है। यहां पुरुष मतदाताओं की अपेक्षा महिला मतदाताओं ने अधिक मतदान किया है। यहां पुरुष मतदाता 65.00 और महिला मतदाताओं ने 69.60 फीसदी मतदान किया है। इस तरह पुरुष मतदाताओं से 4.60 फीसदी अधिक मतदान महिलाओं ने किया है। धनबाद संसदीय निर्वाचन क्षेत्र में 62.06 प्रतिशत मतदाताओं ने अपने मताधिकार का प्रयोग किया है। यहां भी पुरुष मतदाताओं की अपेक्षा महिला मतदाताओं ने अधिक मतदान किया है। यहां पुरुष मतदाता 61.82 और महिला मतदाताओं ने 62.33 फीसदी मतदान किया है। इस तरह पुरुष मतदाताओं से 0.51 फीसदी अधिक मतदान महिलाओं ने किया है।

## देश की जनता इंडी गठबंधन को पूर्ण बहुमत देगी : कैलाश

**रांची ।** प्रदेश राजद महासचिव सह मीडिया प्रभारी कैलाश यादव ने प्रेस ब्यान जारी कर कहा कि देश में प्रमुख मुद्दा बेरोजगारी, महंगाई,संविधान, आरक्षण, महिला सुरक्षा, अग्निवीर,ओल्ड पेंशन स्कीम किसान मजदूर जैसे अन्य ज्वलंत जनता के मुद्दों पर सवाल उठाकर विपक्ष मोदी सरकार को घेर रहा है । यही कारण है कि देश की जनता इंडिया गठबंधन को समर्थन कर स्पष्ट बहुमत देने का काम करेगी और देश में अहंकारी मोदी सरकार को हटाने के पक्ष में लगातार हर चरण में वोटिंग कर रही है ।यादव ने कहा कि राजद के युवा नेता तेजस्वी यादव का युवाओं महिलाओं और आम लोगों में काफी लोकप्रियता बढ़ी है,बिहार के साथ साथ झारखंड, बंगाल,महाराष्ट्र, दिल्ली यूपी जैसे जगहों पर उनके कार्यक्रम के लिए तमाम राजनैतिक दल निमंत्रण दे रहे हैं । अब तक 6 चरण में 210 से अधिक विशाल जनसभा करने का ऐतिहासिक काम किया है।

## न्यूज | बॉक्स

### रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह आज उधवा में करेंगे जनसभा



**रांची ।** रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह सोमवार को राजमहल लोकसभा में 3:00 बजे से जनसभा को संबोधित करेंगे। जनसभा का आयोजन राजमहल लोकसभा के साहिबगंज जिले के उधवा प्रखंड के श्रीधर दियरा कॉलोनी नंबर 9 स्थित प्राथमिक विद्यालय मैदान में किया गया है। इस अवसर पर लोकसभा प्रभारी राकेश प्रसाद, लोकसभा संयोजक अनंत ओझा, लोकसभा प्रत्याशी ताला मरांडी, साहिबगंज जिला अध्यक्ष उज्वल मंडल भी मौजूद रहेंगे।

### विधानसभा अध्यक्ष के खिलाफ भाजपा पहुंची चुनाव आयोग




**रांची।** भाजपा का एक प्रतिनिधिमंडल विधि प्रकोष्ठ के प्रदेश संयोजक सुधीर श्रीवास्तव के नेतृत्व मे चुनाव आयोग पहुँच कर विधान सभा अध्यक्ष रविंद्र नाथ महतो के खिलाफ शिकायत दर्ज करवाई। सुधीर श्रीवास्तव ने बताया की विधान सभा अध्यक्ष जिस प्रकार अपने पद का दुरूपयोग कर रहे हैं वह गलत है और भाषण मे अध्यक्ष ने कहा है की ₹जेल का फाटक टूटेगा हेमंत सोरेन छूटेगा, जेल का फाटक तब टूटेगा जब नलिन सोरेन जीतेगा यह नारा नहीं है बल्कि न्यायपालिका पर हमला है। हेमंत सोरेन न्यायपालिका के आदेश पर जेल मे हैं और जेल का फाटक तोड़ने का आह्वान विधान सभा अध्यक्ष कर रहे हैं जो खुद संवैधानिक पद पर हैं और उनका कोर्ट भी लगता है। विधानसभा अध्यक्ष युवाओं को उकसाने का काम कर रहे हैं की जेल का ताला तोड़ने के लिए, जब जन प्रति निधि ऐसा आह्वान करता है तो वह युवाओं के लिए जनता के लिए उकसाने का काम होता है। विधान सभा अध्यक्ष किसी पार्टी के सदस्य नहीं होते फिर भी विधान सभा अध्यक्ष रवींद्र नाथ महतो प्रचार कर रहे हैं। पूर्व मे इनके खिलाफ भाजपा ने शिकायत दर्ज कराई थी पर आजतक कोई करवाई नहीं हुई। प्रतिनिधिमंडल मे शिव कुमार शर्मा, मनोज दुबे शामिल थे।

### मतदान के बाद स्ट्रांग रूम में स्क्रूटनी की प्रक्रिया पूरी

**रांची।** रांची संसदीय क्षेत्र में मतदान की प्रक्रिया पूर्ण होने के बाद रविवार को पंडरा बाजार समिति अवस्थित स्ट्रांग रूम में स्क्रूटनी की प्रक्रिया पूरी की गई। रांची लोकसभा निर्वाचन क्षेत्र के सामान्य प्रेक्षक डीएस रमेश की अध्यक्षता में सभी उम्मीदवारों एवं एजेंट की उपस्थिति में स्क्रूटनी की प्रक्रिया पूरी की गई। निवार्ची पदाधिकारी 08-रांची संसदीय क्षेत्र राहुल कुमार सिन्हा ने बताया कि स्क्रूटनी के दौरान सभी पोलिंग स्टेशन के प्रीजाइडिंग ऑफिसर्स की डायरी, रजिस्टर ऑफ वोट्स फॉर्म 17ए तथा काउंट ऑफ वोट्स फॉर्म 17सी का अध्ययन किया गया एवं इसके संबंध में विस्तृत सूचना सभी उम्मीदवारों एवं एजेंट को उपलब्ध कराया गया। रांची लोकसभा क्षेत्र अंतर्गत सभी विधानसभा क्षेत्र में मतदान प्रतिशत की भी जानकारी उम्मीदवारों को दी गई। साथ ही मतदान प्रतिशत से 15 फीसदी ऊपर एवं 15 फीसदी नीचे मतदान केंद्रों के बारे में भी उम्मीदवारों को अवगत कराया गया। स्क्रूटनी के दौरान उम्मीदवारों द्वारा सवालों के जवाब का देते हुए उन्हें संतुष्ट किया गया एवं स्क्रूटनी की कार्रवाइ पूरी की गई।

### पूर्व केंद्रीय मंत्री सुबोधकांत सहाय की मौजूदगी में कांग्रेस नेताओं ने की चाय पर चर्चा

**रांची ।** लोकसभा चुनाव में रांची संसदीय क्षेत्र की जनता ने कांग्रेस प्रत्याशी यशस्विनी सहाय की जीत की राहें आसान कर दी है। उक्त बातें रविवार को पूर्व केंद्रीय मंत्री सुबोधकांत सहाय के एचईसी परिसर स्थित आवासीय कार्यालय पर हुई चाय पर चर्चा व समीक्षा बैठक में झारखंड प्रदेश कांग्रेस कमेटी के वरीय उपाध्यक्ष अनादि ब्रह्म ने कही। श्री ब्रह्म ने कहा कि रांची संसदीय क्षेत्र सहित पूरे झारखंड की जनता ने भाजपा को नकार दिया। मोदी सरकार की जुमलेबाजी के झांसे में जनता इस बार नहीं आई। उन्होंने कहा कि भाजपा से झारखंड की जनता का मोह भंग हो गया है। इस बार चुनाव में इंडिया गठबंधन के प्रत्याशियों के समर्थन में अधिकतर मतदाताओं ने मतदान किया। वहीं, रांची महानगर कांग्रेस कमेटी के पूर्व अध्यक्ष सुरेंद्र सिंह ने कहा कि रांची लोक सभा सीट पर जनता ने कांग्रेस प्रत्याशी सुश्री सहाय को व्यापक समर्थन देकर उन्हें संसद भेजने का मार्ग प्रशस्त कर दिया है। श्री सिंह ने कहा कि रांची के अधिकतर मतदाताओं ने कांग्रेस के प्रति विश्वास व्यक्त करते हुए अपना समर्थन दिया। इसके लिए रांची संसदीय क्षेत्र की जनता के प्रति उन्होंने आभार व्यक्त किया।

### चक्रवात रैमेल के कारण ये ट्रेनें रद रहेंगी

26 मई को ट्रेन नंबर 22897 हावड़ा - दीघा काण्डारी एक्सप्रेस का परिचालन रद रहा।

26 मई को ट्रेन नंबर 08137 पांशकुड़ा - दीघा ईएमयू पैसेंजर स्पेशल का परिचालन रद रहा।

26 मई को ट्रेन नंबर 08139 पांशकुड़ा - दीघा ईएमयू पैसेंजर स्पेशल का परिचालन रद रहा।

26 मई को ट्रेन नंबर 22898 दीघा - हावड़ा काण्डारी एक्सप्रेस का परिचालन रद रहा।

27 मई को ट्रेन नंबर 08136 दीघा - पांशकुड़ा ईएमयू पैसेंजर स्पेशल का परिचालन रद रहेगा।

27 मई को ट्रेन नंबर 08138 दीघा - पांशकुड़ा ईएमयू पैसेंजर स्पेशल का परिचालन रद रहेगा।

चक्रवात रैमेल के कारण ये ट्रेनें शॉट टर्मिनेट कर चलेगी

**आद्रा मंडल में विकासात्मक कार्यो के कारण चार ट्रेनें रद**

दक्षिण पूर्व रेलवे के आद्रा रेल मंडल में रेलवे 28 मई से लेकर 02 जून तक रेल विकास का कार्य को अंजाम देगी। इस कारण रेलवे ने चार ट्रेनों का परिचालन रद कर दिया है। वहीं रेलवे ने 29 , 31 मई और 02 जून को टाटानगर से खुलने वाली ट्रेन नंबर 18601 टाटानगर- हटिया एक्सप्रेस का परिचालन परिवर्तित मार्ग चांडिल-गुंडा बिहार-मुरी होकर हटिया स्टेशन तक जाएगी।

**ये ट्रेनें भी रद रहेंगी**

28, 31 मई और 02 जून को ट्रेन नंबर 08680 / 08679 आद्रा-मिदनापुर-आद्रा मेमू स्पेशल का परिचालन रद रहेगा। 29 मई को ट्रेन नंबर 08644 / 08643 आसनसोल-आद्रा-आसनसोल मेमू स्पेशल ट्रेन का परिचालन रद रहेगा।

## एक नजर

### हजारीबाग में फंदे से झूलता मिला छात्र का शव

**हजारीबाग।** जिले के कोर्रा थाना क्षेत्र अंतर्गत जेब्रा कालोनी में एक छात्र का शव फंदे से झूलता मिला। छात्र सचिन कुमार (18) गिरिडीह जिले के बेंगाबाद थाना क्षेत्र अंतर्गत केंदुआगढ़ा गांव के निवासी प्रकाश वर्मा का बड़ा पुत्र था। वह हजारीबाग में रहकर प्रतियोगी परीक्षा की तैयारी कर रहा था। पुलिस ने मृत छात्र के मोबाइल को अपने कब्जे में ले लिया है। साथ ही कमरे को भी निगरानी में ले लिया है। पुलिस ने बताया कि पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद ही सचिन की मौत के कारणों का पता चल पाएगा।

### सेमेस्टर एक में नामांकन के लिए प्रारंभ हुआ चांसलर पोर्टल

**बरही।** विनोबा भावे विश्वविद्यालय में सेमेस्टर एक सत्र 2024-28 सत्र में नामांकन हेतु 25 मई आवेदन की प्रक्रिया प्रारंभ हो गई है। प्राप्त जानकारी के अनुसार 12वीं पास विद्यार्थी जो सेमेस्टर एक में नामांकन के इच्छुक हैं विश्वविद्यालय के चांसलर पोर्टल से आवेदन कर सकते हैं। विश्वविद्यालय सूत्रों से मिली जानकारी अनुसार इसके लिए वैसे विद्यार्थी भी पात्र हैं जिन्होंने क्यूट का परीक्षा नही दिया है। आवेदन करने की अंतिम तिथि 15 जून निर्धारित है। 20 जून को पहली मेरिट लिस्ट जारी की जाएगी।

### बुचई में घर जलकर राख हजारों की संपत्ति खाक

**बरकट्ठा।** थाना क्षेत्र अंतर्गत ग्राम बुचई में छोटू महतो के घर में आग लगने से घर जलकर राख हो गया।वहीं घर में रखे अनाज, बर्तन, पुआल आदि जल गए। आग लगने से हजारों की संपत्ति के नुकसान होने की बात छोटू महतो ने बताई। घटना की सूचना मिलते ही विधायक अमित कुमार यादव घटनास्थल पर पहुंचकर पीड़ित परिवार से मिलकर आर्थिक सहयोग की तथा ढाढस बंधाया। साथ ही उन्होंने बीडीओ रोशमा डुंगडुंग से दूरभाष पर बातकर क्षतिपूर्ति का मुआवजा जल्द दिलाने हेतु निर्देशित किया।

### आपसी विवाद में हुई मारपीट में सास-बहू गंभीर रूप से घायल

**बरही।** बरही थाना क्षेत्र अंतर्गत आपसी विवाद में हुई मारपीट में मीना देवी पति स्व. किशोर रविदास उम्र 55 वर्ष, ग्राम धनवार घायल हो गई। घायल का उपचार अनुमंडलीय अस्पताल बरही में किया गया। उक्त विवाद को लेकर पीड़ित की बहु किरण देवी पति चेतलाल रविदास ने बरही थाना में लिखित आवेदन देकर सुंदरी देवी पति प्रकाश रविदास, प्रकाश रविदास पिता स्व छद्दू रविदास सहित पांच लोगो पर मारपीट कर घायल करने का आरोप लगाया है। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

### बाल विवाह की रोकथाम को ले करमा में बैठक का आयोजन

**रामगढ़।** दर्पण संस्था हजारीबाग द्वारा बाल विवाह के रोकथाम को लेकर राजकीय उत्क्रमित मध्य विद्यालय अंबाटांड करमा में रविवार को बैठक का आयोजन किया गया। बैठक की अध्यक्षता संस्था सचिव सह गर्ल्स नोट ब्राइडस की जिला संयोजिका रजनी किरण ने किया। बैठक के दौरान रजनी ने कहा कि वर्तमान समय में बाल विवाह आम हो गया है, जबकि ऐसा नहीं होना चाहिए। आज बाल विवाह के कारण किशोरी युवतियों को शिक्षा से वंचित, नेतृत्व क्षमता वृद्धि पर रोक, आत्मनिर्भर की दिशा में बाधा, कम उम्र में बच्चों की जिम्मेवारी, उनके स्वास्थ्य संबंधी समस्या को झेलना, यौन एवं प्रजनन, स्वास्थ्य और अधिकार से वंचित होने जैसी समस्या उत्पन्न हो रही है।

# श्री दिगंबर जैन मंदिर का द्वितीय वार्षिक महामहोत्सव धूमधाम से मनाया गया

■ विभिन्न अनुष्ठानों का हुआ आयोजन ■ बड़ी संख्या में शामिल हुए समाज के लोग

नवीन मेल संवाददाता

**रामगढ़।** शहर के मेन रोड़ स्थित श्री दिगंबर जैन मंदिर में रविवार को भव्य द्वितीय वार्षिक महामहोत्सव का आयोजन किया गया। मौके पर सर्वप्रथम श्रीजी का जलभिषेक, शांतिधारा एवं पूजन का आयोजन किया गया। गुरुवर परमपूज्य श्री 108 प्रमाण सागर जी महाराज के मंगल आशीर्वाद एवं उनके सानिध्य में 21 मई से 26 मई 2022 में पंचकल्याणक प्राण प्रतिष्ठा महोत्सव का आयोजन भव्य तरीके से किया गया था।



**जलाभिषेक करने का सौभाग्य :** मंगीलाल अशोक चूड़ीवाल, रतन जैन, दीपक जैन, जीवन मल पाटनी, जंबू पाटनी, विमल छाबड़ा, राहुल छाबड़ा, विदुत छाबड़ा, हीरालाल पाटनी,राजेंद्र पाटनी को मिला।

**शांतिधारा करने का सौभाग्य :** मंगीलाल अशोक चूड़ीवाल, रतन जैन, दीपक जैन, पंकज जैन, ललीत गंगवाल, राहुल गंगवाल, रोहित गंगवाल को प्राप्त हुआ।

**पांडुशिला पर स्वर्ण कलश से जलाभिषेक करने का सौभाग्य :** अमराव देवी पाटनी,मानिक चंद पाटनी, योगेश सेठी, निशा सेठी, संजय सेठी को मिला।

**पांडुशिला पर शांतिधारा करने का सौभाग्य :** अमराव देवी पाटनी,मानिक चंद पाटनी, डूंगरमल गंगवाल, इंद्रमणि देवी चूड़ीवाल, ललीत चूड़िवाल, विमल छाबड़ा, राहुल छाबड़ा, विदूत छाबड़ा, रतन जैन ,दीपक जैन,पंकज जैन को प्राप्त हुआ।

**राहगीरों के बीच मिठी बूंदी का वितरण :** श्री दिगंबर जैन मंदिर के द्वितीय वार्षिक महामहोत्सव के मौके पर मन्दिर जी के बाहर के प्रगाण में राहगीरो के बीच मिठी बूंदी का वितरण किया गया। वहीं, मन्दिर जी मे सुबह 10:00 बजे से पंच परमेष्ठि विधान का आयोजन किया गया। पांच मंगल कलश एवं अष्ट प्रतिहार की महिलाओं द्वारा स्थापना मांडला जी मे किया गया। शाम मे श्री मंदिर जी में जैन महिला जागृति द्वारा महाआरती का आयोजन किया गया।

**ये थे उपस्थित :** मंदिर जी के द्वितीय वार्षिक महामहोत्सव में समाज के उपाध्यक्ष अरविन्द सेठी,समाज सचिव नागरमल गंगवाल, कोषाध्यक्ष जम्मू पाटनी, नरेंद्र छाबड़ा, देवेंद्र गंगवाल, अशोक सेठी, रमेश सेठी, देवेंद्र गंगवाल, ललित चुड़ीवाल, अंकित जैन, बिनोद पहाड़िया, राजेंद्र पाटनी पदमचन्द छाबड़ा, मांगीलाल चूड़ीवाल, नितिन पाटनी, जीवन पाटनी, महावीर प्रसाद गंगवाल, महेंद्र बगड़ा, टीकमचंद बगड़ा, प्रदीप पाटनी, अशोक काला, संजय सेठी, सुनील पाटनी, सौरव अजमेरा, अमित पाटनी, योगेश सेठी, सुभाष सेठी, सुनील सेठी, राजेंद्र चूड़ीवाल, कमल पाटनी, राकेश जैन, अशोक काला, श्याम सुंदर जैन, ललीत गंगवाल, अमित पाटनी, शांतीलाल सेठी, राहुल जैन, गिनिया सेठी आदि उपस्थित थे।

**मंगल स्तोत्र**

सौ इंद्रों से वंद्य नित, पंचपरम गुरूदेव।
तिनके पद अरविंद की, करूं सदा मैं सेव।। 1।।
त्रिभुवन में त्रयकाल में, जनज न के हितकार।
नमूं नमूं मैं भक्तिवश, होवें मम सुखकार।। 2।।

# शादी का झांसा देकर युवती का किया यौन शोषण, गुलाबी महतो पर प्राथमिकी दर्ज

नवीन मेल संवाददाता

**रामगढ़।** रामगढ़ महिला थाना के बाहर जिस 18 वर्षीय युवती ने खुदकुशी करने की कोशिश की थी उसकी वजह उसका प्रेमी था। उसका प्रेमी गुलाबी महतो कारीमारो कुजू का रहने वाला है। उसने उस युवती के साथ शादी का झांसा देकर यौन शोषण किया था। एक साल तक संबंध रखने के बाद अचानक उसने अपनी प्रेमिका को धोखा दिया और कह दिया कि वह उससे शादी नहीं कर सकता है। अपने प्रेमी के द्वारा दिए गए धोखे को युवती बर्दाश्त नहीं कर पाई और उसने सल्फास खाकर अपनी जान देने की कोशिश की। इस मामले में रामगढ़ महिला थाना में गुलाबी महतो के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज किया गया है।



### 23 मई को युवती को घर छोड़ फरार हुआ था गुलाबी

इस पूरे प्रकरण के बारे में महिला थाना प्रभारी श्वेता कुजूर ने बताया कि पीड़िता पिछले एक साल से गुलाबी महतो के साथ फोन पर बात करती थी। एक साल के दौरान कई बार उन दोनों की मुलाकात हुई। पीड़िता के अनुसार गुलाबी महतो ने उससे शादी करने का वादा भी किया था। 23 मई को गुलाबी अपनी प्रेमिका को लेकर अपने घर कारीमारो गया था। उसी दिन वह उसे वापस उसके गांव छोड़ कर चला गया।

### पीड़िता मां के साथ पहुंची थी थाना

महिला थाना प्रभारी ने बताया कि 24 मई को पीड़िता अपनी मां के साथ शिकायत लेकर थाने पहुंची थी। इस दौरान उसने प्रेमी द्वारा दिए गए धोखे की बात बताई। उस युवती को तत्काल थाने में आवेदन लिखने के लिए पेपर दिया गया। आवेदन लिखने के दौरान ही उसने पुलिस को और अपने परिजनों को बताया कि वह आवेदन बाहर से लिखकर लाएगी। जब वह आधे अधूरे आवेदन को लेकर थाना परिसर से बाहर निकली, तो अपनी मां से कुछ खाने के लिए मांगी। इसी दौरान उसने घर से लेकर आए सल्फास की गोली को पानी के बोतल में डाला और उसे घोलकर पी गई। इसकी सूचना जैसे ही मिली तत्काल पुलिस ने उस युवती को अस्पताल में भर्ती कराया, जहां इलाज के बाद वह ठीक हुई।

एचजेडबी आरोग्यम ने रचा इतिहास

# लिवर की हाइडैटिड बीमारी का हुआ सफल ऑपरेशन

नवीन मेल संवाददाता

**हजारीबाग।** जिले के सर्वश्रेष्ठ अस्पतालों में से एक एचजेडबी आरोग्यम अपने स्थापना काल से हीं जनता जनार्दन की सेवा में लगातार तत्पर रहा है। अस्पताल ने फिर से एक उदाहरण पेश किया है कि किसी भी जटिल सर्जिकल मामले के लिए शहर वासियों को अन्य शहर में जाने या जाने के बारे में सोचने की कोई जरूरत नहीं है। इसी क्रम मे अस्पताल के लेप्रोस्कोपिक सर्जन डॉ बीएन प्रसाद द्वारा लिवर की हाइडैटिड बीमारी का सफल ऑपरेशन किया गया। मरीज द्वारा साझा की गई जानकारी के अनुसार उसने कई डॉक्टरों और राजधानी स्थित कई अस्पतालों से इलाज कराया, लेकिन कोई राहत नहीं मिली और गंभीर दर्द के साथ आरोग्यम अस्पताल पहुंचा सही एवं सफल निदान के साथ मरीज को सही एवं सफल उपचार दिया गया। इस बाबत अस्पताल के निदेशक हर्ष अजमेरा ने कहा की अस्पताल में पहुंचे मरीज हमारे लिए देवतुल्य है, रांची तथा विभिन्न जगहों पर इलाज के दौरान सफल न होने पर आरोग्यम अस्पताल ने बेहतर इलाज कर उनके लिवर की हाइडैटिड ऑपरेशन किया गया। कहा कि आरोग्यम अस्पताल अपने लोगों का इलाज करने और उन्हें सर्वोत्तम देखभाल देने तथा समग्र रूप से समाज पर बीमारी का बोझ कम करने के अपने इस प्रयास को हमेशा जारी रखेगा।



# कक्षा 1 से 12 के विद्यार्थियों के लिए प्रारंभ हुआ ओलंपियाड 5.0 का पंजीकरण

नवीन मेल संवाददाता

**बरही।** राष्ट्रीय व अंतराष्ट्रीय स्तर पर कक्षा 1 से 12 तक आयोजित होने वाले ओलंपियाड परीक्षा के लिए पंजीकरण प्रारंभ हो चुका है। जिसमें विभिन्न बोर्डों और स्कूलों के छात्र-छात्राएं भाग ले सकते हैं। यह एक राष्ट्रीय व अंतर्राष्ट्रीय निकाय द्वारा आयोजित होने वाली प्रतियोगी परीक्षा है। जो स्कूल पाठ्यक्रम पर आधारित होते हैं। इसमें छात्र विज्ञान, गणित, अंग्रेजी, जीके, कंप्यूटर, सामाजिक अध्ययन, ड्राइंग और निबंध आदि विषयों के लिए परीक्षा दे सकते हैं। इस प्रकार की परीक्षा से विद्यार्थियों को राष्ट्रीय या अंतराष्ट्रीय स्तर पर समान शैक्षणिक प्रतिस्पर्धा का अवसर मिलता है। बच्चो में सिखने का नजरिया, गुणवत्ता, कौशल और क्षमता का प्रदर्शन करने का उचित मौका देती हैं। विद्यार्थियों को शानदार करियर के लिए तैयार होने का उचित प्लेटफार्म के साथ छात्रवृति की भी मौका देता है। स्कूल स्तर की ओलंपियाड परीक्षाएँ विद्यार्थियों को उनके पाठ्य पुस्तकों में सिखाई गई अवधारणाओं को समझने और वास्तविक जीवन में लागू करने में सक्षम बनाती हैं। जो छात्रों के चरित्र विकास में सहायक होता है। इस तरह की परीक्षाओं की तैयारी के लिए सटीकता और गति दोनों की आवश्यकता होती है। ओलंपियाड छात्रों को उनके कम्फर्ट जोन से बाहर आने और गैर-जरूरी कामों से अपना समय बचाने और इन प्रतियोगिताओं के लिए तैयार होने में मदद करते हैं। यह परीक्षा प्रति वर्ष राष्ट्रीय एवं अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर आयोजित किए जाते हैं।

प्रधानमंत्री आवास योजना : कोलघट्टी के सदस्यों ने की बैठक

# जल्द से जल्द हो पानी का समाधान नहीं तो शीघ्र करेंगे बड़ा आंदोलन

नवीन मेल संवाददाता

**हजारीबाग।** प्रधानमंत्री आवास योजना - शहरी घटक, कोलघट्टी, हजारीबाग के सदस्यो ने अध्यक्ष अजय साव की अध्यक्षता में रविवार को अहम बैठक बुलाया गया। जिसमें मुख्य रूप से पानी को लेकर मचा हाहाकर व आम जनमानस को हो रहे दिक्कत को लेकर कैसे समस्या का समाधान हो, इस पर महत्वपूर्ण बैठक किया गया। इस बैठक में सिर्फ और सिर्फ एक ही बात सामने आया कि पानी कैसे भरपूर मिले, और इस पानी का समस्या से निपटारा कैसे हो सके । अध्यक्ष ने बताया कि पानी को लेकर 288 फ्लैट के सदस्य आपस में ही परेशानी के वजह से आपस मे झगड़ा होते ही रहता है। वर्तमान समय में नगर निगम में यह फ्लैट होने के बावजूद कोई मुलभूत सुविधा नहीं मिल पा रहा है। पानी के समस्या दिन प्रतिदिन बढ़ते चला जा रहा है, जिसमे महिलाएं, बुजुर्ग, बच्चे, पुरुष सभी पानी की समस्या से काफी चिंतित है। आसपास या दूर दराज से भी लोग पानी बाल्टी में भरकर लाते हैं और अपना गुजर - बसर कर रहे हैं। यह बैठक कर फ़्लैट में रह रहे लोगों ने आंदोलन करने की बात कही। सभी लोगों ने कहा कि अगर पानी का व्यवस्था नहीं होगा, तो हमलोग सभी एक साथ पूरा फ्लैट छोड़ देंगे और नगर निगम हम लोगों को अपना पैसा वापस कर दे। वही अध्यक्ष अजय साव ने बताया कि पानी की समस्या को लेकर हमलोग टीम बनाकर सभी के पास अपना आवेदन पत्र लेकर ज्ञापन सौंप चुके हैं। जिसमें हजारीबाग उपायुक्त, उप विकास आयुक्त, नगर आयुक्त, वार्ड पार्षद, पीडब्ल्यूडी व अन्य कई जगहों पर अपना फरियाद रखे चुके हैं, परंतु अब-तक इस गम्भीर मामले को कोई देखने - सुनने वाला नहीं है। इसलिए रविवार को बैठक कर सभी उपस्थित लोगों ने कहा कि पानी का समस्या जल्द दूर नहीं हुआ तो बड़ा उग्र आंदोलन करेंगे और वही नगर निगम के पास सभी एक साथ बैठकर धरना प्रदर्शन देने का काम करेंगे। प्रधानमंत्री आवास योजना के पदाधिकारियों ने भी इस निर्णय का स्वागत और सहमति दे दिया है।

## सदर प्रखंड क्षेत्र के प्रतिभावान छात्र-छात्राओं के लिए सम्मान समारोह का हुआ आयोजन

# 120 छात्र-छात्राओं को किया जा चुका है सम्मानित

▶ *प्रशस्ति पत्र, मोमेंटो देकर बच्चों किया गया सम्मानित शिक्षकों को भी किया गया सम्मानित*

▶ *ऐसे आयोजनों से विद्यार्थियों का हौसला बढ़ता है : हर्ष अजमेरा*




नवीन मेल संवाददाता

**हजारीबाग।** सदर विधानसभा क्षेत्र के सदर प्रखंड के शहरी क्षेत्र अंतर्गत डिस्टिक मोड चौक स्थित सेवा सहयोग समिति के कार्यालय सभागार में प्रतिभावान सम्मान समारोह का भव्य आयोजन किया गया। इस आयोजन में झारखंड एकेडमिक काउंसिल के मध्यमिक परीक्षा परिणाम में सफल हुए सदर प्रखंड के शहरी क्षेत्र के प्रतिभावान छात्र-छात्राओं को सम्मानित किया गया। सर्वप्रथम सबसे पहले मां सरस्वती एवं स्वामी विवेकानंद जी की तस्वीर पर पुष्पांजलि अर्पित किया गया। इसके पश्चात दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम विधिवत रूप से प्रारंभ हुआ इस कार्यक्रम में 11 से अधिक स्कूल से करीब 60 बच्चे शामिल हुए। इस कार्यक्रम में बतौर अतिथि के रूप में हजारीबाग शहर के राज वर्मा एम.बी.ए, सूरज कुमार दीक्षित सीए, सीएस, नीरज जैन बीटेक सीएस मुख्य रूप से शामिल हुए इनके द्वारा बच्चों को शिक्षा के प्रति विभिन्न प्रकार का टिप्स दिया गया। इन्होंने बताया कि किसी भी चीज के प्रति सम्मान मिलना यह हम सभी के लिए काफी महत्वाकांक्षी रखता है और शिक्षा के प्रति सम्मान मिलना यह हमारे जीवन का अमूल्य क्षण होता है। भविष्य में शिक्षा के प्रति सभी विद्यार्थी सदैव ध्यान आकृष्ट रखें हम सभी आपके उज्जवल भविष्य की कामना करते हैं । सभी बच्चों को प्रशस्ति पत्र एवं मोमेंटो देकर उनका हौसला अफजाई किया गया। इस कार्यक्रम का मंच संचालन संजय मेहता एवं धन्यवाद ज्ञापन विजय कुमार के द्वारा किया गया। आने वाले दिनों में दारू प्रखंड में भव्य सम्मान समारोह का आयोजन किया जाएगा इसके पश्चात 31 मई को आनंद विद्यालय में एक परीक्षा आयोजित कर सभी बच्चों में से तीन उत्कृष्ट बच्चों को चयनित कर स्कॉलरशिप प्रदान किया जाएगा।

### प्रतिभा सम्मान समारोह में इन स्कूलों के बच्चे रहे शामिल

यदुनाथ गर्ल्स स्कूल, सिंदूर हाई स्कूल, बिहारी बालिका विद्यालय, जिला स्कूल, आनंद स्कूल, हिंदू हाई स्कूल, गवर्नमेंट गर्ल्स स्कूल, मिशन स्कूल, आरक्षी स्कूल, अमृत नगर स्कूल शामिल रहे। हर्ष अजमेरा ने संबोधित करते हुए कहा कि प्रतिभावान छात्र-छात्राओं को सम्मानित करने का अवसर हम सबों को काफी गोरवान्वित करता है। आगे मुकाम हासिल करने के लिए विद्यार्थियों को और कड़ी मेहनत करने की एक आईना साबित होता है। ऐसे आयोजन से विद्यार्थियों का हौसला बढ़ता है. उन्होंने कहा कि सबसे बड़ी बात बच्चों ने मेहनत की. इसके लिए आप सभी बधाई के पात्र हैं. बच्चों की इस जर्नी में सबसे अहम भूमिका अभिभावकों की रहती है. साथ ही बच्चों को सीखने में शिक्षकों का भी बहुत बड़ा योगदान रहता है. उन शिक्षकों के लिए सम्मान का अवसर है, जिनके विद्यार्थियों ने बेहतर किया है। साथी कहा कि आगामी 31 मई को आनंद विद्यालय में सदर विधानसभा क्षेत्र के सभी उत्कृष्ट बच्चों बच्चों का सामूहिक परीक्षा आयोजित किया जाएगा जिसमें तीन उत्कृष्ट बच्चों को स्कॉलरशिप प्रदान किया जाएगा। साथ ही कहा की हर प्रतिभा सम्मान का हकदार होती है। यह शुरूआत है और बच्चों को अभी सफलता के शिखर को छूना है। इस मौके पर संस्था के सचिव अनीश सिंह,कृष्ण सिंह भोक्ता, रवि सिंह, सहित विभिन्न स्कूलों से पहुंचे शिक्षक शिक्षिकाएं एवं बच्चों के अभिभावक मौजूद रहे।

## न्यूज बॉक्स

### भीषण गर्मी की चपेट में बरकट्ठा बाजार में दिनभर पसरा रहा सन्नाटा



**बरकट्ठा।** प्रखंड क्षेत्र में रविवार को गर्मी चरम पर रही। वहीं 10 बजे दिन के बाद से ही बरकट्ठा बाजार में दिन भर सन्नाटा पसर गया। तपती गर्मी के कारण लोग अपने घरों में दुबके रहे। विदित हो कि विगत 15 दिनों से पूरे क्षेत्र में भीष्ण गर्मी पड़ रही है। स्थानीय कपड़ा व्यवसायी शक्ति कुमार ने कहा कि गर्मी के कारण ग्राहक न के बराबर आ रहे हैं। सुबह कुछ लोग खरीददारी के लिए आते हैं और फिर शाम 5:00 बजे के बाद ही थोड़ा बहुत ग्राहक घरों से निकलते हैं। फल विक्रेता एवं सब्जी विक्रेताओं की भी ऐसी ही हालत है। वहीं लोग गर्मी से बचने के लिए तरबूज, खीरा, ककड़ी, आम, नींबु, नरियल पानी, कोल्ड ड्रिंक आदि खरीदते नजर आते हैं ताकि गर्मी से राहत मिल सके। विदित हो प्रखंड क्षेत्र में करोड़ों की लागत से बने नल जल योजना हाथी का दांत साबित हो रहा है। 75% से अधिक नल जल फेल हो चुके हैं और लोगों को पानी की भारी किल्लत का सामना करना पड़ रहा है। विदित हो कि प्रखंड मुख्यालय के समीप बना पानी टंकी बिगत 6 वर्षों से लगातार खराब है। जिसे बनाने की हिमाकत ना तो अधिकारी कर रहे हैं और ना ही जनप्रतिनिधि।

### एकल विद्यालय के आचार्यों की हुई मासिक समीक्षा बैठक



**कटकमदाग।** प्रखंड के ग्राम मेयातू दुर्गा मंडप स्थित सामुदायिक भवन में रविवार को एकल विद्यालय के आचार्यों की मासिक समीक्षा बैठक हुई। बैठक में सभी आचार्यों के बीच वॉटर बोतल व हनुमान चालीसा पुस्तक का विवरण किया गया। बोतल व पुस्तक वितरण का शुभारंभ अतिथि संच समिति के अध्यक्ष इंद्रनारायण कुशवाहा, उपाध्यक्ष जगन्नाथ प्रजापति, सचिव विजय गिरी, शिक्षा प्रभारी लखन कुमार, संस्कार शिक्षा प्रभारी सुनील कुमार पांडेय, अंचल प्रशिक्षण प्रमुख नरेश पासवान, अंचल अभियान प्रमुख विनोद कुमार ने संयुक्त रूप से किया। हनुमान चालीसा पुस्तक सुनील कुमार पांडेय के सौजन्य से वितरण किया गया। कार्यक्रम का संचालन करते हुए संच प्रमुख धनंजय पांडेय ने एकल विद्यालय के उद्देश्य पर प्रकाश डाला। उन्होंने बताया कि प्रखंड में संचालित 30 एकल विद्यालय के बच्चों को पंचमुखी शिक्षा दी जा रही है। जिसमें प्राथमिक शिक्षा के साथ-साथ ग्राम विकास शिक्षा, आरोग्य शिक्षा, जागरण शिक्षा व संस्कार शिक्षा शामिल है। अतिथियों ने कहा कि सनातन धर्म की रक्षा व भारतीय संस्कृति को बचाने में एकल विद्यालय मिल का पत्थर साबित होगा। संच से जुड़े अतिथियों ने बारी-बारी से सभी एकल विद्यालयों में भ्रमण कर बच्चों की उपस्थिति में उनके माता-पिता व अभिभावकों के साथ बैठक करने की बात कही। संच प्रमुख ने बारी बारी से सभी एकल विद्यालयों में मई माह के दौरान संचालित गतिविधियों की समीक्षा की। साथ हो अगामी जून माह में कार्य योजना को बताया।

### आत्महत्या के बढ़ते मामले पर समाजसेवी ने चिंता जताई

**हजारीबाग।** बढ़ते आत्महत्या के मामले से शहर में भय का माहौल बन गया है। बाहर से यहां बच्चे पढने आते हैं। मेंटल डिप्रेशन तथा तनाव में आकर आत्महत्या का शिकार बन रहे हैं। रविवार को कोर्रा थाना क्षेत्र के अंतर्गत कोर्रा के समीप लॉज में एक युवक का शव फंदे में लटका मिला। पुलिस के द्वारा स्थानीय तथा लॉज में रह रहे युवकों से पूछताछ भी की थी।इस संबंध में समाजसेवी सह जदयू नेता राकेश गुप्ता ने बढते आत्महत्या मामले को लेकर काफी चिंता जताई।उन्होंने जिला प्रशासन से इस प्रकार की घटनाओं पर रोक लगाने तथा जागरूकता की खास पहल प्रारंभ करने की मांग की। मौके पर श्री गुप्ता ने कहा कि हजारीबाग जिला को शिक्षा का हब माना जाता है।

### यूनियन नेताओं ने जमसं के केंद्रीय उपाध्यक्ष से की मुलाकात

**रामगढ़।** सीसीएल बरका-सयाल के यूनियन नेताओं ने शनिवार की शाम जनता मजदूर संघ के केन्द्रीय उपाध्यक्ष निशि पांडेय से मुलाकात कर विभिन्न समस्याओं से रू-ब-रू कराया। इस दौरान विभिन्न परियोजनाओं में कार्यरत मजदूरों की समस्या, सीसीएल के अस्पतालों में दवाई की कमी आदि समस्याओं से निशि पांडेय को अवगत कराते हुए भुरकुंडा अस्पताल कालोनी से संबंधित कई मुद्दों पर विस्तार पूर्वक चर्चा की गई। मौके पर संघ के केंद्रीय उपाध्यक्ष निशि पांडेय ने यूनियन नेताओं से कहा कि क्षेत्र में किसी भी तरह की कोई भी समस्या है, तो इसे हर हाल में दूर कराने का प्रयास किया जाएगा।

### संदिग्ध व आत्मघाती है भाजपा प्रदेश अध्यक्ष और महामंत्री की कार्यशैली : बाबू खान

**हजारीबाग।** भाजपा अल्पसंख्यक मोर्चा के पूर्व प्रदेश कार्य समिति सदस्य सह कोडरमा जिला संगठन प्रभारी तलत शब्बीर उर्फ बाबू खान ने भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी एवं भाजपा प्रदेश महामंत्री सह राज्य सभा सांसद आदित्य साहू की कार्यशैली पर सवालिया निशान खड़ा करते हुए कहा है कि बाबूलाल मरांडी ने भाजपा से अलग होकर जेबीएम नामक राजनीतिक दल बनाकर भाजपा को कमजोर करने की नाकाम कोशिश करते हुए भाजपा का बेड़ा गर्क करने की पुरजोर कोशिश किया था। उसमें नाकाम रहने पर पुनः भारतीय जनता पार्टी में अपने पार्टी का विलय कर भाजपा को बर्बाद करना प्रारंभ कर दिया है। इनके कार्यकाल में हजारीबाग संसदीय क्षेत्र से सैकड़ो भारतीय जनता पार्टी के समर्पित कार्यकताओं ने पार्टी से इस्तीफा दे दिया मगर इन दोनों महानुभावों के कानों पर जु तक नहीं रेंगी। इन्होंने जयंत सिन्हा के टिकट कटवाने से लेकर उन्हें बदनाम करने में अपनी पूरी ताकत को लगा दिया। इससे भी इन लोगों को चैन नहीं मिला तो उनको कारण बताओं नोटिस भाजपा के संविधान के खिलाफ जाकर दिया जो इनके कार्य क्षेत्र और अधिकार क्षेत्र से बाहर था, नियमतः नोटिस का जवाब देने के लिए भाजपा के संविधान में 10 दिन का समय दिया गया है मगर आदित्य साहू ने इनको साजिश के तहत मात्र 2 दिन का समय दिया यह भी भाजपा के संविधान के खिलाफ है। अभिमान में या साजिश के तहत भाजपा प्रदेश अध्यक्ष और भाजपा के महामंत्री ने भारतीय जनता पार्टी का झारखंड में बंटाधार कर दिया।यह भी मजाक देखिए की इन्होंने 479000 वोट प्राप्त कर चुनाव जीतने वाले सांसद जयंत सिन्हा जी को एक वैसे व्यक्ति ने नोटिस दिया जो खुद सिल्ली विधानसभा क्षेत्र से चुनाव में मात्र 25000 वोट प्राप्त किया था। जिसको जनता ने नक्करा उसको बाबूलाल मरांडी ने स्वीकारा। जिसका जनता में कोई वजूद ही नहीं है सिर्फ चापलूसी के बल पर आज तक पद प्राप्त करता आया है। आने वाले लोकसभा के चुनाव का परिणाम भाजपा के खिलाफ जाता हुआ साफ दिखाई दे रहा है।

## एक नजर

### अखंड हरिकीर्तन महोत्सव का कलश यात्रा के साथ शुभारंभ



**ठेठईटांगर।** प्रखंड के ताराबोगा पंचायत के कुरूमडेगी गांव में बजरंगबली मंदिर में अखंड हरिकीर्तन महोत्सव का कलश यात्रा के साथ शुभारंभ किया गया। समिति द्वारा जानकारी दिया है कि 26 मई को कलश यात्रा 6 बजे से ग्राम भ्रमण किया गया। वंही 27 मई को 7 बजे से अखंड हरिनाम प्रारंभ किया जाएगा साथ ही 28 मई को अखंड हरिनाम समाप्ति तत्पश्चात हवन पूणार्हुति, आरती, प्रसाद वितरण, उपरांत भव्य भंडारा का आयोजन किया जाएगा।

### जलवाबाद में बाइक से गिरकर युवक घायल

**कोडरमा।** शहर के जलवाबाद के समीप रविवार को बेकाबू बाइक से गिरकर युवक घायल हो गया। घायल की पहचान इंदरवा लोकाई निवासी 22 वर्षीय सनोज कुमार, पिता- विक्की पासवान के रूप में हुई है। जानकारी के अनुसार युवक बाइक से कोडरमा बाजार सामान लेकर वापस घर जा रहा था। इसी बीच जलवाबाद हनुमान मंदिर के समीप उसने बाइक से अपना नियंत्रण खो दिया और गिरकर घायल हो गया। इसके बाद आसपास के लोगों की मदद से युवक को सदर हॉस्पिटल में भर्ती कराया गया, जहां इलाज चल रहा है।

### कुरडेग में कीटनाशक पीकर युवक ने की आत्महत्या

**कुरडेग।** थाना क्षेत्र के खिंडा झेराटोली में एक युवक ने कीटनाशक दवा पीकर आत्महत्या कर लिया।जानकारी के अनुसार खिंडा झेराटोली में शनिवार शाम 7 बजे धमेन्द्र धुवा, पिता सहरू धुवा उम्र 22 वर्ष ने घर में कीटनाशक दवा पी लिया। आधे घंटे के अन्दर उसकी मृत्यु हो गई। अस्पताल भी नहीं ले पाये।परिजनों ने बताया कि मृतक की मानसिक स्थिति कुछ दिनों से ठीक नहीं थी। कुछ दिन पहले भी कीटनाशक दवा खाकर आत्महत्या करने की कोशिश किया था। रविवार सुबह पुलिस मौके पर पहूंच कर शव को पोस्टमार्टम के लिए सिमडेगा भेजा एवं यूडी केस दर्ज कर आगे की कार्रवाई में जूट गई। इधर सदर अस्पताल सिमडेगा में मृतक युवक के शव का पोस्टमार्टम करवाने के बाद शव परिजनों को सौंप दिया गया।

### बोलबा के घरसा गांव में 7 दिवसीय गोंडवाना समर कैंप का शुभारंभ

**बोलबा।** बोलबा प्रखंड के घरसा गांव में सात दिवसीय गोंडवाना समर कैंप सह युवा सम्मेलन का आयोजन किया गया। इस मौके पर कैम्प का शुभारंभ आतिशबाजी और गुब्बारा उड़ाकर किया गया। बताया गया कि समर कैंप में 400 प्रतिभागी शामिल हुए। सात दिवसीय 10वाँ गोंडवाना समर कैंप सह युवा सम्मेलन का आयोजन सिमडेगा जिला के सुदूरवर्ती क्षेत्र बोलबा प्रखंड अंतर्गत ग्राम घारसा में किया गया। समर कैंप में झारखंड सहित छत्तीसगढ़, उड़ीसा, मध्यप्रदेश आदि राज्यों से चार सौ से अधिक प्रतिभागी शामिल हुए। बताया कि समर कैंप के माध्यम से बच्चों को सामाजिक सहित खेलकूद एवं शारीरिक विकास से संबंधित विस्तार पूर्वक जानकारी दी जाएगी ताकि बच्चे समर कैंप में कुछ नये सीख कर जाएं। इस मौके पर कमलेश मांझी, मोहनाथ प्रधान, नरेंद्र कुमार मांझी, अजर मांझी, बहुरंन मांझी, चंद्रधर मांझी, रतेन्द्र मांझी, जोगेन्द्र मांझी, शंकर मांझी, मुखिया शांति देवी के अलावे अन्य लोग भारी संख्या में मौजूद थे।

## कोडरमा स्टेशन पर शिप्रा एक्सप्रेस के कोच अटेंडेंट की गुंडागर्दी!

# दो यात्रियों की जमकर की पिटाई

- *बोगी से उतरने पर कोच अटेंडेंट ने दो रेल यात्रियों को दौड़ा-दौड़ाकर पीटा*





**नवीन मेल संवाददाता**

**कोडरमा।** इंदौर से हावड़ा जाने वाली शिप्रा एक्सप्रेस के पांच कोच अटेंडेंट को रेल यात्री के साथ मारपीट के आरोप में गिरफ्तार किया गया है। यह जानकारी कोडरमा जीआरपी प्रभारी उपेंद्र पासवान ने दी है। उन्होंने बताया कि यात्री की लिखित शिकायत पर पांच कोच अटेंडेंट को नेताजी सुभाष चंद्र बोस जंक्शन पर गिरफ्तार किया गया है और पांचों को धनबाद जेल भेज दिया गया है।

दरअसल, शनिवार रात कोडरमा रेलवे स्टेशन पर कुछ कोच अटेंडेंट की गुंडागर्दी दिखी थी। शिप्रा एक्सप्रेस के कोडरमा रेलवे स्टेशन पर रुकने के बाद 6 से 7 की संख्या में कोच अटेंडेंट ने मिलकर बिहार के गया से ट्रेन में सवार हुए दो यात्रियों के साथ जमकर मारपीट की। इधर शिप्रा एक्सप्रेस जैसे ही कोडरमा स्टेशन पहुंची दोनों यात्री ट्रेन से उतरने लगे, लेकिन इसी बीच 6 से 7 की संख्या में कोच अटेंडेंट ने कोडरमा स्टेशन पर दोनों यात्रियों को दौड़ा-दौड़ा पीटा। बेल्ट और लात-घूसों से इन दोनों यात्रियों की जमकर पिटाई की गई और ट्रेन खुलने के बाद कोच अटेंडेंट ने इन दोनों यात्रियों को कभी भी शिप्रा एक्सप्रेस में सफर नहीं करने की धमकी भी दी।

#### गया रेलवे स्टेशन पर दोनों यात्री ट्रेन में हुए थे सवार

**कोडरमा** जीआरपी से मिली जानकारी के अनुसार पंकज कुमार और सुमन कुमार नामक दो रेल यात्री जेनरल टिकट पर गया रेलवे स्टेशन में शिप्रा एक्सप्रेस ट्रेन में सवार हुए थे। दोनों यात्रियों ने टीटीई से मिलकर एसी कोच में सीट कंफर्म करने का आग्रह किया। इधर, जब ट्रेन में सवार टीटीई ने ट्रेन में सीट नहीं होने की बात कही, तो एसी बोगी के कोच अटेंडेंट इन दोनों यात्रियों के पास पहुंचे और उन्हें कंफर्म सीट देने की बात कहते हुए सामान रखने वाली सीट पर इन दोनों यात्रियों को बैठा दिया।

#### तीन-तीन हजार रुपये मांग रहा था कोच अटेंडेंट

आरोप है कि थोड़ी देर बाद इन दोनों यात्रियों से प्रत्येक सीट के लिए तीन 3000-3000 रुपये की मांग कोच अटेंडेंट करने लगे। इधर, टीटीई ने इन दोनों यात्रियों को कोडरमा स्टेशन पर उतरकर साधारण डब्बे में सफर करने की सलाह दी।

#### नेताजी सुभाष चंद्र बोस स्टेशन पर पांच कोच अटेंडेंट गिरफ्तार

कोडरमा स्टेशन से शिप्रा एक्सप्रेस के रवाना होने के बाद इन दोनों यात्रियों ने कोडरमा जीआरपी में कंप्लेन दर्ज कराई। इसके बाद जीआरपी ने त्वरित एक्शन लेते हुए नेताजी सुभाष चंद्र बोस जंक्शन (गोमो) पर ट्रेन के पहुंचने के बाद पांच कोच अटेंडेंट को गिरफ्तार कर धनबाद जेल भेज दिया है।

## आरसी चर्च खालीजोर में 132 बच्चों ने ग्रहण किया प्रथम परम प्रसाद



**नवीन मेल संवाददाता**

**कुरडेग।** आर सी चर्च खालीजोर कुरडेग में 132 बच्चे बच्चियों ने रविवार को प्रथम परम प्रसाद ग्रहण किया। इससे पुर्व मुख्य अधिष्ठाता पल्ली पुरोहित फादर सुनील तिर्की की अगुवाई में विभिन्न धार्मिक विधियों के बीच पवित्र मिस्सा पूजा की गई। मौके पर उन्होंने बच्चों को संबोधित करते हुए कहा कि परम प्रसाद हम सब को सामुदायिकता का पाठ पढ़ाता है जो तोड़ना नही बल्कि जोड़ना सिखाता है। ईश्वर की कृपा से हमें खाने के लिए आहार प्राप्त होता है, चूंकि हम सभी धार्मिकता से पोषित हैं ईश्वर भोजन के रूप में परम प्रसाद देता है। वहीं उन्होंने कहा कि सभी बालक बालिकाएं प्रथम बार ईश्वर को अपने जीवन में पाया है इसलिये सभी बच्चों के चेहरे पर मुस्कान है बालक बालिकाओं को आगे बढ़ने के लिए माता पिता धर्म माता-पिता को अपने दायित्वों का निर्वाहन करना चाहिए। आज के बच्चे ही कल के सेवक हैं जिन पर समाज को आगे ले जाने की जिम्मेवारी है मौके पर फादर विपिन सोरेंग फादर रंजीत डुंगडुंग एवं अन्य पुरोहित उपस्थित रहे।

## ईसा मसीह के उपदेशों को जीवन में अपना कर ही मानव जाति का कर सकते हैं भला : विधायक



**नवीन मेल संवाददाता**

**कुरडेग।** प्रखंड के नॉर्थ वेस्टर्न जीईएल चर्च पेरिस युवा संघ करमडीह के सोगसोगा मंडली में 42वां वार्षिक बाइबल क्लास का समापन किया गया। सम्मेलन में बिशप राईट रेभ अगस्तुस एक्का, सिमडेगा विधायक भूषण बाड़ा, जिप सदस्य जोसिमा खाखा, जिप सदस्य सामरोम पौल टोपनो, प्रमुख बिपिन पंकज मिंज आदि उपस्थित थे। मौके पर विधायक ने कहा कि बाइबल की बातों में शक्ति है। बाइबल के वचनों को हम जितना पढ़ेंगे, उतना मजबूत होंगे। उन्होंने कहा कि हर मसीही को अच्छा विश्वासी बनना है। दुनिया का हर मजहब में सत्य, अहिंसा, प्रेम, करुणा, भाईचारा, सहनशीलता, सदाचार आदि का ही पाठ पढ़ाता है। बाइबल में संग्रह किए गए ईसा मसीह के उपदेशों को जीवन में अपनाकर हम न केवल अपना बल्कि मानव जाति का भी भला कर सकते हैं।

प्रभु के आगे भेंट चढ़ाने या प्रार्थना करने से पहले अपने लोगों से मेल-मिलाप करें। अपने प्रियजनों के प्रति अगर मन में बैर-भाव हो, तो उसे त्यागकर ही प्रार्थना करने के परमेश्वर की कृपा का सच्चे हकदार बन सकते है। विधायक ने कहा कि जो लोग तुम्हारे प्रति द्वेष की भावना रखते हैं, तुम उनसे भी प्रेम करो। जो तुम्हें सताते हैं, तुम उनके लिए भी प्रार्थना करो। क्योंकि सूरज भी धर्म का पालन करने वाले और अधर्मी, दोनों ही तरह के लोगों को रोशनी देता है मौके पर विधायक की पत्नी जीप सदस्य जोसीमा खाखा, विधायक प्रतिनिधि अरबिंद लुगुन, बिरंजन बड़ा, पंचायत अध्यक्ष निलेश एक्का, प्रतिमा कुजूर, प्रमोद कुल्लू, रेब्ह सदानद कुजूर, रेब्ह मनोनित लकड़ा, मंडली प्रचारक युवा संघ और संडे स्कूल के प्रभारी के अलावे अन्य लोगों का योगदान रहा।

## माता मरियम के समर्पण व सदाचार से प्रेरणा लेकर आदर्श परिवार का निर्माण करें : जोसिमा खाखा



**नवीन मेल संवाददाता**

**सिमडेगा।** सदर प्रखंड के सोनपहाड़ी में रविवार को माता मरियम का पर्व भक्ति भाव से मनाया गया। मौके पर फा पीटर मिंज की अगुवाई में मिस्सा पूजा हुई। कार्यक्रम में जिप सदस्य जोसिमा खाखा भी शामिल हुई। मौके पर जेठ जात्रा कार्यक्रम के माध्यम से सामूहिक संस्कृतिक नृत्य का आयोजन हुआ। जिसमे सभी ने बड़ी उत्साह के साथ लोगों ने भाग लिया। जोसिमा खाखा ने कहा कि माता मरियम का दूसरा नाम निर्मला,निष्कलंक, पवित्र, स्वच्छ मन है। माता मरियम के समर्पण,सदाचार, अनुशासनात्मक जीवन से प्रेरणा लेकर आदर्श परिवार का निर्माण करना चाहिए। विद्यालय में गुरुजनों का आदर -सत्कार करने, अनुशासन का पालन करने से जीवन में सफलता मिलेगी। उन्होंने कहा कि शिक्षा का मुख्य उद्देश्य चरित्र निर्माण करना है। जोसिमा ने कहा कि हम पूरी तरह से परमेश्वर पर निर्भर रहें। हमारी अपनी ताकत के भीतर, हमारा व्यक्तिगत दुख हमें खा जाने का प्रयास कर सकता है। लेकिन हमें विपत्ति के समय में हमारा मार्गदर्शन करने, उसे संभालने और उसे बनाए रखने के लिए पूरी तरह से पवित्र आत्मा पर निर्भर रहना चाहिए। अपने जीवन को प्रतिदिन पूरी तरह से ईश्वर को समर्पित करने के लिए अधिक विश्वास, विनम्रता और उनकी संप्रभुता के प्रति श्रद्धा की आवश्यकता होती है। उन्होंने कहा आप सभी परमेश्वर की स्तुति करना जारी रखें। परमेश्वर पर भरोसा करें। उसकी इच्छा के प्रति समर्पण करें और आश्वस्त रहें कि परमेश्वर की योजनाएं हमें समृद्ध बनाने के लिए हैं, न कि हमें नुकसान पहुँचाने के लिए। मौके पर जिला परिषद सदस्य सैमरोम पाल तोपनों, टी. टांगर प्रखंड प्रमुख विपिन पंकज मिंज, विधायक प्रतिनिधि अरविन्द लुगुन, पाकरटांड प्रखंड अध्यक्ष अजीत लकड़ा पाकरटांड पंचायत समिति के लोग मौजूद थे।

## इलाजरत प्रखंड अध्यक्ष से मिले विधायक, दिया आश्वासन



**नवीन मेल संवाददाता**

**सिमडेगा।** विधायक भूषण बाड़ा सदर अस्पताल पहुंच सड़क दुर्घटना में घायल कांग्रेस के कुरडेग प्रखंड अध्यक्ष तुलसी प्रांगत खलखो का हाल चाल जाना। साथ ही चिकित्सकों से उनके स्वास्थ्य के स्थिति की जानकारी ली। चिकित्सकों द्वारा तुलसी प्रांगत खलखो को बेहतर इलाज के लिए रेफर किये जाने के बाद विधायक ने उन्हें रांची भेजवाने में सहयोग किया। विधायक ने प्रखंड अध्यक्ष को खुद वील चेयर की मदद से अस्पताल से बाहर तक लेकर आये। इसके बाद वाहन की व्यवस्था कराते हुए उन्हें रांची भेजवाया। साथ ही उनके इलाज में आगे भी हर सम्भव सहयोग करने का भरोसा जताया। इधर विधायक द्वारा स्वयं विल चेयर के सहारे तुलसी प्रांगत खलखो को अस्पताल से बाहर तक ले कर आना चर्चा का विषय बना रहा। लोगों ने विधायक के कार्यों की सराहना की। विधायक के साथ जिप सदस्य जोसिमा खाखा, जिला विधायक प्रतिनिधि संतोष सिंह, नगर अध्यक्ष अरशद हुसैन (अच्छान), नगर विधायक प्रतिनिधि शकील अहमद, विधायक प्रतिनिधि अख्तर खान, प्रखंड अध्यक्ष बिरेन तिर्की, प्रखंड अध्यक्ष अजीत लकड़ा, प्रखंड अध्यक्ष जेफ्रेन केरकेट्टा, उप प्रमुख सिलबेस्टर बाघवार,पूर्व प्रखंड अध्यक्ष देवनिस खलखो, डा. इम्तियाज हुसैन, पीटर खाखा, उर्मिला केरकेट्टा आदि ने भी अस्पताल पहुँच घायल प्रखंड अध्यक्ष का हालचाल लिया। साथ ही उनके जल्द स्वास्थ्य लाभ की ईश्वर से प्रार्थना की।

## न्यूज बॉक्स

### भाजपा नेता श्रद्धानंद ने किया क्षेत्र भ्रमण ग्रामीणों की समस्याओं को जाना



**सिमडेगा।** ग्रामीण जन संपर्क के दौरान भाजपा नेता श्रद्धानंद बेसरा रविवार को पाकरटांड पंचायत के ढांवठाडामर ग्राम पंहुचे एवं गांव के लोगों से मुलाकात कर उनकी समस्याओं से रूबरू हुए।ग्रामीणों ने पानी की समस्या के संबंध में श्री बेसरा को जानकारी दिया कि चापाकल का पाइप छोटा होने के कारण चापाकल से पानी नहीं निकल रहा है, पाइपों को रबर से बांध कर काम चलाया जा रहा है। इसके अलावा विद्युत बिल के संबंध में ग्रामीणों ने बताया कि हमारे घरों में मिटर और कनेक्शन लगा दिए गए हैं, परन्तु उस वक्त से आज तक विद्युत विभाग से बिल नहीं दिए जाने से भयभीत हैं। श्री बेसरा ने विद्युत विभाग सिमडेगा के एसडीओ को विद्युत बिल के संबंध में जानकारी दिया और समय पर बिल निर्गत करने का आग्रह किया। एसडीओ ने बताया कि अगर कंज्यूमर नम्बर नहीं है तो विद्युत मिटर का फोटो खींच कर विभाग में जमा कर दें ताकि विद्युत बिल निर्गत किया जा सके। मौके पर साथ में किसान मोर्चा मंडल अध्यक्ष विजय कुमार सिंह इत्यादि अनेक ग्रामीण उपस्थित थे।

### वन विश्रामागार में विश्व पर्यावरण सप्ताह के तहत कार्यक्रम की हुई शुरुआत




**कुरडेग।** वन विश्रामागार में रविवार को विश्व पर्यावरण दिवस के अवसर पर विभिन्न कार्यक्रम अभियान चलाये जाने की शुरूआत वन विभाग के द्वारा की गई। यह कार्यक्रम 26 मई से 5 जून तक किया जाएगा। प्रथम दिन वन विश्रामागार परिसर की सफाई कर कचरा व प्लास्टिक मुक्त किया गया। बताया गया कि अभियान के दौरान लोगों को ऊर्जा संरक्षण,स्वस्थ जीवनशैली आपनाने,जल संरक्षण, स्वास्थ्य वर्धक प्रणाली आपनाने, एक बार प्रयोग में लाने वाले प्लास्टिक का उपयोग न करने, गंदगी नहीं फैलाने, कचरों का निवारण करने विषयों पर जागरूक किया जाएगा। इस अवसर पर रेंजर नथुनी सिंह ने कहा कि जन जीवन की सुरक्षा के लिए पर्यावरण को सुरक्षित और संरक्षित रखने की जरूरत है। विश्व में विकास की राह में कई ऐसी चीजों का उपयोग शुरू कर दिया है,जो पर्यावरण के लिए खतरा है। प्रकृति के बिना जीवन संभव नहीं है। लेकिन इसी प्रकृति को इंसान नुकसान पहूंचा रहा है। पर्यावरण लगातार दूषित हो रहा है।

### सीजन आते ही बानो के बाजारों में रसीली लीची की बिक्री जोरों पर



**बानो।** बानो स्थित डेली मार्केट में रविवार को रसीली लीची लेने वालों की भीड़ उमड़ पड़ी। लीची का सीजन आते ही प्रतिदिन लीची लेने के लिये जगह जगह से व्यापारी लीची खरीदने पहुँचने लगे हैं। प्रतिदिन बानो प्रखंड के विभिन्न गांवों से लोग बानो बाजार लीची बेचने के लिए पहुचते हैं। मिली जानकारी के अनुसार कहीं सौ रु सैकड़ा तो कहीं 110 रु सैकड़ा बिक्री की जा रही है। लीची लेने वालों की होड़ सी मची रहती है। उधर रेलवे स्टेशन के पास भी लीची लेने के लिए व्यापारी बाहर से आते हैं।लाल गुलाबी ,छोटे बड़े लीची लोगो को लुभा रहे हैं। बानो का लीची का स्वाद रांची,राउरकेला,धनबाद व कोलकाता के लोग उठा रहे हैं। मालूम हो इस वर्ष लीची का फल खूब हुआ है। लीची पेडों पर लद सा गया है। अधिक मात्रा में लीची होने के कारण किसानों को अच्छी कीमत तो नही मिल रही है परन्तु लीची के बिकने से किसान खुश हैं।

### पांच दिवसीय गैर आवासीय कौशल प्रशिक्षण का समापन

**जलडेगा।** रविवार को लीड्स के द्वारा आयोजित युवाओं का कौशल प्रशिक्षण का समापन किया गया। इस प्रशिक्षण में ओडिशा के अजीत इंद्वार द्वारा युवाओं को बिजली वायरिंग करना, बिजली का स्वीच बोर्ड बनाना, पंखे, कूलर, मिक्सर गैरेन्डर सहित अन्य इलेक्ट्रॉनिक सामानों की मरम्मती करना सिखया गया। साथ ही साथ इलेक्ट्रॉनिक वोटिंग उपकरणों में लगने वाले कलपुर्जों की जानकारी दी गई। युवाओं को प्रशिक्षण प्रायोगिक तरीके से दिया गया। प्रशिक्षण के समापन के अवसर पर लीड्स के प्रखंड कार्यक्रम समन्वयक आलोक कुमार ने बताया कि लीड्स का उद्देश्य है युवाओं को प्रशिक्षण दे कर आत्मनिर्भर बनाना। उन्हें स्वरोजगार से जोड़ना। अभी के दौर में युवाओं को नौकरी लेने वाला नही बल्कि नौकरी देने वाला बनाना है जिससे वे अपने साथ साथ दूसरों को भी रोजगार दे सके। इस दौरान संस्था के कार्यकर्ता कुलदीप सुरीन, कलिंद्र प्रधान और मनोज बिंझिया सहित प्रशिक्षण प्राप्त कर रहे युवा मौजूद थे।

## बुजुर्ग महिला की मौत के बाद बेटा-पोता शव घर में छोड़कर चले गए

# बेटी-दामाद आए तो हुआ संस्कार



**नवीन मेल संवाददाता**

**झुमरीतिलैया।** कोडरमा रेलवे स्टेशन के निकट बुजुर्ग महिला की मौत के बाद बेटे व पोतों द्वारा घर से चले जाने का मामला सामने आया है। घर में शव एक दिन पड़ा रहा। बाद में बेटी-दामाद ने अंतिम संस्कार किया। कोडरमा रेलवे स्टेशन के निकट निराला होटल व उसके ऊपर रिहाइश है। यहां 90 वर्षीय गायत्री देवी के बडे.पुत्र स्व. कृष्णा साहा के पुत्रों सागर साहा व राहुल साहा का अपने छोटे चाचा पंकज साहा के साथ प्रोपर्टी को लेकर विवाद चल रहा है। इस कारण उनके आपसी रिश्ते काफी खराब हो गए हैं। यहां रह रही गायत्री देवी का 24 मई को निधन हुआ तो शव को घर में छोड़कर दोनों पोते और छोटा बेटा परिवार सहित निकल गए। इस कारण एक दिन तक शव घर में ही पड़ा रहा। वहीं, कान्य कुब्ज हलवाई महासभा के जिला सचिव संजीव कुमार साहा ने बुजर्ग की लाश को घर में छोड़कर बेटा और पोतों के साथ भाग जाने की घटना की निंदा की है। उन्होंने कहा कि यह समाज के लिए अच्छी बात नहीं है। श्राद्धकर्म की समाप्ति के बाद इस मामले पर सामाजिक स्तर पर विचार किया जाएगा।

#### प्रॉपर्टी को लेकर विवाद की बात आई सामने

जब मां की मौत की जानकारी बेटी प्रीति साहा और दामाद राहुल गुप्ता मिली तो वे जल्द झुमरीतिलैया पहुंची। उन्होंने पड़ोसियों की मदद से शव को श्मशान घाट ले गई और शव को मुखाग्नि देने का फर्ज भी निभाया। घटना के बाद से लोग प्रापर्टी विवाद में रिश्ते शर्मसार की बात कर रहे हैं।

## बोलबा के किलेसेरा गांव में कलश यात्रा के दौरान मधुमक्खियों ने किया हमला



**नवीन मेल संवाददाता**

**बोलबा।** प्रखंड के किलेसेरा गांव में नवनिर्मित हनुमान मंदिर मूर्ति प्राण प्रतिष्ठा के मौके पर रविवार को आयोजित कलश यात्रा निकाली गई। कलश यात्रा जैसे ही नदी से निकली और तेलीन बांध के पास पहुंचा पेड़ पर भारी संख्या में मधुमक्खी थे,जो छत्ते से निकलकर लोगों पर हमला कर दिया।अचानक मधुमक्खियों के द्वारा हमले किए जाने से अफरा तफरी का माहौल हो गया और लोग इधर-उधर भाग कर अपनी जान बचाने लगे। घायलों को तत्काल वाहन प्रबंध करते हुए इलाज के लिए बोलबा स्थित सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र लाया गया जहां पर सभी का इलाज किया गया। घायलों में राजमणि देवी, राजेश कुमार केरकेट्टा, रियारानी तुर्की, टिकेश्वरी, राजलिया देवी, बसंत नायक, प्रदीप तिर्की, दीपिका कुमारी, सुनीता तिर्की, उजिया तिर्की, दिब्य सोनी कुमारी, पानो देवी, सालों देवी एवं अन्य लोग शामिल है। इधर आयोजन समिति के सदस्यों ने बताया कि यह एक घटना थी जो टल गई है। वहीं उन्होंने बताया कि कार्यक्रम को लेकर जो बनाया गया रूपरेखा है वह नियमित चलता रहेगा जहां पर 24 घंटे का अखंड हरी कीर्तन भी प्रारंभ हो गया। इधर किलेसेरा गांव में नवनिर्मित बजरंगबली के मंदिर के प्राण प्रतिष्ठा कार्यक्रम में पूर्व मंत्री एनोस एक्का सहित अन्य झापा नेता शामिल हुए। मौके पर उन्होंने मंदिर निर्माण के लिए गांव वालों को शुभकामना देते हुए कहा कि धर्म के मार्ग पर चलकर मानव सेवा करना ही सबसे बड़ा धर्म होता है। उन्होंने कहा कि मंदिर निर्माण हो जाने से गांव में लोगों के बीच संस्कार और धार्मिक चेतना का संचार होगा । इस मौके पर धनीराम बेहरा, चक्रधर महानंदिया, मधु तिर्की, नकुल मांझी, पलटन पातर, ललन मांझी, जुगल बेहरा एवं अन्य लोग शामिल थे।

# अवैध माइका खदान में वन विभाग ने मारा छापा

## विस्फोटक बरामद, माइका और खनन उपकरण भी जब्त



**नवीन मेल संवाददाता। गिरिडीह**
गिरिडीह के गावां वन विभाग की टीम ने अवैध माइका उत्खनन के खिलाफ छापेमारी अभियान चलाया है। इस अभियान के तहत धरवे जंगल में आधा दर्जन से अधिक खदानों में छापेमारी की गई है। जिसमें भारी मात्रा में जिलेटिन, डेटोनेटर, माइका और खनन में इस्तेमाल होने वाला कई उपकरण को जब्त किया गया है। यह कार्रवाई रेंजर अनिल कुमार के निर्देश पर हुआ है।
वनपाल पवन चौधरी ने कहा कि गुप्त सूचना मिली थी कि धरवे जंगल में अवैध रूप से माइका उत्खनन किया जा रहा है। सूचना पर रेंजर के निर्देश पर एक टीम गठन कर धरवे जंगल में छापेमारी की गई। इस छापेमारी में 45 पीस जिलेटिन, 1 पीस डेटोनेटर, 3 पीस हथौड़ी और सबल सहित कई खनन करने वाला उपकरण को जब्त किया गया है। कहा कि मामले में खदान संचालक के विरुद्ध प्राथमिकी दर्ज कर अग्रेतर कार्रवाई की जा रही है। वहीं इस मामले में जब्त जिलेटिन एवं डेटोनेटर के संबंध में गावां थाना में भी खदान संचालक के विरुद्ध प्राथमिकी दर्ज कराई जा रही है। किसी भी सूरत पर अवैध खनन नहीं होने दिया जायेगा।
मौके पर अभियान में प्रभारी वनपाल पवन चौधरी, वनरक्षी हीरालाल पंडित, पविन्द्र गुप्ता, बम शंकर वर्मा, सुनील हेम्ब्रम, राजेन्द्र प्रसाद, जिलाजित कुमार आदि थे।

### मुंडा पर जानलेवा हमला करने के विरोध में ग्रामीणों ने ढाई घंटे एनएच किया जाम

**चक्रधरपुर ।** चक्रधरपुर के उलीडीह के ग्रामीण मुंडा दीपक बोदरा को गोली मारकर घायल करने के विरोध में स्थानीय ग्रामीणों व मानकी-मुंडाओं ने रांची-चाईबासा मुख्य मार्ग एनएच-75 जाम कर दिया. जिसकी वजह से इस मार्ग पर आवागमन बाधित हो गया। सड़क जाम की सूचना पर पुलिस-प्रशासन घटनास्थल पर पहुंची और प्रदर्शनकारियों को समझाने का प्रयास किया। लेकिन वो समझने को तैयार नहीं थे। काफी समझाने-बुझाने के बाद करीब ढाई घंटे बाद ग्रामीणों ने सड़क जाम हटाया।जानकारी के अनुसार, दीपक बोदरा शनिवार की दोपहर उलीडीह सड़क किनारे अपने दुकान में पत्तल पोडा मीट बेच रहे थे।

## उसरी फॉल में डूबने से दो युवकों की मौत



**नवीन मेल संवाददाता। गिरिडीह**
जिले के उसरी फाल में डूबने से दो युवकों की मौत हो गई है। दोनो बारहवीं के छात्र थे। मृतकों की पहचान देवघर राम मंदिर दौसा गढ़ी, निवासी 20 वर्षीय पवन गुप्ता एवं 18 वर्षीय दीपक कुमार वर्मा के रूप में की गई है। बताया जाता है दोनो अपने कुछ अन्य दोस्तो के साथ देवघर से पिकनिक मनाने गिरिडीह के पर्यटन स्थल उसरी फॉल आए थे। इस बीच दोनों नहाने के लिए पानी के बीच गए. तभी एक दोस्त गहरे पानी मे डूबने लगा जिसे बचाने दूसरा भी पानी मे उतर गया और दोनो डूब गए। इधर घटना की सूचना मिलने पर स्थानीय लोगों की भीड़ जुट गई। सूचना मिलते ही पुलिस भी घटनास्थल पर पहुँची और स्थानीय लोगों की मदद से बड़ी मशक्कत के बाद दोनों शवों को निकाला गया।

### बंदगांव प्रखंड की टेबो घाटी में चार करोड़ का पोस्तो दाना जब्त



**चक्रधरपुर।** पश्चिमी सिंहभूम जिला के सुदूरवर्ती जंगली क्षेत्रों में इन दिनों अफीम व पोस्तो का कारोबार धड़ल्ले से चल रहा है. पश्चिमी सिंहभूम जिला के रांची-चाईबासा मुख्य मार्ग बंदगांव प्रखंड के टेबो घाटी जंगल से टेबो पुलिस ने गुप्त सूचना के आधार पर एक ट्रक पर लदा भारी मात्रा में पोस्तो दाना जब्त किया है। बताया जाता है कि पोस्तो को राजस्थान ले जाया जा रहा था। वहीं ट्रक का नम्बर भी राजस्थान का है। ट्रक पर लदे पोस्तो की कीमत लगभग तीन से चार करोड़ रुपये बतायी जा रही है। इधर इस संबंध में टेबो थाना प्रभारी ने बताया कि पोस्तो लदे ट्रक को पकड़ा गया है और इस संबंध में टेबो थाना में ही मामला दर्ज कर आगे की कार्रवाई की जा रही है।

## कसमार में शॉर्ट सर्किट से घर में लगी आग, हजारों की संपत्ति जलकर राख



**नवीन मेल संवाददाता। बोकारो**
जिले के कसमार प्रखंड के सिंहपुर गांव निवासी लालमोहन महतो के घर में रविवार की दोपहर अचानक आग लग गई. इसमें घर में रखी हजारों रुपये की संपत्ति जलकर राख हो गई. आग लगने का कारण बिजली का शार्ट सर्किट बताया जा रहा है. घटना के समय परिवार के लोग किसी काम से दूसरे टोले में गए थे. घर में धुआं उठते देख ग्रामीणों ने शोर मचाया. गृहस्वामी लालमोहन महतो को फोन कर घटना जानकारी दी. लालमोहन दौड़े हुए आए और ग्रामीणों की सहायता से बाल्टी, मग व डेगची के सहारे कुएं से पानी लाकर आग बुझाने में जुट गए. आग की लपटें इतनी तेज थीं कि एक घंटा के अंदर ही घर में रखा चावल, धान, दाल, सब्जी, बिस्तर, बक्सा, कपड़ा, चांदी के जेवर आदि जल गए. करीब 70 हजार रुपए की संपत्ति जलने अनुमान है. पंचायत समिति सदस्य विनोद कुमार महतो समेत अन्य प्रतिनिधि पहुंचे और पीड़ित परिवार को सांत्वना दी. वहीं, घटना की सूचना तत्काल कसमार अंचल कार्यालय को देकर मुआवजा देने की मांग की।

## रेल सेवा की अंतिम ड्यूटी पर चालक विपिन कुमार को दी गई भव्य विदाई



**नवीन मेल संवाददाता। धनबाद**
गोमो रेलवे के चालक विपिन कुमार ने रविवार को अपनी सेवा की अंतिम ड्यूटी की. वह 31 मई को सेवानिवृत्त होंगे। अपनी अंतिम ड्यूटी के तहत वह जनशताब्दी एक्सप्रेस (ट्रेन नंबर 12365 ) को पटना से लेकर गोमो स्टेशन पहुंचे। स्टेशन पर रेल चालक दल के सदस्यों और उनके परिजनों ने बैंड बाजे के साथ फूल-माला पहना कर उनका भव्य स्वागत किया। जन शताब्दी एक्सप्रेस ट्रेन के गोमो स्टेशन के प्लेटफार्म नंबर दो पर रुकते ही सबसे पहले पत्नी सीता देवी इंजन पर चढ़ गईं और पति विपिन कुमार को माला पहना कर इंजन से नीचे उतारा और स्वागत किया। इसके बाद ईसीआरकेयू यूनियन के पदाधिकारियों व चालक दल के सदस्यों व उनके परिजनों ने विपिन कुमार को गुलदस्ता भेंट कर व माला पहनाकर भव्य स्वागत किया। रेल चालक विपिन कुमार ने कहा कि उन्होंने रेलवे में 36 वर्षों की अपनी सेवा यात्रा में स्टीम इंजन से लेकर डीजल व एलेक्ट्रिक इंजन को सफलता पूर्वक चलाया। आज रिटायरमेंट के वक्त गर्व महसुस कर रहा हूं। इसके बाद वह रेल चालकों के ड्यूटी कार्यालय क्रू-लॉबी गए और कर्मचारियों से गले मिले। रेल कर्मचारियो ने उन्हें आगे की कुशल जीवन यात्रा की शुभकामनाएं दीं। मौके पर रेलवे मेंस कर्मचारी यूनियन के शाखा सचिव पीके सिन्हा, सीटीएफआर एससी पाण्डेय, यू के सिंह, आर कच्छप, रूपेश कुमार, संजीव मिश्रा, गुप्तेश्वर प्रसाद, प्रफुल्ल कुमार, संजय यादव, सहायक चालक पीके मेहता, मिथुन कुमार आदि उपस्तिथ थे।

## डीपीएस बोकारो के छात्र हार्दिक को राष्ट्रीय डिजाइन संस्थान में देशभर में पहला स्थान



**नवीन मेल संवाददाता। बोकारो**
लकीरें खींचकर उसे डिजाइन का स्वरूप देने की प्रतिभा एक बार फिर दिल्ली पब्लिक स्कूल (डीपीएस) बोकारो के छात्र रह चुके हार्दिक श्री के लिए काम आई. 19 वर्षीय हार्दिक ने देश के सबसे बड़े राष्ट्रीय डिजाइनिंग संस्थान (एनआईडी) की परीक्षा में देशभर में पहला स्थान प्राप्त किया है. डिजाइन में दाखिले के लिए आयोजित परीक्षा में उसे ओपन और ओबीसी एनसीएल, दोनों ही कैटेगरी में आल इंडिया रैंक वन मिली है।
खास बात यह है कि पिछले साल भी उसने एनआईडी में सफलता पाई थी, लेकिन रैंक 48 थी। इस बार उसने दोगुनी मेहनत की और पूरे भारत में पहला स्थान पाया। हार्दिक का मानना है कि नाकामी की बजाय उससे सबक लेकर और मेहनत करनी चाहिए। पढ़ाई-लिखाई या करियर संबंधी कोई परीक्षा जीवन की आखिरी परीक्षा नहीं होती। फेल होने पर हताश होने की बजाय अपनी रुचि को देखते हुए खुद को एक्सप्लोर करें, अपनी प्रतिभा को विस्तार दें, अवसर और सुखद परिणाम जरूर मिलेंगे। हार्दिक ने बताया कि उसकी दिली ख्वाहिश एनआईडी अहमदाबाद से डिजाइनिंग में चार-वर्षीय स्नातक करने की थी, जो पिछले वर्ष पूरी नहीं हो पाई थी। इसलिए उसने इस बार जी-तोड़ मेहनत की। एक जुलाई से वहां उसका सत्र शुरू हो रहा है। उसकी इस कामयाबी पर विद्यालय परिवार में हर्ष का माहौल है। प्राचार्य डॉ। ए एस गंगवार ने उसे बधाई देते हुए इसे विद्यालय सहित पूरे राज्य के लिए ऐतिहासिक उपलब्धि बताई है। ज्ञात हो कि हार्दिक ने पिछले ही साल डीपीएस बोकारो से 90 प्रतिशत अंकों के साथ 12वीं की परीक्षा उत्तीर्ण की थी। 10वीं में भी उसे 95 प्रतिशत अंक मिले थे।

# रायपुर में कोयला कारोबारी की हत्या करने पहुंचे अमन साहू गिरोह के चार बदमाश गिरफ्तार



**नवीन मेल संवाददाता**
**बोकारो।** छत्तीसगढ़ की राजधानी रायपुर में कोयला कारोबारी की हत्या करने पहुंचे लॉरेंस बिश्नोई और अमन साहू गैंग के चार शूटर पुलिस के हत्थे चढ़ गए। गिरफ्तार आरोपियों में झारखंड के बोकारो जिले के चास थाना क्षेत्र निवासी रोहित स्वर्णकार, राजस्थान के पाली जिला के सियारी थाना क्षेत्र के सारन निवासी मुकेश कुमार, देवेन्द्र सिंह और पप्पू सिंह उर्फ पप्पू का नाम शामिल है।
बोकारो पुलिस के अनुसार छत्तीसगढ़ के अलावा झारखंड में भी बड़ी घटना को अंजाम देने की योजना थी। गिरफ्तार शूटर किसी कारोबारी को जान से मारने की सुपारी मिली थी। पुलिस ने रविवार को बताया कि योजना के मुताबिक अमन साहू गैंग को संचालित करने वाले मयंक सिंह ने बोकारो निवासी रोहित स्वर्णकार को इंदौर के सेंधवा से गैंग से जुड़े लोगों के माध्यम से एक पिस्टल और एक मैग्जीन उपलब्ध कराया।
मयंक सिंह ने पप्पू सिंह को वारदात को अंजाम देने के लिये एक बाइक राइडर की व्यवस्था करने के लिए कहा। इसके बाद मुकेश कुमार भाट और देवेंद्र सिंह को वारदात के वक्त बाइक राइड़िंग के लिए रायपुर रवाना किया गया। रोहित स्वर्णकार इंदौर के सेंधवा से पिस्टल लेकर उज्जैन में महाकाल के दर्शन कर ट्रेन के माध्यम से रायपुर पहुंचा। मुकेश और देवेंद्र बस के माध्यम से रायपुर पहुंचे। रायपुर पुलिस के जवान इन्हें चिह्नित करने के लिए सादे लिबास में शहर के संभावित स्थलों पर तैनात किए गए थे। करीब 72 घंटे के गोपनीय ऑपरेशन में रोहित स्वर्णकार को एक पिस्टल और एक मैगजीन के साथ पकड़ा गया। इसकी निशानदेही पर अन्य आरोपी को पकड़ा गया।
आरोपियों ने पूछताछ में पुलिस को बताया कि पूरी योजना को मयंक सिंह के कहने पर पप्पू सिंह के साथ मिलकर बनाई गई थी। शूटर और राइडर को एक-दूसरे से अपनी पहचान छिपाने तथा किसी तकनीकी संपर्क में न रहने और अपने-अपने माध्यमों से एप के माध्यम से नेट कॉलिंग से ही संपर्क में रहने की हिदायत थी। पुलिस से बचने के लिए मयंक ने रोहित को 29-29 कोड यूज करने और पप्पू ने मुकेश को राम-राम और जय माता दी कोड यूज करने निर्देशित किया गया था। टॉरगेट रायपुर पहुंचने पर ही उपर से बताया जाता। वर्तमान में अमन साहू के गैंग को मयंक सिंह मलेशिया में बैठकर ऑपरेट कर रहा है। पकड़े गए शूटर्स अमन साहू और लॉरेंस बिश्नोई के कहने पर टारगेट को अंजाम देते थे। रोहित स्वर्णकार पर बोकारो के चास और पेटरवार थाना में तीन मामले दर्ज हैं। मुकेश कुमार, पप्पू सिंह और देवेंद्र सिंह के भी आपराधिक रिकॉर्ड की जानकारी पुलिस को मिली है।

## एक नजर

### सरस्वती विद्या मंदिर जैनामोड़ की समिति का पुनर्गठन



**बोकारो।** जैनामोड़ स्थित सरस्वती शिशु विद्या मंदिर में रविवार को बैठक कर विद्यालय की समिति का पुनर्गठन किया गया. नई समिति का गठन धनबाद के विभाग प्रमुख विवेक नयन पांडेय के मार्गदर्शन में हुआ। समिति में प्रसाद देव संरक्षक, विरंची नाथ मिश्र अध्यक्ष, रमापति पाण्डेय व सतीश चंद्र जैन उपाध्यक्ष, नवीन गर्ग सचिव, नीलकंठ मंडल सहसचिव, कन्हैया लाल स्वर्णकार कोषाध्यक्ष बनाए गए हैं। अभिभावक प्रतिनिधि ललिता देवी, सृष्टिधर महतो, रंजीत कुमार, धनंजय कुमार, आनंद महतो, हरिमती देवी, अरविंद ठाकुर, सिद्धेश नारायण दास, विवेक नयन पांडेय, माधव चंद्र झा को सदस्य एवं पदेन सह प्रधानाचार्य आनंद कुमार गोस्वामी को बनाया गया है। आमंत्रित सदस्यों में मोती सिंह, टीका प्रसाद व रंजीत महतो शामिल हैं।

### छपरा में मतदान के दौरान हुई हिंसा की जांच हो : साधु शरण

**बोकारो।** गोप महासंघ के झारखंड प्रदेश अध्यक्ष साधु शरण गोप ने बिहार के छपरा में शनिवार को मतदान के दौरान हुई हिंसा की निष्पक्ष जांच की मांग की है। उन्होंने बिहार के डीजीपी को पत्र लिखकर पूरी घटना की बिंदुवार जांच कराने की मांग की। कहा कि राजद सुप्रीमो लालू यादव की बेटी व क्षेत्र से पार्टी की प्रत्याशी रोहिणी आचार्य पर हमला सिर्फ अपराधिक नहीं है, बल्कि सामाजिक अपराध भी है। हमलावरों ने घटना के समय जिन शब्दों का प्रयोग किया है, उससे मानव समाज को ठेस पहुंची है। यह सभ्य समाज के माथे पर कलंक है। उन्होंने पूरे मामले की अपराधिक के साथ-साथ सामाजिक दृष्टिकोण से भी जांच कराने का आग्रह किया है। कहा कि ऐसे राजनीतिक दलों पर भी नकेल कसने की जरूरत है, ताकि उनके कार्यकर्ता भविष्य में ऐसी हरकतों से परहेज करें।

### गिरिडीह लोकसभा क्षेत्र की सभी 2160 ईवीएम पहुंचीं स्ट्रांग रूम

**बोकारो।** गिरिडीह लोकसभा क्षेत्र में शनिवार को हुए मतदान के बाद लोकसभा के अंतर्गत आने वाली छह विधानसभाओं गोमिया, बेरमो, डुमरी, बाघमारा, टुंडी व गिरिडीह की सभी 2160 ईवीएम कड़ी सुरक्षा के बीच बोकारो के चास स्थित कृषि बाजार समिति में बने स्ट्रांग रूम में रख दी गई हैं। गिरिडीह संसदीय क्षेत्र की मतगणना कृषि बाजार समिति, चास में ही होगी। जिला जनसंपर्क पदाधिकारी से मिली जानकारी के अनुसार, क्षेत्र में 94 पी प्लस वन श्रेणी के मतदान केंद्र थे, जहां की ईवीएम शनिवार को मतदान के बाद उसी क्षेत्र में बनाये गए क्लस्टर सेंटर में सुरक्षित रखी गई थीं। उन्हें रविवार को स्ट्रांग रूम पहुंचाया गया। मौके पर डीसी विजया जाधव खुद निगरानी कर रही थीं। क्षेत्र के प्रत्याशियों के प्रतिनिधि भी स्ट्रांग रूम के बाहर मौजूद थे। गिरिडीह लोकसभा में कुल 1864660 मतदाता हैं। क्षेत्र में कुल 1207367 वोट पड़े हैं, यानी 64.75 प्रतिशत मतदान हुआ है। वोटों की गिनती 4 जून को होगी।

## न्यूज बॉक्स

### सड़क किनारे वन भूमि पर झोपड़ी बनाकर बेची जा रही थी शराब, वन विभाग ने कराया मुक्त

**गिरिडीह।** गावां वन विभाग की टीम ने रविवार को पटना-डोरंडा रोड़ पर हैठली कन्हाय मौजा जंगल के पास सड़क किनारे बने आधा दर्जन से अधिक झोपड़ीनुमा दुकान को ध्वस्त करते हुए अवैध कब्जा मुक्त कराया है। बताया जाता है इन झोपड़ीनुमा दुकान में अवैध रूप से महुआ शराब बेचा जाता था। जहां आसपास के लोग शराब पीने आते थे। जिससे दिनभर यहां सड़क किनारे वाहन और लोगों का जमावड़ा लगा हुआ रहता था। जिसकी सूचना लगातार वन विभाग को ग्रामीणों के द्वारा मिल रही थी। इस सूचना के आधार पर एक टीम गठन कर वहां बने झोपड़ीनुमा दुकान को वन विभाग ने रविवार को ध्वस्त कर दिया है। वनपाल पवन चौधरी ने कहा कि झोपड़ी ध्वस्त करते हुए सभी को कड़ी चेतावनी दी गई है कि वन भूमि पर किसी तरह के अवैध गतिविधि का संचालन नहीं करना है। कहा कि वन भूमि पर अवैध कब्जा करने वालों के खिलाफ वन अधिनियम के तहत कानूनी कार्रवाई की जाएगी।

### रैफ ने जरूरतमंदों के बीच बांटे बर्तन किताब और कपड़े




**जमशेदपुर।** सुंदरनगर स्थित रैपिड एक्शन फोर्स (रैफ) की 106वीं बटालियन ने अंतरराष्ट्रीय पर्यावरण दिवस को सफल बनाने के लिए मेरी लाइफ कार्यक्रम का आयोजन किया. इसके तहत पांच दिवसीय डोनेशन ड्राइव का आयोजन किया गया। रैफ की 106वीं बटालियन के जवानों और उनके परिवार के सदस्यों डोनेशन ड्राइव में बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया। इस अभियान के दौरान आसपास के समुदायों से पुरानी किताबें, बर्तन और कपड़े एकत्र किए गए। इसके बाद इन किताबों, बर्तन और कपड़े जरूरतमंद लोगों में वितरित किया गया।इस पहल का मुख्य उद्देश्य न केवल पर्यावरण संरक्षण की दिशा में महत्वपूर्ण कदम उठाना था, बल्कि सामुदायिक कल्याण के प्रति हमारी गहरी प्रतिबद्धता को भी दशार्ना था। प्राकृतिक संसाधनों का सतत उपयोग और पुनर्चक्रण के माध्यम से हम अपने पर्यावरण को संरक्षित कर सकते हैं। यह कार्यक्रम इस दिशा में हमारे प्रयासों को और भी सुदृढ़ बनाता है।स्थानीय समुदायों ने भी इस ड्राइव में बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया और पुरानी किताबें, बर्तन और कपड़े दान किए। इस पहल ने पर्यावरण संरक्षण के प्रति जागरूकता बढ़ाई और सतत उपयोग को प्रोत्साहित किया। 106 रैपिड एक्शन फोर्स के कमांडिंग ऑफिसर डॉ निशीत कुमार ने कहा कि हमारा उद्देश्य न केवल पर्यावरण की सुरक्षा करना है, बल्कि सामुदायिक कल्याण के प्रति भी अपनी जिम्मेदारी निभाना है। छोटे-छोटे कदम मिलकर बड़े परिवर्तन लाते हैं और इसी सोच के साथ हम सभी को इस मुहिम में सहभागी बनने के लिए प्रेरित करते हैं।

### वामनगुटू गांव में घर में सोयी बच्ची की सर्पदंश से मौत



**चक्रधरपुर ।** चक्रधरपुर थाना क्षेत्र के वामनगुटू गांव में सर्पदंश से 12 वर्षीय बच्ची लवली बिरुवा की मौत हो गई। बताया जाता है कि चाईबासा निवासी लवली बिरुवा वामनगुटू स्थित अपने चाचा के घर में रहती थी। लवली बिरुवा वामनगुटू प्राथमिक विद्यालय में कक्षा चार में पढ़ती थी। शनिवार की रात वह अपने चाचा के घर में जमीन पर सोयी हुई थी।इसी दौरान एक जहरीले सांप ने उसे काट लिया। इसके बाद रविवार सुबह परिवार वाले बच्ची को इलाज के लिए चक्रधरपुर के अनुमंडल अस्पताल लेकर पहुंचे। वहां इलाज के दौरान बच्ची की मौत हो गई। इधर चक्रधरपुर अनुमंडल अस्पताल के डॉक्टरों ने बताया कि अगर बच्ची को अस्पताल जल्दी लाया जाता तो संभवतः उसकी जान बचायी जा सकती थी।

### हुड़ंगदा गांव में महिला ने फांसी लगाकर आत्महत्या की, जांच में जुटी पुलिस



**चक्रधरपुर।** बंदगांव प्रखंड की कराईकेला थाना क्षेत्र के हुड़ंगदा पंचायत के हुड़ंगदा गांव के बीच टोली में एक महिला ने फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। महिला की पहचान फूलमनी नायकी (60 वर्षीय) के रूप में हुई है। ग्रामीणों की सूचना पाकर पुलिस घटनास्थल पर पहुंची और शव को कब्जे में लेकर चक्रधरपुर अनुमंडल अस्पताल पोस्टमार्टम के लिए भिजवाया। कराईकेला थाना प्रभारी अंकित कुमार भी अनुमंडल अस्पताल पहुंचे हैं। इधर पुलिस मृतिका की पुत्रवधु के बयान पर मामला दर्ज कर आगे की कार्रवाई में जुटी है। सुबह कमरे में फंदे से झूलता मिला फूलमनी नायकी का शव घटना के संबंध में बताया जाता है कि फूलमनी नायकी हमेशा की तरह रविवार रात को भी अपने घर के कमरे में सोने चली गयी थी। सुबह जब फूलमनी नायकी की पुत्रवधु संतोषी नायकी कमरे में गयी तो देखा कि सास का शव घर के छज्जे में कपड़ा के सहारे फांसी के फंदे पर झूल रहा है। इसके बाद उसने गांव वालों को घटना की जानकारी दी। इसके बाद ग्रामीणों ने पुलिस को जानकारी दी।

### पत्नी ने प्रेमी के साथ मिलकर पति की जमकर की पिटाई

**धनबाद।** घाटशिला थाना क्षेत्र के पावड़ा गांव में रविवार को प्रेमी के साथ मिलकर पत्नी ने पति की जमकर पिटाई कर दी। मारपीट की घटना में पति मानिक सीट को गंभीर चोट लगी है। आसपास के लोगों ने मिलकर किसी तरह मामले को शांत कराया। घटना की सूचना पर पहुंची मुखिया पार्वती मुर्मू ने थाना को सूचना दी। सूचना पर पहुंची पुलिस ने पति मानिक सीट को उठाकर अनुमंडल अस्पताल पहुंचाया और पत्नी सुनीता सीट एवं उसके प्रेमी ऋषिकेश तंतुबाई को थाना ले गई। घटना के संबंध में मानिक सीट ने बताया कि बेटी की मौत के बाद से कविराज ऋषिकेश का अक्सर घर में आना-जाना लगा रहता है। इसी बीच पत्नी के साथ प्रेम प्रसंग शुरू हो गया। मैं टेलर दुकान में काम करता हूं।

# कोरोना पीड़ित अभी भी परेशान

**वैश्विक** स्तर पर जारी कोरोना महामारी को चार साल से अधिक का समय बीत गया है। इस दौरान कोरोना के वैरिएंट्स में कई बार म्यूटेशन हुआ और संक्रमितों में हल्के से लेकर गंभीर स्तर के लक्षण रिपोर्ट किए गए। कोरोना का खतरा अभी भी थमा नहीं है। हालिया रिपोर्ट्स के मुताबिक वायरस में एक बार फिर से म्यूटेशन हुआ है, जिससे उत्पन्न नया सब-वैरिएंट कई देशों में संक्रमण बढ़ाता हुआ देखा जा रहा है। सिंगापुर की स्थानीय मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक यहां पर दो सप्ताह में ही कोरोना के मामलों में 90 फीसदी से अधिक की वृद्धि रिपोर्ट की गई है। विश्व स्वास्थ्य संगठन (डब्ल्यूएचओ) के विशेषज्ञों ने सभी लोगों को कोरोना से बचाव को लेकर लगातार सावधानी बरतते रहने की अपील की है। कोरोना के जोखिमों को लेकर विश्व स्वास्थ्य संगठन ने बड़ी जानकारी भी साझा की है। रिपोर्ट में डब्ल्यूएचओ ने कहा कोविड-19 के कारण वैश्विक जीवन प्रत्याशा में लगभग दो साल की कमी आ गई है। जीवन प्रत्याशा या लाइफ एक्सपेक्टेंसी उन अतिरिक्त वर्षों की औसत संख्या का अनुमान है जो एक निश्चित आयु का व्यक्ति जीने की उम्मीद कर सकता है। विश्व स्वास्थ्य संगठन ने कहा, पिछले एक दशक में लाइफ एक्सपेक्टेंसी में बेहतर सुधार देखा जा रहा था। हालांकि कोविड-19 के कारण इसमें गिरावट आ गई है। संयुक्त राष्ट्र स्वास्थ्य एजेंसी ने अपनी रिपोर्ट में बताया कोविड-19 महामारी ने संपूर्ण स्वास्थ्य को गंभीर रूप से प्रभावित किया है, संक्रमण के कारण लोगों में कई प्रकार की बीमारियां भी विकसित होती देखी गई हैं। इन परिस्थितियों ने लाइफ एक्सपेक्टेंसी को बड़ा नुकसान पहुंचाया है। कोविड-19 के कारण वैश्विक जीवन प्रत्याशा 1.8 वर्ष गिरकर अब 71.4 वर्ष रह गई है। साल 2012 में भी जीवन प्रत्याशा इसी के आसपास थी। विश्व स्वास्थ्य संगठन के शोधकर्ताओं ने बताया कि पिछली आधी सदी में किसी भी अन्य घटना की तुलना में कोविड-19 ने संपूर्ण स्वास्थ्य और जीवन प्रत्याशा पर सबसे गहरा प्रभाव डाला है। डब्ल्यूएचओ के महानिदेशक टेड्रोस अदनोम घेबियस ने कहा कि ये आंकड़े वैश्विक स्वास्थ्य सुरक्षा को मजबूत करने और स्वास्थ्य के क्षेत्र में दीर्घकालिक निवेश को बढ़ावा देने के महत्व पर प्रकाश डालते हैं। स्वास्थ्य संगठन की रिपोर्ट बताती है कोविड के शुरूआती दौर में ही साल 2020-2021 के दौरान 15.9 मिलियन (1.59 करोड़) से अधिक लोगों की मौत हुई। स्वास्थ्य विशेषज्ञों ने कहा महामारी के दौरान कोविड-19 मृत्यु का प्रमुख कारण रहा है। 2020 में विश्व स्तर पर यह मृत्यु का तीसरा सबसे बड़ा कारण और 2021 में दूसरा प्रमुख कारण रहा। डब्ल्यूएचओ की रिपोर्ट इस बात पर भी प्रकाश डालती है कि नॉन कम्युनिकेबल डिजीज (एनसीडी) जैसे कि इस्केमिक हृदय रोग और स्ट्रोक, कैंसर, क्रॉनिक ऑब्सट्रक्टिव पल्मोनरी डिजीज, अल्जाइमर रोग-डिमेंशिया और मधुमेह के कारण भी बड़ी संख्या में लोगों की मौत हुई। डब्ल्यूएचओ विशेषज्ञों ने बताया, कोरोना ने सीधे तौर पर सेहत को गंभीर नुकसान तो पहुंचाया ही है साथ ही कोविड-19 के कारण उपजी परिस्थितियों ने दुनियाभर में कुपोषण के बोझ को भी बढ़ा दिया है। इसके अतिरिक्त साल 2022 में, पांच साल और उससे अधिक उम्र के एक अरब से अधिक लोग मोटापे के साथ जी रहे थे, जबकि आधे अरब से अधिक लोग कम वजन वाले थे। बच्चों में कुपोषण भी गंभीर स्वास्थ्य समस्या के रूप में देखा जा रहा है। ये सभी स्थितियां संपूर्ण स्वास्थ्य को प्रभावित करने के साथ समय से पहले मृत्यु के जोखिमों को बढ़ाने वाली हो सकती हैं।

> **विश्व स्वास्थ्य संगठन (डब्ल्यूएचओ) के विशेषज्ञों ने सभी लोगों को कोरोना से बचाव को लेकर लगातार सावधानी बरतते रहने की अपील की है। कोरोना के जोखिमों को लेकर विश्व स्वास्थ्य संगठन ने बड़ी जानकारी भी साझा की है। रिपोर्ट में डब्ल्यूएचओ ने कहा कोविड-19 के कारण वैश्विक जीवन प्रत्याशा में लगभग दो साल की कमी आ गई है।**

जल ही जीवन है

# तपती गर्मी में मुफीद है मटके का पानी



डॉ. रमेश ठाकुर



**आधुनिक** चकाचौंध में टेक्नोलॉजी से लबरेज युग में देसी मटकों का क्रेज आज भी बरकरार है। दूषित पानी के इस्तेताल से बढ़ते मरीजों को जबसे चिकित्सकों ने मटके का पानी पीने की सलाह दी है, लोगों का रुझान अनायास घड़ों की ओर दौड़ा है। मिट्टी का ये आइटम न सिर्फ मन को भाता है, बल्कि चिलचिलाती गर्मी में सूखे गलों को भी तरबतर कर देता है। घड़े का पानी पीने में तरावट आती है। गले में अलौकिक ठंड़क पड़ती है, क्योंकि घड़े के पानी में मिट्टी की सोंधी-सोंधी सुगंध जो आती है। घड़े का पानी जमीन से तुरंत निकले ताजे पानी जैसा अहसास करवाता है। गर्मियों में जब घड़ों की डिमांड बढ़ती है तो कुम्हारों का व्यवसाय भी खूब फलने-फूलने लगता है। इस सीजन में उनकी आमदनी में अचानक से उछाल आता है। इस समय मटकों की कीमत दो सौ से लेकर हजार रुपए तक पहुंची हुई है। मटको की बढ़ती डिमांड को देखकर अब ऑनलाइन सेल्स कंपनियां भी कूद पड़ी हैं। वो कुम्हारों को ऑर्डर देकर मटके बनवाते हैं, फिर उच्च दामों में ऑनलाइन बेचती हैं। मटके का पानी ब्लड प्रेशर को कंट्रोल करता है, शरीर का बैड कोलेस्ट्रॉल कम करता है और ब्लड सकुर्लेशन नियंत्रित रखने में मदद करता है। मई-जून में गर्मी का सितम जब नॉनस्टॉप होता है तो लोगों को देसी मटके की याद अचानक से आनी शुरू हो जाती है। आधुनिक युग में शायद ही कोई घर ऐसा हो, जिनके यहां फ्रिज न हो। बावजूद इसके देसी मटको का क्रेज अपने जगह बरकरार है। एक प्रचलित कहावत है कि ह्यसोने की खोज में, हीरे को भूल गए। कुछ ऐसा ही हुआ, जब जमाने ने बदलाव के लिए करवट ली, तो जनमानस ने देसी परंपराओं के साथ प्राचीन धरोहर कही जाने वाली वस्तुओं से भी तौबा कर लिया पर, वक्त का पहिया फिर बदला है। इसलिए लोग पुराने जमाने की ओर फिर से मुड़ने लगे हैं। मई आधी से ज्यादा बीत चुकी है, पिछले सप्ताह से समूचे हिंदुस्तान में चिलचिलाती गर्मी ने कहर बरपाना शुरू कर दिया है। फ्रिज का पानी आनंद नहीं दे रहा, इसलिए लोग मटको को पसंद कर रहे हैं। मटकों का पानी आज भी फ्रिज के मुकाबले ठंडा और स्वादिष्ट लगता है। चंगे शरीर के लिए ताजा पानी लाभदायक होता है। इसलिए, देसी घड़े का पानी न सिर्फ स्वास्थ्य के लिए बल्कि हजामा दुरुस्त के लिए भी गुणकारी होता है। चिकित्सीय सर्वेक्षण बताते हैं कि सर्दियों के मुकाबले गर्मियों में मटके का ठंडा पानी शरीर के लिए बहुत उपयोगी होता है। क्योंकि मटके की दीवारें से पानी धीरे-धीरे रिसता है और बर्तन की सतह से वाष्पित होता है। इसका भीतरी वातावरण वाष्पीकरण ऊष्मा ठंड़क का उतार्जन करता है जिससे अंदर जमा पानी चंद मिनटों में ठंडा हो जाता है। दरअसल, वाष्पीकरण एक ऐसी प्रक्रिया है जिसमें पानी की तरलता से गैसीय अवस्था में बदलती है। जब पानी वाष्पित होता है, तो यह अपने आसपास की गर्मी को अवशोषित कर लेता है। बढ़ता तापमान मटके में मौजूद पानी को गर्मी से बचाता है। मटका मिट्टी से निर्मित होता है जिसमें सूक्ष्म छिद्र होते हैं, जो पानी को वाष्पित होने में मदद करते हैं। घड़े की मिट्टी पानी को इन्सुलेटर करती है जिसके इस्तेमाल से शरीर हाइड्रेट रहता है और पाचन प्रक्रिया हमेशा दुरुस्त रहती है। बीते एक सप्ताह से गर्मी रिकॉर्ड तोड़ रही है। पहाड़ी क्षेत्रो में तापमान चालीस पार है, मैदानी क्षेत्रों में तो कहीं-कहीं पचास तक जा चुका है। ऐसे में पेट की ठंड़क मटकों पर निर्भर हो गई है। प्रत्येक चौथा व्यक्ति मटका खरीद रहा है। दरअसल, मटका एक प्राकृतिक कटोरा है जो मानव द्वारा निर्मित मात्र है जिसकी अंदरुनी दीवारें पानी को ठंडा बनाती हैं। मटके के धातु और मिट्टी के भीतर रखे गए पानी के संपर्क से पानी की ठंडक सूखने की प्रक्रिया धीरे-धीरे होती है जिसमें पानी लंबे वक्त तक ठंडा रहता है। शायद ये भी एक कुदरती प्रक्रिया ही है कि जितनी गर्मी बढ़ेगी, मटके का पानी भी उतना ही ठंडा होगा। फ्रिज और आरओ पानी की आदत इंसान को कई बीमारियों से घेर रही है। जबकि, घड़े का पानी कई बीमारियों से लड़ने की ताकत रखता है। तभी तो घरों के बुजुर्ग अभी भी मिट्टी के बर्तनों का पानी पीने को कहते हैं। हालांकि, आधुनिक जमाने में बुजुर्गों के अनुभव कोई लेता कहां? मटके का पानी सिर्फ ठंडा-ठंडा, कूल-कूल ही नहीं करता, बल्कि कई बीमारियों से बचाव भी करता है। मटके की सबसे बड़ी खासियत को भी हमें जानना चाहिए। मटका आरओ द्वारा प्यूरीफायर किए पानी से मर चुके मिनरल्स को भी दोबारा जिंदा कर देता है। अगर आरओ से पानी निकालकर घड़े में सिर्फ पंद्रह मिनट तक रखा जाए, तो उसके मरे हुए मिनरल्स वापस पनप जाते हैं। क्योंकि मिट्टी के घड़े में कैल्शियम की मात्रा बहुतायत रूप में रहती है। शहरों में अक्सर लोग अब यही करने लगे हैं, पानी को पहले प्यूरीफायर कर लेते हैं, फिर उसे घडे में उलट देते हैं जिससे पानी दोबारा से पहले से हो जाता है। चिकित्सक शुरू से कहते आए हैं कि आरओ के पानी में मिनरल्स बिल्कुल भी नहीं बचते, मर जाते हैं। आरओ द्वारा प्यूरीफायर पानी से सारे मिनरल्स निकल जाते है, जिस कारण उसका टीडीएस लेवल बहुत कम हो जाता है जिसके सेवन से लोगों की पाचन प्रक्रिया दिनोंदिन प्रभावित हो रही है। तमाम अन्य बीमारियां भी लग रही हैं। चिकित्सकों की माने तो आरओ पानी में बैक्टीरियल इन्फेक्शन और फंगल इन्फेक्शन की संभावना सबसे ज्यादा रहती हैं। इसके अलावा पेट से संबंधित अधिकांश बीमारी भी दूषित पानी के इस्तेमाल से पनपती हैं। आरओ पानी को पीने की कोई भी सलाह नहीं देता, विशेषकर बच्चों को उनके लिए सबसे घातक होता है ये पानी। आरओ पानी का मतलब है टोटल डिसोल्वड सालिबिलिटी? मतलब उस पानी में साधारण पानी की अपेक्षाकृत कम खनिज लवणों का होना, जिसमें हानिकारक तत्व बेहताशा घुले होते हैं। पानी को दो-तीन मर्तबा छानने या फिल्टर करने का मतलब होता है पानी की आत्मा को अंदर खींचकर शरीर से अलग कर देना। यही कारण है कि चिकित्सक मरीजों को मटके का ही पानी पीने की सलाह देते हैं। लोग भी अब समझ गए हैं, इसलिए गर्मी शुरू होते ही मटकों की खरीदारी करनी आरंभ कर देते हैं।

**(ये लेखक के निजी विचार हैं।)**

## काव्य कोना

### आदमी की बिसात

आदमी की बिसात तो देखिये
यथार्थ से दूरी बनाने का अंदाजा तो
देखिये सोचिये अहम के भ्रम का,
हाव-भाव से बनाते तीक्ष्ण और
आडंबर के खेल की कहानियों का
क्या कहें? रास्ते में तोला भर के
पत्थर की ठोकर गिरा वर्तमान से
भूतपूर्व हो गया आदमी की बिसात
तो देखिये। व्यथा के कलम से
लिखी जिन्दगी की कहानी कफन
में लिपटा भी नहीं दुविधा बड़ी है
अर्थी पर डाले कि वारिस पहले
बनाये चिता तक ले जाये कि
वसूले कर्ज पहले कर्ज उसका जो
भी है सब पर स्वाहा हो जायेगा यूँ
भी अपने-अपने की रट लगाते
आदमी की बिसात तो देखिए।

– नाग मणि

## आपकी बात

### लुंज कानून पंगु व्यवस्था- अपराध की ओर उन्मुख होते किशोर!



मनोज कुमार अग्रवाल

**हाल** ही में किशोर अपचारियो द्वारा किए गए अपराध और उनके संदर्भ में अदालत द्वारा दिए गए आदेश परस्पर विसंगति दर्शा रहे हैं। आपको बता दें कि हाल ही में उत्तराखंड के एक स्कूल में 14 साल की गर्ल क्लासमेट का अश्लील वीडियो वायरल करने वाले छात्र को सुप्रीम कोर्ट ने जमानत देने से इनकार कर दिया। इस वीडियो से हुई बदनामी के भय की वजह से पीड़ित बच्ची ने कथित तौर पर आत्महत्या कर ली थी। मिली रिपोर्ट्स के मुताबिक, आरोपी को जमानत न देने वाले अदालत के इस फैसले से एक नजीर पेश हुई है कि कानून तोड़ने वाले बच्चों को अपराध गंभीर होने के बाद भी जमनात मिलनी चाहिए, ये अपवाद है। उत्तराखंड मामले में अदालत के फैसले के बाद पुणे के उस केस की चर्चा तेज हो गई है, जिसमें पोर्शे कार से दो लोगों की जान लेने वाले नाबालिग आरोपी को महज 300 शब्दों का निबंध लिखवाकर और अन्य शर्तों के साथ जुबेनाइल कोर्ट से जमानत मिल गई। हालांकि इस मामले में पुलिस आरोपी के लिए सख्त सजा की मांग कर रही है। उत्तराखंड का मामला पुणे केस में भी एक नजीर साबित हो सकता है। इन दोनों मामलों में दोनों अदालतों के नजरिए में साफ विसंगति नजर आ रही है एक ओर सर्वोच्च न्यायालय की पीठ उस किशोर अपचारी की जमानत याचिका खारिज करने के हाइकोर्ट के निर्णय को सही ठहराती है जिस किशोर की कथित करतूत के कारण एक नाबालिग छात्रा ने सुसाइड कर अपनी जान गंवा दी दूसरी ओर निचली अदालत ने 17 साल के उस उद्दंडी नाबालिग को हाथों हाथ जमानत देदी थी जिसने शराब पीकर रश ड्राइविंग कर दो युवा आइटी इंजिनियरो को पुणे में सड़क पर कुचल कर मार दिया।

> **कानून में नाबालिग को संरक्षण**
> जब किसी बच्चे द्वारा कानून या समाज के खिलाफ कोई कार्य किया जाता है, तब उसे बाल अपराध की संज्ञा दी जाती है जिसे किशोर अपराध अथवा बाल अपचारिता भी कहा जाता हैकिशोर न्याय कानूनों में अपराध शब्द की जगह अपचारिता शब्द का प्रयोग किया गया है, क्योंकि समाज का मानना है कि बच्चे कभी अपराध नहीं करते, उनके कृत्य अभद्र, अशिष्ट या निन्दनीय हो। सकते हैं।

चुनावी नोक झोंक

# रैलियों के कोलाहल में ढक गए ज्वलंत मुद्दे




डॉ. रमेश शर्मा


**हिमाचल** प्रदेश के चुनाव तक पहुंचते-पहुंचते रैलियों और महारैलियों का दौर अपने चरम पर है। मुश्किल से सप्ताह भर का समय शेष है। राम मंदिर निर्माण, अनुच्छेद 370, भ्रष्टाचार, बेरोजगारी, महंगाई, संविधान, कानून व्यवस्था, जाति और क्षेत्रीय समीकरण आदि महत्वपूर्ण विषय रहे हैं जिन का जिक्र दलों ने अपने-अपने हिसाब से परिस्थिति के अनुसार किया है अथवा कर रहे हैं। कौन कितना सफल रहा है यह परिणाम तय करेंगे। लोकसभा चुनाव में विदेश नीति, आर्थिक स्थिति, आतंकवाद, राष्ट्रीय सुरक्षा, स्वास्थ्य और शिक्षा, पर्यावरण संरक्षण जैसे पक्ष व्यापक बहस या अपेक्षित चिंता से लगभग अछूते रहे। ये मुद्दे आने वाली पीढ़ियों के अस्तित्व से जुड़े हुए हैं। सत्तारूढ़ दल ने इन्हें अपने ढंग से प्रत्यक्ष या परोक्ष रूप में छुआ है लेकिन अन्य दलों से इन पर चर्चा से परहेज किया गया है इनका महत्व केवल अंतरराष्ट्रीय सम्मेलनों की मेजबानी और औपचारिक वक्तव्य तक सीमित हो कर रह गया है। इस का एक अर्थ यह भी निकाल सकते हैं कि इन विषयों से विपक्षी नेताओं को लाभ होने वाला नहीं है या रुचि नहीं है अथवा वे अपने विरोधियों को संवेदनशील और जल्दी उकसाने या भड़काने वाले गाली-गलौज, व्यक्तिगत आक्षेप तक सीमित करें। अनेक सामाजिक समूहों को मानसिक उत्तेजना में बहाते हुए मुख्य तथ्यों से चुनाव तक भ्रमित रखा जाए और जिस उद्देश्य के लिए चुनाव करवाए जा रहे हैं यानि कि राष्ट्रीय महत्व के विषयों पर केंद्रित न होने दिया जाए। चुनावी विज्ञान और तकनीक है। हिमाचल प्रदेश में भी यही देखा गया है। प्रदेश की आर्थिकी को सुधारने के रोडमैप पर चर्चा नहीं है। सामाजिक विकास बाधित हो रहा है चिंता नहीं है। जंगल धू-धू कर जल उठे हैं परवाह नहीं है। हजारों पेड़ विकास के नाम पर या अवैध कटान के नाम पर ध्वस्त हो रहे हैं। पेयजल का संकट है। न सरकारी नौकरी है न प्राइवेट अवसर हैं। नई शिक्षा नीति नहीं है। स्वास्थ्य सेवाऐं पर्याप्त नहीं हैं। नशे जैसी बुराई फैल चुकी है आदि। इस प्रकार के अनेक जनता के कल्याण के विषयों का नदारद रहना हमें स्वस्थ लोकतंत्र की ओर ले जाएगा इसमें संदेह है। सोशल मीडिया, टीवी चैनलों पर ऊबाऊ संवाद इसमें अपना योगदान कर रहे हैं। आक्षेप और चरित्र हनन के मुकदमों से कोर्ट परेशान है। **(ये लेखक के निजी विचार)**

> **लोकसभा चुनाव में विदेश नीति, आर्थिक स्थिति, आतंकवाद, राष्ट्रीय सुरक्षा, स्वास्थ्य और शिक्षा, पर्यावरण संरक्षण जैसे पक्ष व्यापक बहस या अपेक्षित चिंता से लगभग अछूते रहे।**

## फेसबुक वॉल से




## X- से



Rahul Gandhi
@RahulGandhi
Follow

देशवासियों!

पहले पांच चरणों के मतदान में आपने झूठ, नफ़रत और दुष्प्रचार को नकार कर अपने जीवन से जुड़े ज़मीनी मुद्दों को प्राथमिकता दी है।

आज छठे चरण का मतदान है और आपका हर वोट सुनिश्चित करेगा कि:

- युवाओं के लिए 30 लाख खाली सरकारी पदों पर भर्ती और 1 लाख रुपए साल की पहली नौकरी पक्की योजना शुरू हो जाए।

- गरीब परिवार की महिलाओं के खातों में 8,500 रुपए महीना आने लगे।

- किसान कर्ज़ मुक्त हों और उन्हें फसल पर सही MSP मिले।

- मजदूरों को 400 रुपए का दैनिक मेहनताना मिले।

आपका वोट आपके जीवन को बेहतर बनाने के साथ-साथ लोकतंत्र और संविधान की रक्षा भी करेगा।

मां और मैंने लोकतंत्र के इस महापर्व में वोट डाल कर अपना

Post your reply

अपने पत्र हमें इमेल कर सकते हैं-article.rnmail@gmail.com

# पाकिस्तान में अल्पसंख्यक होना गुनाह



डॉ. मयंक चतुर्वेदी

**किसी** देश में अल्पसंख्यक होना गुनाह हो सकता है तो दुनिया के कुछ गिने-चुने देशों में पाकिस्तान इस श्रेणी के तीन शीर्ष देशों में से एक होगा। पाकिस्तान में हिंदू, सिख और ईसाइयों को इस तरह से इस्लाम खतरे में है के नाम पर निशाने पर लिया जा रहा है। यदि इसी तरह कुछ वर्ष और चला तो यहां अल्पसंख्यक नाम का एक प्राणी भी मिलना दूभर हो जाएगा। ताजा घटनाक्रम इस दिशा में दुनिया के सामने एक बार फिर चिंता की लकीरें खींच रहा है। यहां एक मौलवी के उकसावे पर इस्लामिक कट्टरपंथियों की भीड़ ने पाकिस्तान के पंजाब सूबे के सरगोधा की मुजाहिद कॉलोनी में ईसाइयों पर हमला कर दिया। इस दौरान कट्टरपंथियों ने एक 70 साल के बुजुर्ग ईसाई की पीट-पीटकर हत्या भी कर दी और उसके लकड़ी के कारखाने में आग भी लगा दी। घटना में कई अन्य ईसाई भी घायल हुए हैं। इसमें दुखद यह है कि जिस पुलिस पर इस तरह की वारदातों को रोकने की जिम्मेदारी है, वह हमले के आए कई वीडियो में स्पष्ट रूप से मूक दर्शक के रूप में साइट पर मौजूद दिखाई दे रही है, जो हमले में शामिल आतंकियों को उनकी मौन स्वीकृति और सुविधा प्रदान करने की ओर इशारा करता है। पिछले साल इसे लेकर एक रिपोर्ट भी आई, जिसमें बताया गया है क कैसे खतरों और उत्पीड़न की एक श्रृंखला से यहां रह रहे हिन्दू गुजर रहे हैं, क्योंकि हत्या, अपहरण और अल्पसंख्यकों के धार्मिक स्थलों पर हमले देश में एक आम मामला बन गया है। 1947 में पाकिस्तान में हिंदू आबादी 20.5% थी, जो 1998 के आते 1.6% रह गई, दो दशकों में यह संख्या और कम हो गई है। मूवमेंट फॉर सॉलिडैरिटी ऐंड पीस इन पाकिस्तान की एक रिपोर्ट जोकि पिछले माह ही सामने आई, उसमें आंकड़ों के साथ यहां अल्पसंख्यकों पर हो रहे अत्याचारों के ताजा उदाहरणों के साथ अवगत कराया गया है। जांच से पता चलता है कि जबरन विवाह और मतान्तरण (धर्मांतरण) के मामले एक विशिष्ट पैटर्न का पालन करते हैं, आमतौर पर 12 से 25 वर्ष की आयु के बीच की लड़कियों का अपहरण कर लिया जाता है, उन्हें इस्लाम में परिवर्तित कर दिया जाता है, और अपहरणकर्ता या तीसरे पक्ष से शादी कर दी जाती है। पीड़ित का परिवार जब स्थानीय पुलिस स्टेशन में अपहरण या बलात्कार की प्रथम सूचना रिपोर्ट दर्ज कराता है। तभी अपहरणकर्ता जोकि मुसलमान है, वह उल्टे अपहरण की गई लड़की की ओर से, एक जवाबी प्राथमिकी दर्ज करता है, जिसमें जानबूझकर धर्म परिवर्तन और विवाहित लड़की को परेशान करने और लड़की को वापस उसके मूल धर्म में परिवर्तित करने की साजिश रचने का आरोप उक्त लड़की के परिवार वालों पर लगाता है। इस बीच लड़की को इतना अधिक डरा दिया जाता है कि जब उसे अदालतों में या मजिस्ट्रेट के सामने पेश भी किया जाता है तो वह पीड़ित लड़की अपनी गवाही देते वक्त ज्यादातर मामलों में यही बोलती दिखती है कि उसने अपनी मर्जी से धर्म परिवर्तन किया और शादी की है, जहां अपहरण की मूल घटना जोकि वास्तविक है, वह तो गायब ही हो जाती है।

**(ये लेखक के निजी विचार हैं।)**

बोधि वृक्ष

# स्वर्ण मंदिर अमृतसर का इतिहास और अन्य जानकारी

**2. स्वर्ण मंदिर जाने के लिए कौन सा समय है अच्छा-** स्वर्ण मंदिर जाने के लिए कौन सा समय है अगर आप गर्मियों की छुट्टियों में स्वर्ण मंदिर घूमने का प्लान कर रहे हैं, तो इस समय यहां आने के बारे में सोचिए भी मत। क्योंकि इस समय यहां बहुत गर्मी होती है, इसलिए ये समय यहां घूमने के लिहाज से अच्छा नहीं है। आप मानसून सीजन में जुलाई से अगस्त के बीच यहां आ सकते हैं। वरना अक्टूबर से मार्च तक का समय यहां घूमने के लिए बेस्ट है।

**3. गुरूद्वारा में कहां होता है 'लंगर'**

स्वर्ण मंदिर के गुरूद्वारे में होने वाले लंगर में हर कोई शामिल हो सकता है। सुनकर भले ही आपको हैरत हो लेकिन स्वर्ण मंदिर की किचन में हर रोज 40 हजार लोगों को निःशुल्क लंगर खिलाया जाता है। छुट्टी और वीकेंड्स में हर दिन 4 लाख लोग यहां लंगर खाते हैं।



यहां ज्यादातर रोटी परोसी जाती है, जिसके लिए 12 हजार किलो आटा हर रोज लगाया जाता है। वैकेशंस में यहां की रोटी मशीन से ही रोटियां तैयार होती हैं, जिसमें एक बार में 25 हजार रोटियां बनकर निकलती हैं। यहां की एक खास बात है कि लंगर में खाने के लिए बैठने से पहले आपको अपने जूते उतारने होंगे और सिर को ढंकना होगा। **(क्रमशः)**

टेक वर्ल्ड

# गूगल ने किया बड़ा अपडेट

Google पासवर्ड मैनेजर, Chrome पर निःशुल्क उपयोग करने योग्य पासवर्ड मैनेजर को हाल ही में एक नई सुविधा मिली है जो उपयोगकताओं को अपने पासवर्ड अपने परिवार समूह के सदस्यों के साथ साझा करने की सुविधा देती है।

Google पासवर्ड मैनेजर, फ्री-टू-यूज पासवर्ड मैनेजर सेवा को एक नया अपडेट मिल रहा है जो उपयोगकर्ताओं के लिए अपने परिवार समूह के सदस्यों के साथ पासवर्ड साझा करना संभव बना देगा। टेक दिग्गज ने इस साल की शुरूआत में फरवरी में घोषणा की थी और कहा था कि कार्यक्षमता को मई 2024 Google Play सेवाओं ५24.20 अपडेट के हिस्से के रूप में पेश किया जा रहा है।

**फैमिली ग्रुप के साथ ही पासवर्ड शेयर कर पाएंगे**

सुविधा का उपयोग करने के लिए, यदि उपयोगकताओं के पास कोई पारिवारिक समूह नहीं है तो उन्हें एक पारिवारिक समूह बनाना होगा और उन सदस्यों को




जोड़ना होगा जिनके साथ वे पासवर्ड साझा करना चाहते हैं। यहां ध्यान देने वाली बात यह है कि आप केवल उन लोगों के साथ पासवर्ड साझा कर पाएंगे जो आपके परिवार समूह में हैं, न कि उन सभी लोगों के साथ जिनके पास Google खाता है। जैसा कि आप देख सकते हैं, एक नया शेयर बटन है जो Google पासवर्ड मैनेजर में लॉगिन जानकारी देखने पर दिखाई देता है।

**(क्रमशः)**

स्वामी, पारिजात माइनिंग इण्डस्ट्रीज (इण्डिया) प्रा.लि. के लिए प्रकाशक एंव मुद्रक हर्षवर्द्धन बजाज द्वारा 502, मंगलमूर्ति हाईट्स, रानी बगान, हरमू रोड, रांची से प्रकाशित एवं एस एच प्रिंटर्स प्राइवेट लिमिटेड (पूर्व में शिवासाईं पब्लिकेशन प्राइवेट लिमिटेड), नियर टेंडर बागीचा पेट्रोल पम्प, रातू, रांची-835222, झारखंड द्वारा मुद्रित। रजिस्ट्रेशन नंः BIHHIN/1999/155, प्रधान संपादक : सुरेश बजाज, संपादक : हर्षवर्द्धन बजाज, कार्यकारी संपादक : सुनील सिंह 'बादल'*, समाचार संपादक : त्रिभुवन कुमार सिन्हा, प्रेस कार्यालय : रांची रोड, रेड़मा, मेदिनीनगर (डालटनगंज) पलामू-822102, फोन नंबर : 06562-796018, रांची कार्यालय : 502बी, पांचवी मंजिल, मंगलमूर्ति हाईट्स, रानी बगान हरमू रोड, रांची-834001, फोन नंबर : 0651-3553943, ई-मेल : news.rnmail@gmail.com, article.rnmail@gmail.com (*पीआरबी अधिनियम के तहत खबरों के चयन के लिए जिम्मेवार।)

# कान्स में पुरस्कार जीतने पर पायल कपाड़िया को पीएम ने दी बधाई



एजेंसी

**नई दिल्ली।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने पायल कपाड़िया को कान्स फिल्म फेस्टिवल में ग्रांड प्रिक्स पुरस्कार जीतने पर बधाई दी है। अपनी फिल्म "ऑल वी इमेजिन एज लाइट" के लिए कान्स फिल्म फेस्टिवल में ग्रांड प्रिक्स पुरस्कार जीतने वाली पायल पहली भारतीय फिल्म निमार्ता है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने सोशल मीडिया पर कहा कि "ऑल वी इमेजिन एज लाइट" के लिए 77वें कान्स फिल्म फेस्टिवल में ग्रैंड प्रिक्स जीतने की ऐतिहासिक उपलब्धि पर भारत को पायल कपाड़िया पर गर्व है। उन्होंने आगे कहा कि एफटीआईआई की पूर्व छात्रा, उनकी उल्लेखनीय प्रतिभा के साथ वैश्विक मंच पर लगातार चमक रही है। वे भारत में समृद्ध रचनात्मकता की झलक देती है। यह प्रतिष्ठित सम्मान न केवल उनके असाधारण कौशल का सम्मान करता है बल्कि अन्य लोगों को भी प्रेरित करता है। उल्लेखनीय है कि यह सम्मान, महोत्सव का दूसरा सबसे प्रतिष्ठित पुरस्कार, उनकी फिल्म को दिया गया, जबकि प्रतिष्ठित पाल्मे डी ओर अमेरिकी निर्देशक सीन बेकर को उनके काम अनोरा के लिए प्रदान किया गया।

# चारधाम तीर्थयात्रियों से स्वास्थ्य का ध्यान रखने का आग्रह

## अब तक 56 की मौत


एजेंसी

**देहरादून।** उत्तराखंड स्वास्थ्य विभाग ने चारधाम तीर्थयात्रियों को उच्च हिमालयी क्षेत्रों में स्वास्थ्य को लेकर एहतियात बरतने के निर्देश दिए हैं। चारधाम यात्रा में इस वर्ष अब तक 16 दिन में 56 यात्रियों की मृत्यु हो चुकी है। इनमें 27 लोग ऐसे हैं, जिनकी केदारनाथ यात्रा मार्ग पर जान गई। इनमें से अधिकतर की आयु 50 साल से अधिक है। राज्य आपदा परिचालन केंद्र के अनुसार शनिवार को शाम तक चार तीर्थयात्रियों की मौत हुई है। बदरीनाथ में 14, यमुनोत्री में 12 और गंगोत्री में तीन तीर्थयात्रियों की मौत के साथ यह आंकड़ा 56 पहुंच गया है। स्वास्थ्य सचिव ने सभी राज्यों के स्वास्थ्य सचिवों को हेल्थ एडवाइजरी जारी कर उसी के आधार पर लोगों को चारधाम यात्रा में भेजने का अनुरोध किया है। स्वास्थ्य विभाग ने कहा है कि केदारनाथ और यमुनोत्री धाम में पैदल चढ़ते समय एक से दो घंटे के बाद कुछ समय विश्राम जरूरी है। इसके बाद दोबारा यात्रा के लिए आगे बढ़े। इस दौरान सीने में दर्द, सांस की तकलीफ, चक्कर और उल्टी आने पर नजदीकी प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र या मेडिकल रिलीफ सेंटर में प्राथमिक उपचार लें।

# केंद्र सरकार ने सेना प्रमुख जनरल मनोज पांडे का कार्यकाल 30 जून तक बढ़ाया

एजेंसी

**नई दिल्ली।** केंद्र सरकार ने सेना प्रमुख जनरल मनोज पांडे का मौजूदा



कार्यकाल 30 जून तक बढ़ा दिया है। जनरल पांडे 31 मई को सेवानिवृत्त हो रहे थे, लेकिन कैबिनेट की नियुक्ति समिति ने रविवार को उनका कार्यकाल एक महीने बढ़ाने को मंजूरी दे दी है। सेना प्रमुख (सीओएएस) जनरल पांडे ने 30 अप्रैल, 2022 को भारतीय सेना की बागडोर संभाली थी। उन्हें दिसंबर, 1982 में कोर ऑफ इंजीनियर्स (बॉम्बे सैपर्स) में कमीशन मिला था। सीओएएस का पद संभालने से पहले वे वाइस चीफ ऑफ आर्मी स्टाफ के पद पर थे। उन्हें 31 मई को सेवानिवृत्त होना था, लेकिन कैबिनेट की नियुक्ति समिति ने आज उनकी सेवा में एक महीने के विस्तार को मंजूरी दे दी है।

# आज का राशिफल

**मेष** — सुबह-सुबह की महत्वपूर्ण सिद्धि के बाद दिन-भर उत्साह रहेगा। किसी लाभदायक कार्य के लिए व्ययकारक स्थितियां आज पैदा होगी। प्रसन्नता के साथ सभी जरूरी कार्य बनते नजर आएंगे। मनोरथ सिद्धि का योग है। सभा-सोसायटी में सम्मान मिलेगा। प्रतिष्ठा बढ़ाने वाले सामाजिक कार्य संपन्न होंगे।

**वृषभ** — आय के अच्छे योग बनेंगे। कई प्रकार के हर्ष उल्लास के बीच आमोद-प्रमोद का दिन होगा। व्यावसायिक प्रगति भी होगी। स्वास्थ्य और जीवन स्तर में सुधार की अपेक्षा रहेगी। कुछ कार्य भी सिद्ध होंगे। व्यर्थ की भाग-दौड़ से यदि बचा ही जाए तो अच्छा है।

**मिथुन** — प्रियजनों से समागम का अवसर मिलेगा। अवरुद्ध कार्य संपन्न हो जाएंगे। महत्वपूर्ण कार्य को समय पर बना लें तो अच्छा ही होगा। स्त्री-संतान पक्ष का सहयोग मिलेगा। आशा और उत्साह के कारण सक्रियता बढ़ेगी। आगे बढ़ने के अवसर लाभकारी सिद्ध हो रहे हैं।

**कर्क** — कोई प्रिय वस्तु अथवा नवीन वस्त्राभूषण प्राप्त होंगे। सभा-गोष्ठियों में मान-सम्मान बढ़ेगा। धार्मिक आस्थाएं फलीभूत होंगी। सुख-आनंद कारक समय है। लाभदायक कार्यों की चेष्टाएं प्रबल होंगी। आत्मचिंतन करें। सक्रियता से अल्प लाभ का हर्ष होगा। योग्यताएं सम्मान दिलायेगी।

**सिंह** — दिन-भर का माहौल आडंबरपूर्ण और व्ययकारी होगा। वरिष्ठ लोगों से कहासुनी वातावरण में तनाव पैदा करेंगे। संयमित भाषा का इस्तेमाल करें। कुछ कार्यक्रम बदलने होंगे। आवेग में आकर किये गए कार्यों का मलाल, अवसाद रहेगा। शत्रुपक्ष से सावधान रहें। भाई-बहनों का प्रेम बढ़ेगा।

**कन्या** — व्यवसायिक अभ्युदय भी होगा और प्रसन्नताएं भी बढ़ेगी। कामकाज की व्यस्तता से सुख-आराम प्रभावित होगा। अधिकारी वर्ग से आपकी निकटता बढ़ेगी। धर्म-कर्म के प्रति रुचि जागृत होगी। रुका हुआ लाभ प्राप्त हो सकता है। नियोजित कार्यक्रम सरलता से संपन्न हो जाएंगे।

**तुला** — लाभ में आशातीत वृद्धि तय है मगर नकारात्मक रुख न अपनाएं। किसी पुराने संकल्प को पुरा कर लेने का दिन हैं। ह्यआगे-आगे गौरख जागेह्न वाली कहावत चरितार्थ होगी। निष्ठा से किया गया कार्य पराक्रम व आत्मविश्वास बढ़ाने वाला होगा। स्वास्थ्य उत्तम रहेगा। यात्रा परिणाम सुखद रहेगा।

**वृश्चिक** — कामकाज की अधिकता रहेगी। लाभ भी होगा और पुराने मित्रों का समागम भी। व्यवसायिक अभ्युदय भी होगा और प्रसन्नताएं भी बढ़ेगी। कामकाज की व्यस्तता से सुख-आराम प्रभावित होगा। धर्म-कर्म के प्रति रुचि जागृत होगी। श्रेष्ठजनों की सहानुभूति साथ रहेगी।

**धनु** — अपने संघर्ष में स्वयं को अकेला महसूस करेंगे। विशेष परिश्रम से ही अभिष्ट कार्य सिद्ध होंगे। मन उदास रहेगा। कुछ पिछले संकट अब सिर उठा सकते हैं। निकट जनों के लिए अर्थव्यवस्था हेतु जोड़-तोड़ करना पड़ेगा। नौकरी में अपने अधीनस्थ लोगों से कम सहयोग मिलेगा।

**मकर** — सुबह-सुबह की महत्वपूर्ण सिद्धि के बाद दिन-भर उत्साह रहेगा। किसी लाभदायक कार्य के लिए व्ययकारक स्थितियां पैदा होगी। अल्प-परिश्रम से ही लाभ होगा। कामकाज में आ रहा अवरोध दूर होकर प्रगति का रास्ता मिल जाएगा। नियोजित धन से लाभ होने लगेगा।

**कुम्भ** — विरोधियों के सक्रिय होने की संभावना है। शुभ कार्यों में अड़चनें और परिवार के बुजुर्ग-जनों से मतभेद रहेगा। भय तथा शत्रुहानि की आशंका रहेगी। जमीन जायदाद का लाभ भी हो सकता है। आवास, मकान तथा वाहन की सुविधाएं मिलेंगी। बनते हुए कार्यों में बाधा आएगी। स्वास्थ्य उत्तम रहेगा।

**मीन** — कार्य साधक दिन है व्यर्थ न गवाएं। विश्वस्त लोगों के कहे अनुसार चलें। राजकीय कार्यों में सतर्कता बरतें। मान-सम्मान को ठेस लग सकती है। जोश से कम व होश में रहकर कार्य करें। नये आगंतुकों से लाभ होगा। व्यापार व व्यवसाय में स्थिति उत्तम रहेगी। संतान पक्ष की समस्या समाप्त होगी।

**कार्यक्रम** | पीएम ने 22 से 25 उद्योगपतियों के 16 लाख करोड़ का कर्ज माफ किया

# आपदा प्रभावित हिमाचल प्रदेश की मोदी सरकार ने की अनदेखी : राहुल गांधी




### खटा खट, खटा खट पैसे डाले जाएंगे

उन्होंने कहा कि पीएम मोदी के नेतृत्व में भाजपा सरकार ने अपने शासन में 22 अरबपति बनाए हैं। कांग्रेस के सतारूढ़ होने पर हम करोड़ों लखपति बनाएंगे। देश के सारे गरीब लोगों की लिस्ट बनेगी और लोगों के खातों में खटा खट, खटा खट पैसे डाले जाएंगे। कांग्रेस सत्ता में आने के साथ ही केंद्र के विभिन्न विभागों में रिक्त पड़े 30 लाख पदों को भरेगी। राहुल ने युवाओं और महिलाओं के लिए कांग्रेस की ओर से किए गए चुनावी वादों का उल्लेख कर कहा कि सरकार बनते ही इन्हें पूरा किया जाएगा।

एजेंसी

शिमला । कांग्रेस के पूर्व राष्ट्रीय अध्यक्ष राहुल गांधी ने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी पर प्राकृतिक आपदा से प्रभावित हिमाचल प्रदेश की अनदेखी करने का आरोप लगाया है। राहुल ने प्रधानमंत्री पर सीधा हमला करते हुए कहा कि उन्होंने पिछले एक दशक में 22 से 25 उद्योगपतियों के 16 लाख करोड़ रुपये का कर्ज माफ किया है, लेकिन आपदा प्रभावित हिमाचल प्रदेश को कोई आर्थिक मदद नहीं की।

शिमला लोकसभा क्षेत्र के कांग्रेस उम्मीदवार विनोद सुल्तानपुरी के समर्थन में नाहन में रविवार को आयोजित चुनावी रैली को संबोधित करते हुए राहुल गांधी ने कहा कि आपदा ने हिमाचल में भारी तबाही मचाई। 22 हजार परिवार प्रभावित हुए। हमारी कांग्रेस सरकार ने मोदी सरकार से 9 हजार करोड़ रुपये मांगे, लेकिन उन्होंने यह राशि नहीं दी। राहुल ने आरोप लगाया कि आपदा के बाद नरेन्द्र मोदी ने पूरा दम लगाकर हिमाचल की सरकार को अस्थिर करने की कोशश की।

हिमाचल के सेब बागवानों का जिक्र कर राहुल गांधी ने कहा कि अडानी ग्रुप हिमाचल में सेब के दामों को कंट्रोल कर रहा है। इससे बागवानों को उनके सेब की उचित कीमत नहीं मिल रही है। हिमाचल के सेब से लेकर देशभर के एयरपोर्ट तक मोदी ने अडानी के हवाले कर दिया है। मोदी सरकार ने पिछले 10 सालों में जो भी काम किया है, वो सिर्फ देश के 20-25 लोगों के लिए हुआ है और इसे विकास का नाम दिया जा रहा है। राहुल गांधी ने कहा कि आईएनडीआईए के सत्ता में आने के बाद किसानों का ऋण माफ किया जाएगा। किसानों की फसलों पर न्यूनतम समर्थन मूल्य लागू किया जाएगा।

# भगवान महाकाल का सूर्य स्वरूप में हुआ विशेष श्रृंगार

एजेंसी

**उज्जैन।** उज्जैन स्थित विश्व प्रसिद्ध ज्योतिर्लिंग भगवान महाकालेश्वर मंदिर में रविवार को ज्येष्ठ कृष्ण पक्ष की तृतीया तिथि के अवसर पर भगवान महाकाल का सूर्य रूपी विशेष श्रृंगार किया गया। सुबह भस्म आरती के पूजन के बाद भगवान महाकाल को शेषनाग का रजत मुकुट, रजत की मुण्डमाल, रुद्राक्ष की माला के साथ सुगंधित पुष्प से बनी फूलों की माला धारण कराई गई और फल और मिष्ठान का भोग लगाया गया। भगवान के इस दिव्य स्वरूप के सैकड़ों श्रद्धालुओं ने दर्शन कर पुण्य लाभ कमाया। परम्परा के मुताबिक रविवार तड़के चार बजे महाकालेश्वर मंदिर के पट खुलते ही पंडे-पुजारियों ने गर्भगृह में स्थापित सभी भगवान की



प्रतिमाओं का पूजन किया। इसके बाद भगवान महाकाल का दूध, दही, घी, शक्कर से बने पंचामृत और फलों के रस से जलाभिषेक किया गया।

# पापुआ न्यू गिनी में भूस्खलन से मरने वालों की संख्या 300 पहुंची

**सिडनी।** बीते दिन उत्तरी पापुआ न्यू गिनी में आए खौफनाक भारी भूस्खलन में अब मरने वालों की संख?या 300 के पार पहुंच गई है। एंगा प्रांत के एक संसद सदस्य ऐमोस अकेम ने पीएनजी पोस्ट-कूरियर को बताया कि भूस्खलन में मैप मुरीताका ग्रामीण एलएलजी में 300 से अधिक लोगों की मौत हो गई है। वहीं, इस खौफनाक भारी भूस्खलन में 1,182 घर मलवे में दब गए हैं। शुक्रवार को स्थानीय समयानुसार लगभग 3.00 बजे एक बड़े भूस्खलन ने पीएनजी की राजधानी पोर्ट मोरेस्बी से 600 किमी उत्तर पश्चिम में स्थित एंगा प्रांत के काओकलाम गांव में तबाही मचा दी। जिसमें लगभग 100 लोगों के मारे जाने की खबर आ रही थी, लेकिन अब ये आंकड़ा बढ़कर 300 हो गया है।

# विदेश से भी पंजाब में आ रही इंडस्ट्री, प्रदेश में लॉ एंड ऑर्डर बेहतर : अरविंद केजरीवाल

**एजेंसी। फिरोजपुर**

लोकसभा चुनाव के मद्देनजर पंजाब के फिरोजपुर में आम आदमी पार्टी के राष्ट्रीय संयोजक और दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल ने ट्रेडर्स के साथ एक सभा की। इस दौरान उन्होंने दावा किया कि पहले के मुकाबले पंजाब में लॉ एंड ऑर्डर की स्थिती में काफी सुधार हुआ है। उन्होंने कहा कि पंजाब में हमारी सरकार को बने दो साल हुए हैं। हमारी सरकार बनने के पहले यहां इंडस्ट्री और व्यापार की इतनी बुरी हालत थी कि यहां से इंडस्ट्रीज मध्य प्रदेश, उत्तर प्रदेश, हिमाचल प्रदेश, राजस्थान जैसे दूसरे राज्यों में शिफ्ट हो रहीं थीं। लेकिन, दो साल में पंजाब से इंडस्ट्रीज का बाहर जाने का सिलसिला खत्म हुआ, अब बाहर से पंजाब में इंडस्ट्रीज के आने का सिलसिला शुरू हो गया है। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री भगवंत मान ने पिछले दो साल में देश भर में घूम-घूमकर इंडस्ट्री मालिकों से मुलाकात की। उनसे बात की और आज इंडस्ट्री मालिकों ने पंजाब में 56 हजार करोड़ रुपये का निवेश शुरू कर दिया है। जमशेदपुर के बाद टाटा स्टील का सबसे बड़ा प्लांट पंजाब में लग रहा है। उन्होंने कहा कि जर्मनी, नीदरलैंड समेत अन्य विदेशी देश पंजाब में इन्वेस्टमेंट करने जा रहे हैं। इसके पीछे की वजह लॉ एंड ऑर्डर है। जब भी कोई बड़ी इंडस्ट्री कहीं निवेश करने की सोचती है, तो सबसे पहले वह देखती है कि वहां लॉ एंड ऑर्डर की क्या स्थिति है। पंजाब की पूर्व सरकार पर हमला बोलते हुए उन्होंने कहा कि हमारी सरकार से पहले यहां का लॉ एंड ऑर्डर बहुत खराब था। आज पंजाब में अमन शांति है, लॉ एंड ऑर्डर में काफी सुधार है। मैं ये नहीं कहता हूं कि सब कुछ 100 प्रतिशत ठीक हो गया है, काफी कुछ करने की जरूरत है और करेंगे, लेकिन अगर यहां इतनी बड़ी संख्या में इंडस्ट्री आ रही है, तो काफी कुछ ठीक हो गया है।

**गौरवपूर्ण उपलब्धि** / भारतीय नौसेना अकादमी में 'स्प्रिंग टर्म' पास आउट समारोह

# 34 महिला, 10 विदेशी प्रशिक्षु सहित 216 हुए पास आउट

एजेंसी

**नई दिल्ली।** केरल के एझिमाला में भारतीय नौसेना अकादमी (आईएनए) से स्प्रिंग टर्म में 216 प्रशिक्षु पास आउट हुए हैं। इनमें 34 महिला और मित्र देशों के 10 प्रशिक्षु हैं। मिड शिपमैन पिनिंटला प्रदीप कुमार रेड्डी को मेरिट के सभी क्रम में प्रथम स्थान हासिल करने लिए 'राष्ट्रपति का स्वर्ण पदक' मिला। पासिंग आउट परेड में सफल प्रशिक्षुओं ने चमचमाती तलवारों और राइफलों के साथ पारंपरिक और मार्मिक विदाई धुन पर अंतिम चरण की सलामी देते हुए धीमी गति से मार्च किया।

*परेड का निरीक्षण वायु सेना प्रमुख एयर चीफ मार्शल वीआर चौधरी ने किया*



### वायु सेना प्रमुख ने प्रशिक्षुओं को दी बधाई

वायु सेना प्रमुख ने पासिंग आउट प्रशिक्षुओं, पदक विजेताओं और चैंपियन स्क्वाड्रन को उनकी कड़ी मेहनत और उत्कृष्ट प्रदर्शन के लिए बधाई दी। उन्होंने देश की रक्षा के लिए इस पेशे को चुनने और प्रोत्साहित करने के लिए उनके माता-पिता के निर्णय की सराहना की। परेड के बाद पासिंग आउट प्रशिक्षुओं को पट्टियां प्रदान की गईं, जो नौसेना में उनके कमीशनिंग का प्रतीक है।

भारतीय नौसेना अकादमी में शनिवार को 106वें भारतीय नौसेना अकादमी पाठ्यक्रम, 36 और 37 नौसेना विशेष स्तरीय प्रशिक्षण (विस्तारित), 38 नौसेना विशेष स्तरीय प्रशिक्षण (नियमित) और 39 नौसेना विशेष स्तरीय प्रशिक्षण (तटरक्षक एवं विदेशी) के पासिंग आउट परेड (पीओपी) का आयोजन किया गया। परेड का निरीक्षण वायु सेना प्रमुख एयर चीफ मार्शल वीआर चौधरी ने किया। इन पाठ्यक्रमों को 34 महिला प्रशिक्षुओं और मित्र देशों के 10 प्रशिक्षुओं सहित 216 प्रशिक्षुओं ने अच्छे अंकों के साथ उत्तीर्ण किया। पासिंग आउट परेड में मिडशिपमैन पिनिंटला प्रदीप कुमार रेड्डी को मेरिट के सभी क्रम में प्रथम स्थान प्राप्त करने लिए राष्ट्रपति का स्वर्ण पदक से सम्मानित किया गया।

इसी तरह बीटेक कोर्स के लिए रजत पदक मिड शिपमैन मोहम्मद समीर को, बीटेक कोर्स के लिए एफओसी-इन-सी दक्षिण कांस्य पदक मिडशिपमैन राहुल दर्शन सिंह शोरन को, एनओसी (विस्तारित) के लिए स्वर्ण पदक कैडेट संधिता पटनायक को एनओसी (विस्तारित) के लिए एफओसी-इन-सी दक्षिण रजत पदक कैडेट शौर्य जामवाल को दिया गया। इसी तरह कमांडेंट, एनओसी (विस्तारित) के लिए आईएनए कांस्य पदक कैडेट सलोनी के सिंह को, एनओसी (पंजीकृत) के लिए सीएनएस द्वारा स्थापित स्वर्ण पदक और सर्वश्रेष्ठ ऑलराउंडर महिला कैडेट कैडेट जाह्नवी सिंह को, एनओसी (पंजीकृत) के लिए कमांडेंट रजत पदक कैडेट सहाना एमके को, महानिदेशक तटरक्षक सर्वश्रेष्ठ सहायक कमांडेंट सहायक कमांडेंट आदित्य ओझा को दिया गया। फाइटर स्क्वाड्रन ने प्रतिष्ठित चैंपियन स्क्वाड्रन बैनर प्राप्त किया।

स्वाति ने यूट्यूबर ध्रुव राठी को घेरा, कहा-

# उनके वीडियो से बढ़ गई रेप व हत्या की धमकियां

एजेंसी

**नई दिल्ली ।** आम आदमी पार्टी की राज्यसभा सदस्य स्वाति मालीवाल मुख्यमंत्री आवास पर हुई मारपीट को लेकर लगातार अपनी पार्टी पर चरित्र हनन, पीड़ित को परेशान करने और उनके खिलाफ भवनायें भड़काने का आरोप लगा रही हैं।

इस बार उन्होंने यूट्यूबर ध्रुव राठी पर पार्टी के कहने पर उनके खिलाफ मुहिम चलाने का आरोप लगाया है जिसके चलते उन्हें पहले ज्यादा परेशान करने वाल कॉल और मेसेज प्राप्त हो रहे हैं। स्वाति ने रविवार को



सोशल मीडिया पोस्ट में कहा कि उन्हें इसके चलते रेप और हत्या की धमकी मिल रही हैं। यूट्यूबर ध्रुव राठी के उनके खिलाफ एकतरफा वीडियो पोस्ट करने के बाद उन्हें ज्यादा धमकियां मिल रही हैं।



# खेलो झारखंड 2024-25 में बढ़ी खेलों की संख्या

- 32 विभिन्न खेल स्पधाएं और बैंड प्रतियोगिता शामिल
- खेलो झारखंड प्रतियोगिता 21 सितम्बर से 31 अक्टूबर तक
- 20 जून से विद्यालय स्तरीय खेल प्रतियोगिताएं शुरू होंगी

**नवीन मेल संवाददाता। रांची**

स्कूली शिक्षा एवं साक्षरता विभाग और राज्य शिक्षा परियोजना के तत्वावधान में इस वर्ष खेलो झारखंड प्रतियोगिता में अंडर 11-14-17-19 आयु वर्ग के बालक-बालिकाओं को विभिन्न खेल स्पधाओं में शामिल होने का मौका मिलेगा। सभी सरकारी विद्यालयों (मुख्यमंत्री उत्कृष्ट विद्यालय, कस्तूरबा गांधी बालिका विद्यालय, झारखंड बालिका आवासीय विद्यालय, आदर्श विद्यालय, नेताजी सुभाषचंद्र बोस आवासीय विद्यालय, एकलव्य आवासीय विद्यालय सहित) तथा सरकारी सहायता प्राप्त विद्यालयों के विद्यार्थी इन प्रतियोगिताओ में शामिल होंगे। राज्य शिक्षा परियोजना निदेशक आदित्य रंजन ने बताया कि 20 जून से विद्यालय स्तर पर खेल प्रतियोगिताओं का सिलसिला शुरू हो जाएगा। विद्यालय स्तर पर विजयी खिलाड़ियों को प्रखंड, जिला फिर राज्यस्तर पर खेल प्रतिभा दिखाने का अवसर मिलेगा। इस वर्ष 11 आयु वर्ग तक के बच्चो के लिए स्केटिंग प्रतियोगिता का भी आयोजन किया जाएगा। इसके अलावा विद्यार्थियों के लिए जिला और राज्यस्तर पर बैंड प्रतियोगिता का आयोजन भी किया जाएगा।खेलो झारखंड 2024-25 अंतर्गत अंडर 14-17-19 आयु वर्ग तक के विद्यार्थियों के लिए एथलेटिक्स, आर्चरी, फुटबॉल, कबड्डी, खो-खो, वॉलीबॉल, हॉकी, योगासन, चेस, कराटे, ताइक्वांडो, जुडो, बैडमिंटन, बॉक्सिंग, साइकिलिंग, मलखम्ब, जिमनास्टिक्स, हैंडबॉल, स्विमिंग, बास्केटबॉल, शूटिंग, स्केटिंग, स्क्वाश, टेबल टेनिस, टेनिस, नेटबॉल, फेंसिंग, रेसलिंग (बालिका) प्रतियोगिता का आयोजन होगा। अंडर 17-19 बालक, बालिका वर्ग के विद्यार्थियों के लिए क्रिकेट, रेसलिंग, वुशु, गटका, वेटलिफ्टिंग का आयोजन होगा।इंटर स्कूल बैंड प्रतियोगिता में बच्चे दिखाएंगे प्रतिभाखेलो झारखंड 2024-25 के तहत इस वर्ष राज्यस्तरीय बैंड प्रतियोगिता का भी आयोजन किया जाएगा। इसमें कक्षा 8-12 तक के छात्र-छात्राएं भाग लेंगे। प्रत्येक बैंड दल में न्यूनतम 25 और अधिकतम 33 सदस्य भाग ले सकेंगे। बैंड प्रतियोगिता का आयोजन जिला एवं राज्यस्तर पर होगा। इस वर्ष जिलों के बीच इंटर डिस्ट्रिक्ट क्रिकेट टूनामेंट भी होगा। प्रत्येक टीम में 15 प्रतिभागी होंगे। जिलास्तर पर एक दिवसीय ट्रायल आयोजित कर राज्यस्तरीय प्रतियोगिता के लिए टीमों का चयन होगा। प्रतियोगिता 20-20 ओवर की या नॉक आउट टूनामेंट पर आधारित होगी। इस प्रतियोगिता में पावर प्ले (30 यार्ड सर्कल) के नियम का पालन नहीं होगा।दो सितंबर से शुरू होंगी राज्यस्तरीय प्रतियोगिताएंइस वर्ष खेलो झारखंड 2024-25 की राज्यस्तरीय प्रतियोगिताएं दो सितंबर से शुरू होंगी। यह प्रतियोगिताएं पांच नवंबर तक चलेंगी। दो सितंबर से पांच सितंबर तक फुटबॉल, 10 से 13 सितंबर तक खो-खो, 19 से 21 सितंबर तक क्रिकेट और रेसलिंग, 24 से 27 सितंबर तक कबड्डी, 30 सितंबर से दो अक्टूबर तक हॉकी और वुशु, पांच से आठ अक्टूबर तक वॉलीबॉल, 15 से 16 अक्टूबर तक आर्चरी, योगा और चेस, 24 से 27 अक्टूबर तक एथलेटिक्स, चार और पांच नवंबर को राज्यस्तरीय बैंड प्रतियोगिता होगी। 18 और 19 अक्टूबर को ताइक्वांडो, जुडो, बैडमिंटन, साइकिलिंग, बास्केटबॉल, टेबलटेनिस, 20 अक्टूबर को गटका, हैंडबॉल, वेटलिफ्टिंग, स्केटिंग, स्क्वाश, फेंसिंग, स्पीक टकराव प्रतियोगिता होगी। 20 और 21 अक्टूबर को कराटे, 21 अक्टूबर को बॉक्सिंग, टेनिस, नेटबॉल, मलखम्ब, जिमनास्टिक्स, शूटिंग, स्विमिंग प्रतियोगिता का आयोजन होगा। इन प्रतियोगिताओ में 47,508 खिलाड़ी शामिल होंगे।प्रमाण पत्रों की होगी विस्तृत जांच, त्रुटि पाए जाने पर होगी कार्रवाईआयु वर्ग 14-17-19 के प्रथम तीन स्थान प्राप्त करने वाले विजेताओं के आयु प्रमाण पत्रों की विस्तृत जांच की जायेगी। इसमें त्रुटि पाए जाने पर संबंधित खिलाड़ी, विद्यालय के प्रधानाध्यापक एवं शारीरिक शिक्षा के शिक्षकों के विरुद्ध विभागीय कार्रवाई की जाएगी। अन्यथा की स्थिति में अभिभावक की सहमति को आधार बनाकर अग्रेतर कार्रवाई सुनिश्चित की जाएगी।

# केकेआर तीसरी बार बना आईपीएल चैंपियन

## सन राईजर्स हैदराबाद 8 विकेट से फाइनल में हारी



**एजेंसी। चेन्नई**

आखिरकार गौतम गंभीर के मेंटोर बनते ही कोलकाता नाइट राइडर्स के पुराने दिन वापस आ गए और उन्होंने शानदार खेल दिखाते हुए आईपीएल इतिहास का अपना तीसरा खिताब जीत लिया। चेपॉक के मैदान पर पहले खेलने उतरी सनराइजर्स हैदराबद को कोलकाता के गेंदबाजों ने 113 रन पर ही रोक दिया। यह आईपीएल फाइनल इतिहास में बना सबसे न्यूनतम स्कोर भी रहा। जवाब में खेलने उतरी कोलकाता ने 11वें ओवर में ही जीत हासिल कर ली। बल्लेबाजी करते हुए गुरबाज ने 43 तो वेंकटेश अय्यर ने 51 रनों का योगदान दिया। यह कोलकाता नाइट राइडर्स की तीसरी खिताब जीत है। 2012 में कोलकाता ने चेन्नई सुपर किंग्स को 5 विकेट से तो 2014 में पंजाब को 3 विकेट से हराकर खिताब जीते थे। अब 10 साल बाद कोलकाता इतिहास दोहराने में सफल रही।

**सनराइजर्स हैदराबाद : 113-10 (18.3 ओवर)**

हैदराबाद ने 2 ओवर में ही गंवाए ओपनर्स : हैदराबाद के लिए सीजन में सबसे मजबूत पक्ष ओपनिंग जोड़ी रही है। लेकिन फाइनल मुकाबले में कोलकाता के आगे यह जोड़ी फेल हो गई। अभिषेक शर्मा को पहले ही ओवर में मिचेल स्टार्क ने पवेलियन की राह दिखाई तो वहीं, दूसरी ओवर फेंकने आए वैभव अरोड़ा ने ओवर की आखिरी गेंद पर ट्रेविस हेड को गुरबाज के हाथों कैच आऊट करा दिया। ट्रेविस एक बार फिर से गोल्डन डक हुए। इससे पहले क्वालिफायर में हेड स्टार्क की गेंद पर शून्य पर आऊट हो गए थे। स्कोरबोर्ड पर तब 6 ही रन थे।

**कोलकाता नाइट राइडर्स : 114-2 (10.3 ओवर)**

पावरप्ले में जोरदार शुरूआत : कोलकाता के सामने 114 रन का लक्ष्य था लेकिन उनकी शुरूआत अच्छी नहीं रही।

सुनील नरेन पहली गेंद पर छक्का लगाने के बाद अगली गेंद पर आऊट हो गए लेकिन ओपनर गुरबाज के साथ वेंकटेश अय्यर ने इसकी कमी कोलकाता को खलनी नहीं दी। दोनों ने पावरप्ले के दौरान आतिशी बल्लेबाजों की। वेंकटेश तो अलग ही रंग में नजर आए। उन्होंने नटराजन को आड़े हाथों लिया। जिससे पावरप्ले में कोलकाता की टीम 72 रन तक पहुंच गई।

वेंकटेश अय्यर की मैच विजेता फिफ्टी : 9वें ओवर में जब कोलकाता का स्कोर 102 हो चुका था तब ओपनर गुरबाज 32 गेंदों पर 5 चौके और 2 छक्कों की मदद से 39 रन बनाकर आऊट हो गए। लेकिन वेंकटेश ने बल्ला नहीं रोका और 24 गेंदों पर सीजन का अपना चौथा अर्धशतक भी पूरा किया। कप्तान श्रेयस अय्यर ने भी संक्षिप्त पारी खेलकर अपनी टीम का जीत दिलाई।

**दोनों टीमों की प्लेइंग 11**

**सनराइजर्स हैदराबाद :** ट्रैविस हेड, अभिषेक शर्मा, राहुल त्रिपाठी, एडेन मार्कराम, नितीश रेड्डी, हेनरिक क्लासेन (विकेटकीपर), शाहबाज अहमद, पैट कमिंस (कप्तान), भुवनेश्वर कुमार, जयदेव उनादकट, टी नटराजन

**कोलकाता नाइट राइडर्स :** रहमानुल्लाह गुरबाज (विकेटकीपर), सुनील नरेन, वेंकटेश अय्यर, श्रेयस अय्यर (कप्तान), रिंकू सिंह, आंद्रे रसेल, रमनदीप सिंह, मिशेल स्टार्क, वैभव अरोड़ा, हर्षित राणा, वरुण चक्रवर्ती।

# मलेशिया मास्टर्स का खिताब जीतने से चूकी पीवी सिंधु




**एजेंसी। कुआलालंपुर**

भारत की स्टार शटलर एवं दो बार की ओलंपिक पदक विजेता पीवी सिंधु मलेशिया मास्टर्स बैडमिंटन टूनार्मेंट का खिताब जीतने से चूक गईं। उन्हें रविवार को महिला एकल के फाइनल मैच में चीनी खिलाड़ी वांग झीयी से 21-16, 5-21 और 16-21 से हार का सामना करना पड़ा।

पीवी सिंधु ने फाइनल मैच में शुरूआत अच्छी की। उन्होंने पहला गेम 21-16 से अपने नाम किया। हालांकि, दूसरे गेम में सिंधु लय बरकरार नहीं रख सकीं। चीनी खिलाड़ी ने जबरदस्त वापसी करते हुए दूसरे गेम को अपने 21-5 से अपने नाम किया। तीसरे और अंतिम गेम में भी झियी ने सिंधु को हराकर जीत हासिल की। इस तरह सिंधु चीनी खिलाड़ी से 21-16, 5-21 और 16-21 से हार गईं।

शनिवार को खेले गए महिला एकल वर्ग के सेमीफाइनल मुकाबले में सिंधु ने थाईलैंड की बुसानन ओंगबामरुंगफान को 13-21, 21-16, 21-12 से शिकस्त देकर फाइनल में जगह बनाई थी। सिंधु ने एक साल से अधिक समय बाद अपने पहले बीडब्ल्यूएफ वर्ल्ड टूर फाइनल में जगह बनाई थी। उनकी आखिरी उपस्थिति अप्रैल में 2023 स्पेन मास्टर्स में थी, जहां उन्हें ग्रेगोरिया मारिस्का तुनजंग ने हराया था।

# पांच दिवसीय कराटे एवं किकबॉक्सिंग प्रशिक्षण शिविर का हुआ आयोजन



**नवीन मेल संवाददाता। गढ़वा**

26 मई 2024 से 30 मई 2024 तक हनुमान नगर छठ घाट सहिजना में कराटे प्रशिक्षण केंद्र में पांच दिवसीय प्रशिक्षण शिविर का आयोजन की शुरूआत की गई। इस शिविर के उद्घटनकर्ता सह मुख्य अतिथि सुबोध वर्मा अधिवक्ता सह गढ़वा जिला कराटे संघ वरीय उपाध्यक्ष ने खिलाड़ियों से परिचय प्राप्त कर शिविर का उद्घाटन किए। वही नगर परिषद प्रतिनिधि जितेंद्र सिन्हा सह गढ़वा जिला कराटे संघ अध्यक्ष व खेलकूद प्रतिनिधि ओम प्रकाश गुप्ता सह किक बॉक्सिंग संघ के अध्यक्ष विशिष्ट अतिथि के रूप में किक बॉक्सिंग खिलाड़ियों का उत्साहवर्धन किए। इस निःशुल्क प्रशिक्षण शिविर को मुख्य रूप से संचालित करेंगे मुख्य कोच सह प्रशिक्षक मनोज संसाइ । पहले दिन 30 खिलाड़ियों ने प्रशिक्षण शिविर में भाग लिया जिनके नाम निम्न प्रकार से हैं सविता कुमारी, झूलन कुमारी, प्रकृति आनंद देव, ओम आनंद देव ,कृष्णानंद देव, रूपा कुमारी, काजल तूफान ,श्रेया कुमारी, सुप्रिया कुमारी, समीर कुमार चौबे देवराज सिंह, साइन प्रवीण, अनमोल कुमार, अनन्या कुमारी, अदिति पांडे ,अनुराज पांडे, नंदनी कुमारी, हर्ष कुमार, सक्षम कुमार सुरुचि कुमारी, अमर कुमार, राजकुमार, आरूषी कुमारी, स्नेहा कुमारी, अभिजीत चौबे, एंजेल सचिन किस्पोटा ,अनन्या कुमारी, अराधना कुमारी, अक्षय कुमार श्रुति कुमारी। मौके पर उपस्थित रामनाथ रावत गुड्डू सोनी कमलेश साहू दीपक कुमार

## व्यापार/लाइफ व साइंस

# सैमसंग का लेदर डिजाइन वाला फोन हुआ लांच



**एजेंसी। नई दिल्ली**

सैमसंग नया स्मार्टफोन Galaxy F55 5G, 27 मई 2024 को लॉन्च होगा। फोन में क्लासी वीगन लेदर यूज किया गया है। अगर सैमसंग के फोन की बात करें, तो चाइनीज ब्रांड ने डिजाइन के मामले में काफी इंप्रूवमेंट किया है। चाइनीज ब्रांड ने 20 से 30 हजार रुपये के प्राइस प्वाइंट में वीगन लेदर डिजाइन पेश करके इंडियन स्मार्टफोन मार्केट में नया ट्रेंड सेट कर दिया था। ऐसे में सैमसंग भी 30 हजार रुपये से कम कीमत में नया स्मार्टफोन ला रहा है, जो वीगन लेदर डिजाइन में आएगा। ऐसे में सवाल उठता है कि क्या Galaxy F55 5G स्मार्टफोन चाइनीज स्मार्टफोन ब्रांड को टक्कर दे पाएगा।

सैमसंग गैलेक्सी एफ55 5G, दोपहर 12 बजे लॉन्च किया जाएगा। फोन दो कलर ऑप्शन ब्लैक और ऑरेंज में आएगा। फोन के किनारे की तरफ गोल्डन टच दिया गया है। कंपनी का मानना है कि यह फोन गेमचेंजर साबित हो सकता है। कंपनी का दावा है कि Galaxy F55 5G सेगमेंट का सबसे पतला वीगन लेदर वाला स्मार्टफोन होगा, जिसे 2024 में लॉन्च किया जाएगा। फोन को 29,999 रुपये के प्राइस में लॉन्च किया जा सकता है। हालांकि कंपनी ने कीमत का ऑफिशियल ऐलान नहीं किया है।

स्पेसिफिकेशन्सफोन में 12 जीबी रैम के साथ स्नैपड्रैगन 7 जेन 1 चिपसेट दिया जाएगा। फोन 120Hz सुपर एमोलेड डिस्प्ले के साथ आएगा। फोन 45w फास्ट चार्जिंग सपोर्ट के साथ आएगा। फोन चाल साल एंड्रॉइड अपडेट और 5 साल सिक्योरिटी अपडेट के साथ आएगा। फोन में इन-डिस्प्ले फिंगरप्रिंट सेंसर सपोर्ट दिया जाएगा। फोन में 50MP का मेन कैमरा, 5MP और 2MP के तीन कैमरे बैक में दिए जाएंगे, जबकि फ्रंट में 50टढ सेल्फी कैमरा दिया जाएगा। फोन में ड्यूल रिकॉर्डिंग कैमरा मिलेगा।

## खूब बिक रहे महंगे फ्लैट

**नई दिल्ली।** देश में अब लोग महंगे फ्लैट ज्यादा खरीद रहे हैं। यही वजह है कि अब बिल्डर भी लग्जरी यानी महंगे फ्लैट्स बनाने पर ज्यादा ध्यान दे रहे हैं। दरअसल देश में बीते जनवरी-मार्च तिमाही के दौरान सस्ते मकानों की बिक्री में गिरावट आई है। आंकड़ों के मुताबिक, देश के आठ प्रमुख शहरों में 60 लाख रुपये तक कीमत वाले सस्ते घरों की नई आपूर्ति 38 फीसदी तक घट गई है। यह घटकर 33,420 यूनिट रह गई है। अब बिल्डर भी लग्जरी फ्लैट ज्यादा बनाने लगे हैं। रियल एस्टेट के आंकड़ों का विश्लेषण करने वाली कंपनी प्रॉपइक्विटी की एक रिपोर्ट में यह जानकारी दी गई है।

# भारत में तेजी से बढ़ रही है ऑफ-रोडिंग कारों की मांग

**नई दिल्ली।** हमारा देश अपनी विविध भौगोलिक विशेषताओं के साथ ही ऑफ-रोडिंग के शौकीनों के लिए स्वर्ग से कम नहीं है। ऊंचे पहाड़ों से लेकर घने जंगलों और रेतीले टीलों तक, यहां हर किसी के लिए कुछ न कुछ है। ऑफ-रोडिंग कारें रोमांच और चुनौती का मिश्रण पेश करती हैं, जो उन्हें उन लोगों के लिए एक आकर्षक विकल्प बनाती हैं जो प्रकृति के करीब जाना चाहते हैं और अपनी ड्राइविंग क्षमताओं को टेस्ट करना चाहते हैं। ऑफ-रोडिंग कारों को मुख्य रूप से दो कैटिगरी में बांटा जाता है। जहां एसयूवी सबसे सामान्य ऑफ-रोडिंग कार है। वहीं, ऑफ-रोड ट्रक एसयूवी से बड़े और ज्यादा पावरफुल होते हैं। आइए, आपको टॉप 10 ऑफ-रोड गाड़ियों के बारे में बताते हैं।



### महिंद्रा थार

यह ऑफ-रोडिंग के शौकीनों के बीच सबसे पॉपुलर गाड़ी है। थार अपने पावरफुल इंजन, मजबूत चेसिस और किफायती दाम के लिए जानी जाती है।

### मारुति सुजुकी जिम्नी

यह छोटी एसयूवी अपनी कॉम्पैक्ट साइज और शानदार ऑफ-रोड क्षमताओं के लिए लोकप्रिय है। जिम्नी उन लोगों के लिए एकदम सही है।



# भीषण गर्मी में जमकर ट्रैवल कर रहे लोग, खूब हो रही बुकिंग



**एजेंसी। नई दिल्ली**

भारत में चिलचिलाती गर्मी से बचने के लिए इस साल ग्रीष्मकालीन यात्रा में सालाना आधार पर 40 फीसदी का उछाल आया है। इस दौरान आतिथ्य और यात्रा सेवाओं की जोरदार मांग देखने को मिल रही है। उद्योग से जुड़े लोगों का कहना है कि आम चुनावों का कॉरपोरेट बैठक, प्रोत्साहन, सम्मेलन और प्रदर्शनी (एमआईसीई) व्यवसाय पर मामूली प्रभाव पड़ा है। होटल के रिटेल कारोबार में इजाफा हो रहा है। लोग पसंदीदा अवकाश स्थल के लिए समुद्र तट के गंतव्य, पर्वतीय गंतव्यों के साथ प्रतिस्पर्धा कर रहे हैं। होटल एसोसिएशन ऑफ इंडिया के अध्यक्ष और रेडिसन होटल समूह के चेयरमैन (दक्षिण एशिया) के बी काचरू ने पीटीआई-भाषा को बताया, ह्यह्यदेश के उत्तरी हिस्से में रहने वाले लोग गर्मी से बचने के लिए पहाड़ों की ओर जाते हैं। शहरों से नजदीकी पर्यटन या अवकाश स्थलों की ओर भी आवाजाही होती है। उद्योग सूत्रों का अनुमान है कि इस साल गर्मियों की यात्रा में सालाना आधार पर 30 से 40 प्रतिशत की वृद्धि होगी।

**पिछले साल के मुकाबले आया उछाल**

मेकमाईट्रिप के सह-संस्थापक और समूह सीईओ राजेश मागो ने कहा कि यात्रा की योजना के लिहाज से गर्मी हमेशा साल की बड़ी तिमाही होती है और इस साल भी इस क्षेत्र में उछाल जारी है। मेकमाईट्रिप के ग्रीष्मकालीन यात्रा रुझानों के मुताबिक, 2023 की गर्मियों की तुलना में इस साल पारिवारिक यात्रा खंड में 20 प्रतिशत की वृद्धि हुई है, जबकि एकल यात्रा में सालाना आधार पर 10 प्रतिशत की वृद्धि हुई है। इस गर्मी में सबसे अधिक बुक किए गए अवकाश गंतव्यों के मामले में हिमाचल प्रदेश, कश्मीर, गोवा, केरल और पूर्वोत्तर जैसे पर्वतीय स्थल सबसे आगे हैं।

इन जगहों की खूब हो रही बुकिंग

रॉयल ऑर्किड होटल्स लिमिटेड के चेयरमैन और प्रबंध निदेशक चंदर के बालजी ने कहा कि चुनावों का कॉरपोरेट और एमआईसीई व्यवसाय पर मामूली प्रभाव पड़ सकता है, लेकिन समूह स्तर पर खुदरा कारोबार में सालाना आधार पर 20 प्रतिशत की वृद्धि हुई है। उन्होंने कहा कि पर्वतीय स्थलों के होटल, रिजॉर्ट और अन्य अवकाश स्थलों में अधिक मांग देखी जा रही है। ओयो के एक प्रवक्ता ने कहा कि कुल अवकाश बुकिंग में समुद्र तटों की हिस्सेदारी 53 प्रतिशत है, जो गर्मी के महीनों के दौरान भी तटीय स्थलों के प्रति एक मजबूत झुकाव को दशार्ता है।



### जीप रैंगलर

अमेरिकी कंपनी जीप ऑफ-रोडिंग दिग्गज रैंगलर अपनी अद्भुत क्षमताओं और स्टाइलिश लुक के लिए दुनियाभर में पॉपुलर है।

### फोर्स गुरखा

भारत में बनी यह ऑफ-रोड एसयूवी अपनी पावर और अग्रेसिव डिजाइन के लिए जानी जाती है। गुरखा उन लोगों के लिए एकदम सही है, जो चुनौतीपूर्ण इलाकों में जाना चाहते है।





### टाटा सफारी

टाटा की यह धांसू एसयूवी अपने पावरफुल इंजन, कंफर्टेबल इंटीरियर और किफायती दाम के लिए जानी जाती है। सफारी उन लोगों के लिए एकदम सही है, जो परिवार के साथ ऑफ-रोड यात्रा करना चाहते हैं।

## एक नजर

### समाजसेवी जफर इकबाल के निधन पर विधायक ने जताया शोक

**हुसैनाबाद।** लाल कोठा, मुस्लिम नगर डाल्टनगंज के समाजसेवी जनाब जफर इकबाल सिद्दीकी (नन्हे भाई बक्सा वाले) का शनिवार को इन्तकाल हो गया। उनका पैतृक घर हैदरनगर के दूबा गांव में है। उनके निधन की खबर से गांव में मातम सा माहौल है। उनके निधन की खबर पर हुसैनाबाद विधायक कमलेश कुमार सिंह, एनसीपी नेता विनय कुमार सिंह उर्फ बीनू सिंह ने गहरा दुःख का इजहार किया है। उन्होंने कहा कि नन्हे भाई से उनका पारिवारिक संबंध था। उनका निधन उनके लिए निजी क्षति है। इनके अलावा कांग्रेस के प्रदेश सचिव धनंजय तिवारी, जिला उपाध्यक्ष मसरूर अहमद, अफरोज अहमद सिद्दीकी, अवध बिहारी सिंह, नदीम खान, मुखिया अबू नसर सिद्दीकी, पूर्व मुखिया पंचम खान, नवाजिश खान, सज्जू खान, डा. नादिर रिजवी, डा. अमीनुक हक अंसारी, जियाउद्दीन खान, गुड्डू सिंह, विनय पासवान, हाजी मो. अब्बास अंसारी, जिशान हसन, कलामुद्दीन खान, मन्नान खान, इबरार अहमद, सद्दाम अहमद खान, हाजी नुरुल्लाह समेत अन्य सामाजिक राजनीतिक नेताओं ने गहरा दुःख व्यक्त करते हुए उनकी दिवंगत आत्मा की शांति के लिए ईश्वर से कामना की है।

### एनसीसी कैडेट्स की ट्रेनिंग 31 तक

**मेदिनीनगर।** शहर के चियांकी स्थित एमके डीएवी स्कूल में शुरू 10 दिवसीय एनसीसी कैडेट्स प्रशिक्षण कैंप में 517 कैडेट ट्रेनिंग ले रहे हैं। प्रशिक्षण 22 मई से प्रारंभ हुआ है जो 31 मई तक चलेगा। शिविर में प्रशिक्षण ले रहे कुल 517 कैडेट विभिन्न आठ स्कूल एवं कॉलेजों यथा जीएलए कॉलेज, वाईएसएनएम कॉलेज, एमके डीएवी स्कूल, गिरिविर प्लस-2 हाई स्कूल, ब्राह्मण प्लस-2 हाई स्कूल, जिला स्कूल एवं इंटर कॉलेज बालूमाथ से संबंधित हैं। ए, बी एवं सी सर्टिफिकेट का प्रशिक्षण प्राप्त कर कैडेट्स में 396 बालक एवं 121 बालिका हैं। एनसीसी के कमांडिंग आफिसर कर्नल अमिताभ मुखर्जी ने बताया कि एनसीसी भारतीय सेना की दूसरी लाइन है।

### ट्रक ने पीछे से स्कूटी सवार को कुचला, मौत

**पलामू।** मेदिनीनगर शहर के अतिव्यस्तम इलाकों में से एक डीसी बंगला के सामने कचहरी शहीद चौक पर एक ट्रक (सीजी 30 ई 2735) ने पीछे से एक स्कूटी (जे एच 03 एम 4442) सवार को कुचल दिया। इस घटना में स्कूटी सवार की मौत हो गई। घटना के बाद घटनास्थल पर कुछ देर के लिए जाम भी लगा, लेकिन बाद में पुलिस द्वारा डेड बॉडी उठा लेने पर यातायात समान्य में हो गया। मृतक की पहचान रेडमा के छेछानी टोला निवासी मिथिलेश तिवारी (70) के रूप में हुई है। मिथिलेश तिवारी झामुमो नेता दीपक तिवारी के रिश्तेदार थे। एमआरएमसीएच में पोस्टमार्टम करा कर डेड बॉडी परिजनों को सौंप दिया गया है।

## बोरिंग फेल, फिर भी लगा दिया गया जलमीनार

# बूंद-बूंद पानी के लिए तरस रहे सुड़ीवासी

- जल जीवन मिशन योजना फेल
- घरों तक पानी पहुंचाने के नाम पर लाखों की लूट
- शो पीस बना पांकी के सुड़ी गांव का जलमीनार
- नहीं मिल रहा है लोगों को पानी

संजीव कुमार प्रजापति



**सगालीम।** जिले के पांकी प्रखंड के सुड़ी पंचायत में जल जीवन मिशन योजना के तहत लगाए गए जलमीनार हाथी का दांत साबित हो रहा है। यहां बोरिंग करने में मनमानी किया गया है। बोरिंग फेल होने के बावजूद संवेदक के द्वारा जलमीनार लगा दिया गया है। बोरिंग में पानी नहीं होने के कारण स्थानीय लोगों को पानी नहीं मिल पा रहा है। लोग आज भी बूंद-बूंद पानी के लिए तरस रहे हैं। जानकारी के अनुसार जल जीवन मिशन योजना के तहत पांकी प्रखंड के सुड़ी गांव में लाखों की योजना से लोगों के घरों तक पाइप बिछाकर पानी पहुंचाने को लेकर बोरिंग कर जल मिनार लगाया गया, ताकि सभी के घरों तक पानी पहुंच सके। लेकिन यह जलमीनार एक सिर्फ दिखावा बनकर रह गया। जब से बोरिंग कर जलमीनार लगाया गया है, तब से लेकर आज तक एक बूंद भी पानी यहां नल से नहीं गिरी। गांव में युवा समाजसेवी सह पूर्व पंचायत समिति सदस्य संतोष चंद्रवंशी, मनोज पासवान, कलावती देवी, सीता कुंवर, घुनरी देवी आदि लोगों का कहना है कि बोरिंग फेल होने के बावजूद भी ठेकेदार के द्वारा जल मीनार बैठा दिया गया और कॉलम पूरा कर दिया गया। आलम यह है कि 6 माह से यह पानी टंकी का जल मीनार सरकारी शोभा बनकर रह गई है और लोग यहां पानी को तरस रहे हैं। गांव के लोगों ने पेयजल विभाग और संवेदक पर आरोप लगाते हुए कहा कि यहां पानी की विकराल समस्या है। आसपास के सारे कुएं-तालाब सूख चुके हैं। यहां के लोगों को पानी के लिए इधर-उधर भटकना पड़ रहा है। ग्रामीणों ने बताया कि बोरिंग और जल मीनार बैठाने में बड़े पैमाने पर धांधली बरती गई है। पंचायत के मुखिया पति लोकनाथ यादव, मुखिया पुत्र और उनके बिचौलियों के द्वारा काम कराया गया है। लोगों को घरों तक पानी पहुंचाने के लिए पाइप बिछाकर उनके घर के पास नल का कनेक्शन दिया गया है। ताकि लोगों को उस नल कनेक्शन से पानी मिल सके। लेकिन पाइप बिछाने और नल कनेक्शन देने में काफी अनियमितता बरती गई है। गुणवत्ता पूर्ण तरीके से काम नहीं किया गया। जिसका कारण हैं कि नल कनेक्शन जहां-तहां बर्बाद हो गया। लोगों का कहना है कि उन्हें उनके घरों तक पानी पहुंचाने के नाम पर धोखाधड़ी किया गया है। यहां सिर्फ सरकारी राशि का दुरुपयोग किया गया है। बोरिंग और जल मीनार लगाने में बड़े पैमाने पर कमीशन वसूली हुआ है। स्थानीय ग्रामीणों ने जल मीनार से घरों तक पानी पहुंचाने और दोषी संवेदक पर कार्रवाई की मांग जिला प्रशासन से किया है।

### नहीं मिला पानी, पहले ही खराब हो गई नल कनेक्शन

पांकी के सुड़ी गांव के लोगों का आरोप है कि उन्हें जल मीनार से नल कनेक्शन के द्वारा एक बूंद भी पानी नहीं मिला। पानी मिलने से पहले ही नल कनेक्शन खराब हो गया है। जहां-तहां नल कनेक्शन टूट फूट गया है। कई जगहों पर पाइप लाइन सही तरीके से नहीं बिछाया गया है। चारों ओर मनमानी किया गया है। गांव के युवा समाजसेवी सह पूर्व पंचायत समिति सदस्य संतोष चंद्रवंशी ने खराब हुए नल कनेक्शन दिखाते हुए कहा कि यहां ठेकेदार की मिलीभगत से मुखिया पति लोकनाथ यादव, मुखिया पुत्र और उनके बिचौलियों के द्वारा बोरिंग और जल मीनार लगाने का काम किया गया है। निर्माण कार्य ने गुणवत्ता का ख्याल नहीं रखा गया। नतीजा आज गांव में लगे नल कनेक्शन खराब पड़ा है। इसे देखने वाला कोई नहीं है। इस संबंध में सूडी मुखिया पति लोकनाथ यादव से दूरभाष के माध्यम से संपर्क करने के लिए कई बार कोशिश किया गया पर कॉल नहीं लग सका।

# पड़वा मोड़-औरंगाबाद मुख्य पथ पर टेंपो को पिकअप ने मारी टक्कर, सभी सवार हुए घायल

नवीन मेल संवाददाता



**नावाबाजार।** एनएच 98 पड़वा मोड़-औरंगाबाद मुख्य पथ स्थित सिंजो गांव के समीप तीखी मोड़ पर पैसेंजर सवार टेंपो गाड़ी को पीछे से आ रही पिकअप गाड़ी में ठोकर मारी। जिसमें अनियंत्रित होकर टेंपो पलट गई। गाड़ी में सवार सभी गंभीर रूप से घायल हो गए। स्थानीय लोगों ने घटना की सूचना नावाबाजार थाना प्रभारी चिंटू कुमार को दी। घटनास्थल पर पहुंचे पुलिस व स्थानीय लोगों के सहयोग से सभी घायलों को मेदिनीनगर स्थित मेदिनीराय मेडिकल कॉलेज एंड हॉस्पिटल बेहतर इलाज को भेज दिया गया। वहीं दुर्घटनाग्रस्त टेंपो गाड़ी को नावाबाजार पुलिस कब्जे में लेकर थाना ले गई है। जबकि ठोकर मारने वाली पिकअप गाड़ी फरार हो गई। थाना प्रभारी चिंटू कुमार ने कहा कि टेंपो गाड़ी सोहदाग खुर्द की बताई जाती है। सभी घायलों को इलाज के लिए मेदिनीनगर स्थित मेदिनीराय मेडिकल कॉलेज एंड हॉस्पिटल भेज दिया गया है। पुलिस अपने स्तर से घटना की जांच कर रही है। ठोकर मार कर भागने वाले पिकअप गाड़ी की शिनाख्त की जाएगी।

### अनमोल कॉम्प्लेक्स में मेगा मार्ट का हुआ शुभारंभ

**श्री बंशीधर नगर।** शहर के अनमोल कॉम्प्लेक्स में मेगा मार्ट का शुभारंभ किया गया। मार्ट का शुभारंभ विधायक भानू प्रताप शाही ने फीता काटकर किया। उस मौके पर विधायक ने कहा की मेगा मार्ट की शहर बहुत आवश्यकता थी। अब लोगों को एक छत के नीचे सभी आवश्यक समान मिलेंगे जो ग्राहकों के लिए अच्छा है। मेगा मार्ट के खुलने से शहरवासियों ने हर्ष व्याप्त है। मेगा मार्ट के प्रोपराइटर विश्वजीत देव और आदित्य देव ने बताया की शहर में मेगा मार्ट खोलने का मतलब ग्राहकों को एक ही जगह पर सभी सामग्री सस्ते दरों पर उपलब्ध कराना है।

## संवेदक व विभागीय लापरवाही के कारण योजना नहीं हुई शुरू

# नल जल योजना से लोगों को नहीं मिल पा रहा पानी

- गांव में पेयजल के लिए मचा हाहाकार

नवीन मेल संवाददाता



**नावाबाजार।** बढ़ती गर्मी व गिरते जलस्तर लोगों का जीना दुभर कर दिया है। जल जीवन मिशन के तहत हर घर पाइप-लाइन से पहुंचाई जाने वाली जल नल योजना गांव में केवल कहानी सुनाने को बन कर रह गया है। जनवरी 2023 में निविदा आमंत्रित कर संवेदक को स-समय कार्य पूरा करने की जिम्मेदारी सौंपी गई। लेकिन संवेदक के द्वारा कार्य में तेजी नहीं लाई गई। निविदा होने के लगभग 18 माह बाद भी आधा कार्य नहीं कराया जा सका। संवेदक की लापरवाही के कारण गांव में जैसे-तैसे बिछाई गई जल नल योजना केवल दिखावा मात्र बनकर रह गई है। इस पर ना तो विभाग गंभीर है और न ही संवेदक के द्वारा कार्य में रुचि दिखाई जा रही है। नतीजतन सरकार की अति महत्वाकांक्षी योजना स्वयं को मुंह चिढ़ा रही है। लोग पेयजल के लिए भटक रहे हैं।

नावाबाजार प्रखंड के बसना पंचायत स्थित चेचरिया गांव में जल जीवन मिशन के तहत हर घर तक पेयजल सुविधा उपलब्ध कराने के लिए पाइपलाइन बिछाई जानी है। संवेदक के द्वारा कार्य में रुचि नहीं दिखाई जा रही। गांव में जैसे-तैसे पाइप बिछाई जा चुकी है। लेकिन सप्लाई के लिए कहीं भी ना तो मोटर लगाए गए हैं और ना हीं कहीं पानी टंकी। ऐसे में योजना संवेदक और विभागीय अधिकारी की लापरवाही के कारण धरातल पर नहीं उतर पाई। पानी सप्लाई के लिए संवेदक के द्वारा कहीं भी डीप बोर नहीं किया गया। केवल नाम मात्र का 150-200 फीट गहराई बोरिंग कर सरकारी राशि की बंदरबांट किया जा रहा है। लोगों के द्वारा आग्रह किए जाने के बाद भी पाइप लाइन का प्वाइंट संवेदक के द्वारा नहीं दिया गया। जबकि कई ऐसे जगहों पर प्वाइंट छोड़े गए हैं जहां कोई घर भी नहीं। मानों जैसे खेत की प्यास बुझाने के लिए नल जल योजना लगाई जा रही है। इसकी शिकायत भी स्थानीय लोगों के द्वारा किया गया। लेकिन कोई कार्रवाई और न हीं संवेदक पर कार्य पूरा करने को लेकर दबाव बनाया जा रहा है। मेदिनीनगर स्थित विभागीय कार्यालय में शिकायत किए जाने के बाद कार्यालय के कर्मी व पदाधिकारी संवेदक की पक्ष में खड़े हो जाते हैं। बरसात कभी भी दस्तक दे सकता है ऐसे भी कार्य योजना प्रभावित होगा। लेकिन इसकी परवाह संवेदक और विभागीय अधिकारी किसी को नहीं है।

**जानकारी की मांग की :** नावाबाजार प्रखंड के बसना पंचायत में जल जीवन मिशन के तहत हर घर तक पेयजल योजना से संबंधित कार्य की विस्तृत जानकारी को लेकर स्थानीय लोगों के द्वारा सूचना का अधिकार अधिनियम 2005 के तहत जानकारी की मांग की गई थी। लेकिन विभाग के द्वारा समय पर सूचना उपलब्ध नहीं कराया गया। माह जनवरी में मांगी गई सूचना के पांच माह बाद आधा अधुरा सूचना उपलब्ध कराया गया। योजना संबंधित समुचित जानकारी के लिए एक बार फिर से अपील किया गया है।

## न्यूज बॉक्स

### हुसैनाबाद नगर पंचायत में कई जलमीनार खराब, पेयजल संकट गहराया, असंतोष



**हुसैनाबाद।** नगर पंचायत के वार्ड नंबर नौ में छह माह से **जलमीनार** खराब पड़ा है। जिससे पीने के पानी के लिए वार्ड वासियों को काफी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। लोग आधा किलोमीटर दूर से दूसरे वार्ड से पानी भरने के लिए विवश हैं। वहीं देवरी सोन नदी से नियमित पेयजलापूर्ति नहीं होने से लोगों की परेशानी बढ़ गई हैं। नगर पंचायत के निवर्तमान नगर पंचायत अध्यक्ष शशि कुमार ने बताया कि हुसैनाबाद सिटी के 16 वार्डों में जल मिशन योजना के तहत 35 जलमिनार लगाया गया था। परंतु विभागीय देखरेख के अभाव में आधे से अधिक खराब हो गया है। जबकि इसकी मरम्मती का कार्य संवेदक को ही देखना था। लेकिन **जलमीनार** लगाने के बाद ही खराब हो गये। जिसके कारण गर्मी में पेयजल संकट गहराने लगा है। यह **जलमीनार** छह माह से खराब पड़ा है। जबकि इससे वार्ड के अलावा राहगीर भी पानी पीते थे। उधर जेएमएम नेता सह सामाजिक कार्यकर्ता नेहाल असगर ने बताया कि इससे 500 की आबादी प्रभावित हो रही है। उन्होंने बताया कि कार्यपालक पदाधिकारी विपुल शन्नी से कई बार जानकारी देकर इसकी मरम्मती कराने की बात कहीं गयी थी। बावजूद इसके अबतक इसकी मरम्मत कार्य नहीं हो सका है। उन्होंने चेतावनी दी है कि इसकी शीघ्र मरम्मत नहीं कराया गया तो वे पलामू डिसी से मिलकर शिकायत करेंगे।

### खरौंधी उपस्वास्थ्य केंद्रों पर विभाग के कर्मचारी नहीं पहुंचे



**खरौंधी(गढ़वा)।** प्रखंड के ग्रामीण क्षेत्रों में खुले उपस्वास्थ्य केंद्रों पर विभाग के कर्मचारी नहीं पहुंच रहे हैं। प्रखंड के अधिकांश केंद्रों पर ताले लगे रहते हैं। इसकी पोल रविवार को तब खुली जब राजी मुखिया पति संतोष कुमार सिंह के साथ दर्जनों ग्रामीण उपस्वास्थ्य केंद्र राजी पहुंचे। ग्रामीणों को उपस्वास्थ्य केंद्र राजी पर ताले लटके मिले। इन केंद्रों पर तैनात एएनएम, सीएचओ गायब मिले। जिससे ग्रामीणों तथा पंचायत प्रतिनिधियों में आक्रोश व्याप्त है। अक्रोशित मुखिया पति संतोष कुमार सिंह ग्रामीण अमर प्रताप मेहता, अशोक पटेल, लालू मेहता, बबलू पटेल, संजय सिंह, नारेंद्र सिंह, चितरंजन मेहता, दीनानाथ उरांव ने बताया अस्पताल में कोई भी विभाग के कर्मचारी नहीं आते है। अक्सर यहां ताला लगा रहता है। जब से राजी उपस्वास्थ्य केंद्र पर सीएचओ अंजली पंडित का पदस्थापना हुआ है। तब से लेकर आज तक एक दिन भी सीएचओ केंद्र नही पहुंची है। जिसके चलते पंचायत के लोगो को इलाज के साथ आर्थिक दोहन हो रही है। पंचायत के दर्जनों ग्रामीण इलाज के लिए उपस्वास्थ्य केंद्र आते है। लेकिन उन्हें यहां कोई नहीं मिलता जिससे मजबूरी में इलाज के लिए उन्हे खरौंधी जाना पड़ता है। इलाज के लिए खरौंधी या अन्य किसी जगह पर जाने से वहां उनका आर्थिक दोहन किया जाता है। जबकि सरकार का उद्देश्य ग्रामीण क्षेत्रों में उपस्वास्थ्य केंदों के माध्यम से गरीब, असहाय, मजदूर, आदिवासी परिवारों को इलाज कराना था। लेकिन इन कर्मचारियों की लापरवाही की वजह से सरकार के उद्देश्य पूरा नहीं हो रहा है। साथ ही ग्रामीण क्षेत्रों में रहने वाले लोगो को इसका लाभ नहीं मिल पा रहा है। अक्रोशित ग्रामीणों ने विभाग के पदाधिकारियों से इसे मामले को गंभीरता से लेते हुए तत्काल जांच कर कार्रवाई करने की मांग किया है।

### मोटरसाइकिल दुर्घटना में एक व्यक्ति घायल

**गढ़वा।** गढवा मझिआँव सुंडीपुर मार्ग पर रविवार को खरसोता गांव के पास मोटरसाइकिल दुर्घटना में एक व्यक्ति गंभीर रूप से घायल हो गया। घायल व्यक्ति पलामू जिले के ऊंटरी रोड थाना क्षेत्र के सेमरी गांव निवासी महेंद्र शर्मा का पुत्र दीपक शर्मा बताया गया है। उसे इलाज के लिए सदर अस्पताल में भर्ती किया गया। जहां प्राथमिक उपचार के बाद उसकी गंभीर स्थिति को देखते हुए चिकित्सकों ने बेहतर इलाज के लिए रिम्स रेफर कर दिया घटना के संबंध में घायल के पिता महेंद्र शर्मा ने बताया कि दीपक शर्मा का चाचा प्रसाद शर्मा काफी बीमार था। उसे खरसोता अस्पताल में भर्ती किया गया था जहां उसकी गंभीर स्थिति देखते हुए उसे बेहतर इलाज के लिए चिकित्सकों द्वारा रेफर कर दिया गया था इसी दौरान प्रसाद शर्मा का रेफर पर्ची छूट गया था उसे एंबुलेंस में पहुंचने के लिए जा रहा था।इसी दौरान उसकी मोटरसाइकिल और नियंत्रित होकर दुर्घटनाग्रस्त हो गया घटना के बाद आसपास के लोगों के सहयोग से उसे मझिआँव सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में भर्ती कराया गया जहां प्राथमिक उपचार के बाद उसकी गंभीर स्थिति को देखते हुए गढ़वा सदर अस्पताल रेफर कर दिया।

## आस्था

## विष्णु मंदिर तोलरा का वार्षिकोत्सव, भक्तों ने की पूजा-अर्चना

# जय विजय के प्राण प्रतिष्ठा पर सुंदरकांड का पाठ और भजन कीर्तन

नवीन मेल संवाददाता



**विश्रामपुर।** प्रखंड के तोलरा गांव स्थित विष्णु मंदिर का पहला वार्षिकोत्सव धूमधाम से मनाया गया। दिन में भगवान विष्णु के द्वारपाल जय विजय की मूर्ति की प्राण प्रतिष्ठा भव्य भंडारा व 75+आयु वर्ग के बुजुर्ग को सम्मानित किया गया। रात्रि में मानस मंडली गढ़वा की टीम के द्वारा सुंदरकांड का पाठ संपन्न हुआ। मानस मंडली में 45 लोग हनुमान भक्ति व श्रीराम भक्ति में लीन दिखे मधुर आवाज में तीन घंटा तक मानस मंडली गढ़वा की टीम ने सबका मन अपने ओर आकर्षित किया। तीन दिन तक चले इस आयोजन में विष्णु मंदिर संचालन कमेटी के सभी सदस्यों ने कार्यक्रम को सफल बनाने को लेकर खूब पसीना बहाया। इतनी तपती धूप में कमेटी के सभी सदस्य शीतल पेयजल व फल लेकर सभी जरुरतमंद के लिए तत्पर दिखे। रात्रि सुंदरकांड में विश्रामपुर विधानसभा सह झारखंड विकास पार्टी के केंद्रीय अध्यक्ष विकास दूबे, गंगा कंस्ट्रक्शन के सहायक प्रोपराइटर सह पलामू के प्रसिद्ध समाजसेवी बबलू पांडेय, राजद के झारखंड प्रदेश महासचिव सह एडवोकेट पप्पू सिंह, आईएफएस ऋत्विका पांडेय के चाचा सुनील पांडेय सेवानिवृत पुलिस सब इंस्पेक्टर देवनारायण तिवारी, ग्रामीण सह पुलिस उपाधीक्षक सुनील तिवारी, ग्रामीण सह अंचलाधिकारी शिवपुजन तिवारी, एडवोकेट कमल तिवारी, सिद्धनाथ तिवारी, तोलरा पंचायत के मुखिया रोहित कुमार तिवारी, भाजपा नेता अमरेश तिवारी सहित विष्णु मंदिर संचालन समिति के अध्यक्ष सच्चिदानंद तिवारी, सचिव गोखूल तिवारी, कोषाध्यक्ष धनंजय तिवारी, संरक्षक विरेन्द्र तिवारी, सुमंत तिवारी, संजय तिवारी, प्रवक्ता राम निवास तिवारी, मुकेश तिवारी, अरुण त्रिवेदी, रविन्द्र तिवारी, धीरन तिवारी, राजेश तिवारी, अगस्त तिवारी, कौशल तिवारी, उपेन्द्र तिवारी, आलोक तिवारी, विष्णु मंदिर निर्माण कमेटी के अध्यक्ष तुलसी तिवारी, सचिव रासबिहारी तिवारी सहित सभी ने मिलकर मंदिर के वार्षिकोत्सव कार्यक्रम की सराहना करते हुए बधाई दी।

### डीलर पीएन प्रसाद पर लगा खाद्यान्न कटौती का आरोप

**डंडाई।** 100 ग्राम प्रति किलो खाद्यान्न कटौती करने का आरोप लगा डीलर पारस नाथ प्रसाद के खिलाफ उनके लाभुकों ने एम ओ यशवंत नायक के पास लिखित सिकायत किया है। डीलर पर नियम संगत करवाई करने को लेकर एम ओ को दिए आवेदन में उन्होंने लिखा है कि हम लोगों को जब से उनके द्वारा खाद्यान्न दिया जा रहा है तब से प्रति किलो 100 ग्राम खाद्यान्न की कटौती कर ली जा रही है ।काफी विरोध करने के बाद भी उनके द्वारा बिन कटौती किए हम लोगों को खाद्यान्न नहीं दिया जाता है। वहीं दिए आवेदन के माध्यम लाभुकों ने एम ओ को जानकारी दिया है कि एक नहीं दो तराजू के माध्यम वजन कर उनके द्वारा हम लोगों को खाद्यान्न देने का काम किया जाता है ।साथ ही लिखा है कि हम सभी के आवंटन को उनके बजाय दूसरे डीलर के पास देकर वितरण कराया जाए।

## पेज एक के शेष

### देर रात बंगाल के तट से टकराएगा रेमल


पूर्वोत्तर भारत के कुछ हिस्सों में 27-28 मई को अत्यधिक भारी वर्षा हो सकती है। तूफान के दस्तक देने के समय समुद्र में 1.5 से 2 मीटर ऊंची लहरें उठने की आशंका है जिससे तटीय पश्चिम बंगाल और बांग्लादेश के निचले इलाके डूब सकते हैं। मौसम विभाग ने मछुआरों को 27 मई की सुबह तक बंगाल की खाड़ी के उत्तरी भाग में समुद्र में न जाने की चेतावनी दी है। मौसम विभाग ने 26 और 27 मई को पश्चिम बंगाल के तटीय जिलों (दक्षिण और उत्तर 24 परगना) के लिए रेड अलर्ट जारी किया है। यहां कुछ स्थानों पर भारी बारिश होने का अनुमान है। चक्रवात की चेतावनी के कारण सियालदह और दक्षिण 24 परगना के नामखाना, काकद्वीप, सियालदह-उत्तर 24 परगना के हसनाबाद के बीच कई स्थानीय उपनगरीय ट्रेन सेवाएं रविवार आधी रात से सोमवार की सुबह के बीच रद्द कर दी गई हैं। दो दिन कोलकाता एयरपोर्ट से सभी उड़ानें रद्दतूफान रेमल के चलते कोलकाता एयरपोर्ट 26 मई और 27 मई को बंद रहेगा। इसके बाद इंडिगो, एयर इंडिया, स्पाइसजेट, इंडिगो ने कोलकाता से अपनी सभी फ्लाइटें रद कर दी है। समेत कई एयरलाइंस कंपनियों ने एडवाइजरी जारी की है। वहीं तूफान रैमेल को लेकर रेलवे सतर्क हो गया है। तूफान को लेकर दक्षिण पूर्व रेलवे ने रविवार को दीघा की ओर जाने वाली 08 ट्रेनों का परिचालन रद कर दिया है। जबकि एक ट्रेन को शॉट टर्मिनेट और एक ट्रेन को शॉट ओरिजनेट कर चलाने का निर्णय लिया है।







## यह चुनाव रामभक्तों पर गोली चलाने वाले और राम मंदिर बनाने वाले के बीच : शाह



**पटना/भभुआ।** केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह ने बिहार के काराकाट संसदीय सीट से उपेंद्र कुशवाहा के पक्ष में चुनावी जनसभा करते हुए कहा कि लालू यादव से पूछता हूं कि 10 साल आपकी और सोनिया-मनमोहन की सरकार चली। आपने बिहार को केवल 02 लाख 80 हजार करोड़ दिया जबकि नरेन्द्र मोदी ने 14 लाख 24 हजार करोड़ बिहार को विकास के लिए दिया। यह चुनाव रामभक्तों पर गोली चलाने वाले और राम मंदिर बनाने वाले के बीच में है। अमित शाह ने उपस्थित जनता से पूछा कि आप बताएं कि आपको रामभक्तों पर गोली चलाने वाले के साथ रहना है या राममंदिर बनाने वाले के साथ रहना है। मोदी को तीसरी बार प्रधानमंत्री बनाने का मतलब है देश को विश्व में तीसरे नंबर का अर्थतंत्र बनाना। कहा, कांग्रेस कहती है कि पाकिस्तान के पास एटम बम है, उससे पीओके मत मांगों। मैं राहुल गांधी को कहना चाहता हूं पीओके भारत का है, रहेगा और हम उसको लेकर रहेंगे।

# परिवार का कुनबा बचाने के लिए लड़ रहे रामद्रोही : मोदी

एजेंसी

**गोरखपुर।** भाजपा के वरिष्ठ नेता एवं प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने रविवार को देवरिया और बांसगांव लोकसभा क्षेत्रों की संयुक्त जनसभा में सपा पर करारा हमला बोला। प्रधानमंत्री मोदी ने कहा कि सपा अपने परिवार का कुनबा बचाने के लिए चुनाव लड़ रही है। इन्हें केवल परिवार की ही चिंता है। प्रधानमंत्री ने कहा कि इंडी जमात वालों ने वोटबैंक के लिए राम मंदिर को ठुकरा दिया। सपा वाले राम मंदिर को अपवित्र कहते हैं। इसलिए राम को गाली देने वालों को एक भी सीट पूर्वांचल में नहीं मिलनी चाहिए। मोदी ने बांसगांव में आयोजिन जनसभा में कहा कि छठे चरण के मतदान ने इंडी गठबंधन के छक्के छुड़ा दिए हैं, अब सातवें चरण में इंडी वालों पर पूर्वांचल का प्रहार होगा और पूर्वांचल का प्रहार जिस पर हुआ, वो मैदान से बाहर जाकर गिरता है। इंडी जमात कह रही है, हम आएंगे तो जम्मू-कश्मीर में फिर से 370 लगाएंगे, ये शरणार्थियों को भारतीय नागरिकता देने वाले कानून सीएए को रद्द करेंगे।

**कांग्रेस और सपा का तुष्टीकरण घातकः** प्रधानमंत्री ने कहा कि कांग्रेस व सपा का तुष्टीकरण घातक है। कुछ ताकतें ऐसी भी हैं, जिन्हें भारत की प्रगति से पेट में दर्द हो रहा है। पाकिस्तान में सपा-कांग्रेस के इंडी गठबंधन के लिए दुआ पढ़ी जा रही है। सीमा पार से जिहादी उन्हें समर्थन दे रहे हैं। यहां सपा-कांग्रेस वाले वोट जिहाद की अपील कर रहे हैं। इनका मुद्दा देश का विकास नहीं, ये भारत को कई दशक पीछे ले जाना चाहते हैं। प्रधानमंत्री ने कहा कि वह दिन दूर नहीं जब यूपी में ब्रह्मोस मिसाइल बना करेगी। कई देशों में ब्रह्मोस मिसाइल की मांग रही है, लेकिन कांग्रेस ने उनके सामने भी रोड़े अटकाए। इंडी वाले चाहते हैं, भारत रक्षा क्षेत्र में न आत्मनिर्भर बने और न ही भारत में हथियार एक्सपोर्ट करने की क्षमता पैदा हो। ये इंडी वाले चाहते हैं कि विदेशी हथियारों की डील होती रहे और इनकी दलाली आती रहे।

**गांडेय उपचुनाव**

### नरेंद्र मोदी की गारंटी पर लोगों को विश्वास तीसरी बार मोदी बनेंगे प्रधानमंत्री : जयशंकर

**वाराणसी।** भाजपा के वरिष्ठ नेता एवं विदेश मंत्री एस. जयशंकर ने कहा कि विकसित भारत की बात करते हुए देश



अगर आगे बढ़ रहा है तो इसमें शिक्षकों की जिम्मेदारी बढ़ जाती है। शिक्षक आने वाली पीढ़ी को शिक्षित करते हैं। दो दिवसीय दौरे पर वाराणसी आए जयशंकर रविवार को शिक्षा के साथ सशक्तीकरण : बेहतर कल के लिए शिक्षण विषयक कार्यक्रम को संबोधित कर रहे थे। पूर्वांचल स्कूल ऑफ वेलफेयर एसोसियेशन की पहल पर सनबीम वरुणा में आयोजित कार्यक्रम में जयशंकर ने देश में शिक्षकों की भूमिका का उल्लेख किया। उन्होंने कहा कि आज मोदी सरकार के चलते भारत देश की प्रतिष्ठा विदेशों में काफी बढ़ी है। यह गर्व की बात है। भारत की विदेश नीति भी चर्चा में है। कार्यक्रम के बाद विदेश मंत्री ने अपने सोशल मीडिया पर लिखा कि बेहतर कल के लिए शिक्षा-शिक्षण के साथ सशक्तीकरण विषय पर वाराणसी के शिक्षकों और छात्रों के साथ बातचीत करके खुशी हुई।

## भाजपा के लिए संविधान बहाना, आरक्षण निशाना

**वाराणसी।** कांग्रेस नेता पवन खेड़ा ने रविवार को वाराणसी में भाजपा और पीएम मोदी पर बड़ा हमला बोला। पीएम मोदी के संसदीय क्षेत्र वाराणसी में प्रेस कॉन्फ्रेंस को संबोधित करते हुए पवन खेड़ा ने कहा कि देश में इंडिया गठबंधन की आंधी चल रही है। उन्होंने कहा कि काशी के लोगों के साथ धोखा हुआ है। पीएम मोदी वोट वाराणसी के लोगों का लेते हैं और काम गुजरात का कर रहे हैं। इंडिया गठबंधन अभी तक के चुनाव में 272 सीटों का आंकड़ा पार कर चुका है, अब जो मिलेगा, वो बोनस मिलेगा। समाजवादी



पार्टी (सपा) प्रमुख अखिलेश यादव को प्रधानमंत्री बनाने के सवाल पर उन्होंने कहा कि हर पार्टी के नेताओं का अधिकार है कि अपने नेता को बड़े पद पर काबिज होता देखें।

## आरक्षण व संविधान को खतरा नहीं, 350 सीटों पर कर चुके हैं जीत दर्ज : चिराग पासवान

**पटना।** लोकसभा चुनाव के रण में जारी बयानबाजियों के बीच चिराग पासवान ने कांग्रेस अध्यक्ष खड़गे, राहुल गांधी और राजद नेता तेजस्वी यादव को निशाने पर लिया है। उन्होंने कहा है कि बिहार के लोग इनका साथ नहीं देने वाले हैं। कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे और राहुल गांधी के बिहार दौरे पर चिराग पासवान ने कहा कि हमने जब इन्हें आईना दिखाया, तो इन्हें बिहार की याद आई। इन लोगों को अब बिहार और बिहारियों की चिंता हुई। सातवें चरण में इन लोगों ने बिहारियों की सुध लेने की सोची




है। क्या मूर्ख हैं हम लोग, क्या हमें नहीं समझ आता है कि छह चरण तक बिहार और बिहारियों की अनदेखी की गई। उन्होंने कहा कि अगर आपको जरूरत नहीं है, तो बिहारी आपका साथ देने वाला नहीं है। आखिरी में आकर अगर आप सोचिएगा कि बिहार और बिहारी आपका साथ देगा, तो ये कतई नहीं होने वाला है। फैसला पहले ही तैयार हो चुका है, चार तारीख को बस औपचारिक ऐलान होना है। देश भर में अभी तक हम 350 सीटों पर जीत दर्ज कर चुके हैं। बिहार की सभी 40 सीटों पर एनडीए की जीत की औपचारिक घोषणा चार जून को होना बाकी है। तेजस्वी यादव की ओर से प्रधानमंत्री मोदी को पत्र लिखने पर चिराग पासवान ने कहा कि वह पत्र लिखें, मगर ये जान लें कि आरक्षण को लेकर एनडीए के तमाम घटक दलों की नीति स्पष्ट है। देश में आरक्षण हो या संविधान, किसी को खतरा नहीं है। ये लोग डराने का प्रयास कर रहे हैं, लेकिन बिहारी डरने वाला नहीं है और न ही भ्रमित होने वाला है। तेजस्वी यादव पर हमला बोलते हुए उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी किसी को डराने की सोच के साथ नहीं बात करते हैं। तेजस्वी पर जो कार्रवाई हो रही है, वह न्यायिक प्रक्रिया है।

## भारत में अलगाववादी राजनीति हावी : प्रियंका

एजेंसी

**चंडीगढ़।** कांग्रेस महासचिव प्रियंका गांधी ने रविवार को पंजाब के पटियाला व फतेहगढ़ साहिब में कहा कि आज हमारे देश में अलगाववादी राजनीति हावी है। यह सिर्फ फायदा उठाने वाली राजनीति है। सत्ता के लिए कुछ भी किया जा सकता है।

उन्होंने इंडी सरकार का रोडमैप जारी करते हुए कहा कि हर गरीब परिवार में जो सबसे बड़ी महिला है, उसके खाते में हर साल 1 लाख रुपया सरकार डालेगी। हर महीने 8500 रुपये डाले जाएंगे। 50 प्रतिशत सरकारी रोजगार



महिलाओं को दिए जाएंगे। उन्होंने कहा कि कोई भी सरकार आए, ये अधिकार आपको मिलेगा। अगर खेतों में नुकसान होगा तो गारंटी देते हैं, महीने में पैसा किसानों के खातों में आएगा।

**'मुजरा' शब्द पर बवाल**

### कांग्रेस अध्यक्ष ने कहा चुनाव जनता बनाम मोदी

## पीएम ने बिहार की जनता को किया अपमानित : खरगे

- *बिहार की जनता भाजपा को उसकी औकात बताएगी, मोदी तानाशाह व लोकतंत्र विरोध*

एजेंसी

पटना (बिहार)। कांग्रेस के राष्ट्रीय अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे ने रविवार को कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने बिहार में एक चुनावी रैली में विपक्षी नेताओं के लिए 'मुजरा' शब्द का इस्तेमाल किया। यह सही नहीं है। मोदी ने बिहार की धरती पर ऐसे शब्द का इस्तेमाल किया यानी मोदी का कहना है कि बिहार में मुजरा होता है। यह बिहार और उसके मतदाताओं का अपमान है। मोदी की ऐसी अमर्यादित टिप्पणी को बिहार बर्दाश्त नहीं करेगा। खरगे बिहार के सासाराम लोकसभा क्षेत्र से इंडी गठबंधन के उम्मीदवार मनोज कुमार के पक्ष में एक चुनावी रैली को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि खुद को तीसमारखां मानने वाले मोदी नहीं जानते है कि वह गलतफहमी में हैं। असली तीसमारखां तो बिहार की जनता है, जो चुनाव परिणाम में भाजपा को उसकी औकात बताएगी। कांग्रेस अध्यक्ष ने कहा कि नरेन्द्र मोदी एक तानाशाह हैं। मोदी यदि तीसरी बार पीएम बने तो लोगों को कुछ भी कहने की इजाजत नहीं होगी। खरगे ने कहा कि यह चुनाव मूलतः जनता बनाम मोदी है। राहुल बनाम मोदी नहीं। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री होने के नाते हम उनका सम्मान करते हैं लेकिन मोदी कांग्रेस नेताओं का सम्मान नहीं करते। लोकसभा चुनाव के सातवें और अंतिम चरण में एक जून को बिहार में सासाराम, नालंदा, पटना साहिब, पाटलिपुत्र, आरा, बक्सर, काराकाट और जहानाबाद लोकसभा क्षेत्रों में मतदान होना है।



### अग्निवीर योजना को करेंगे खत्मः राहुल

**ऊना।** कांग्रेस के वरिष्ठ नेता राहुल गांधी ने रविवार को हिमाचल प्रदेश के ऊना में कहा कि हमें दो तरह की सेना नहीं चाहिए। अग्निवीर योजना आने के बाद अब सेना की दो श्रेणी हो गई है, एक जवान को देश के लिए बलिदान देने पर शहीद का दर्जा है, जबकि अग्निवीर को नहीं। अग्निवीर के परिवार को दूसरे जवानों की तर्ज पर सुविधाएं भी नहीं हैं। आईएनडीआईए की सरकार आने पर अग्निवीर योजना को बंद कर दिया जाएगा। हिमाचल प्रदेश के युवा को पहले की तरह सेना में जाने के अवसर मिलेंगे।

## तेजस्वी यादव को मुस्लिमों की फिक्र नहीं : असदुद्दीन ओवैसी

- *अतीक अहमद पर गोलियां चलाई गईं, क्या इनकी औलादों पर गोलियां दागी गईं?*

एजेंसी

**पटना।** बिहार की राजधानी पटना में रविवार को एआईएमआईएम प्रमुख असदुद्दीन ओवैसी ने चुनावी जनसभा को संबोधित करते हुए राजद नेता तेजस्वी यादव पर जोरदार हमला बोला। उन्होंने कहा कि मोदी सरकार के दस सालों में किसी को सबसे ज्यादा नुकसान हुआ तो मुस्लिम समाज का हुआ है। क्या लालू यादव का बुलडोजर से घर तोड़ा गया?



बुलडोजर तो मेरे घर पर चला। उन्होंने कहा कि अतीक अहमद पर गोलियां चलाई गईं, क्या इनकी औलादों पर गोलियां दागी गईं? मोहम्मद शहाबुद्दीन को दफनाने के लिए सिवान की सरजमीं नसीब नहीं हुई। हम लोगों पर जुल्म हुआ। क्या इन लोगों की बेटियों से हिजाब खींचा गया? हमारे धर्म को गालियां दी गईं, ये किसने किया? ओवैसी ने बड़ा आरोप लगाते हुए कहा कि बिहार में सौ साल का मदरसा जला दिया गया, बताइए ये किसने किया। अगर तेजस्वी यादव को मुस्लिम वोटों की फ्रिक थी, तो उन्हें उस जले हुए मदरसे का मुआयना करने जाना चाहिए था। लेकिन, वह नहीं गए। सिवान के एक सात साल के बच्चे की मां पुकारती रही कि मेरा बेटा सात साल का है, इसे जेल मत भेजो। वो मां सात दिन तक सिवान की जेल के सामने बैठकर तेजस्वी से कहती रही कि मेरे बच्चे को जेल जाने से बचा लो।

KASHYAP'S DENTAL CLINIC
Dr. Vaibhav Kashyap
Oral & Dental Surgeon, C.c. Endodontist &
Implantologist Certified Orthodontist, MIDA
" Smiles & More"
छात्र-छात्राओं के लिए
50% की छूट



Facilities
❖ आरसीटी
❖ पायरिया का ईलाज
❖ टेढ़े-मेढ़े दाँतों का ईलाज
❖ स्माईल डिजाइन
❖ इनविजिवल क्लिप
❖ दंत रोपण
❖ फिक्स दाँत लगाना
❖ अत्याधुनिक मशीन और तकनीक के द्वारा ईलाज

CHAMBER
SKYLINE - 4006, 4th Floor, Kadru, Opp. Dr. Lal's Hospital, Ranchi
Contact No. : 9199533383, 7903835453
Time : 9 am to 2 pm & 4 pm to 8 pm
Sunday : 9 am to 2 pm
E-mail : vaibhav.kashyap2011@gmail.com